सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
31.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित     सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी , संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 316

12 खड़गे बोले- सभी दलों की सहमति से चुना जायेगा पीएम

### न्यूज डायरी

#### खाई में गिरी बस, 21 तीर्थयात्रियों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस गुरुवार को शहर के बाहरी इलाके अखनूर में कालीधार के पास गहरी खाई में गिर गयी। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गयी। यूपी की यह बस जम्मू से शिवखोरी तीर्थस्थल की ओर जा रही थी।

#### हेमंत समेत 11 की बढ़ी न्यायिक हिरासत अवधि

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में शामिल पूर्व सीएम हेमंत सोरेन समेत 11 की न्यायिक हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ा दी। अगली पेशी 13 को होगी।

#### मंत्री आलम को कोर्ट ने भेजा होटवार जेल

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम को ईडी रिमांड अवधि खत्म होने पर गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। उनकी अगली पेशी अन्य आरोपियों के संग एक को होगी।

#### पेटरवार के अमृत सरोवर में तीन बच्चे डूबे, मौत

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के अमृत सरोवर में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गयी। तीनों की उम्र लगभग 8 से 11 वर्ष के बीच थी। सदमा कला पंचायत के दो अलग अलग घरो के तीनों बच्चे बुधवार को घर से खेलने निकले थे, जो अचानक गायब हो गये। गुरुवार को उनका शव मिला।

### झारखंड में प्रचंड गर्मी और लू से जीना मुहाल

# जानलेवा बनी गर्मी एक ही दिन 4 की मौत

## सरायकेला में दो, पलामू और गिरिडीह में एक-एक ने दम तोड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मानसून के आने से पहले गर्मी ने कहर बरपा रखा है। तेज धूप व लू से जहां लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। 24 में से 18 जिलों में प्रचंड गर्मी का असर इंसान के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी दिखने लगा है। लू की चपेट में आ कर एक ही दिन गुरुवार को चार लोगों की मौत की खबर है। गिरिडीह जिले में एक बिरहोर, सरायकेला में दो और पलामू के हुसैनाबाद के देवरी कला गांव में एक महिला की मौत हो गयी। दो दिन के भीतर पलामू में चार लोगों की मौत खबर है। वहीं गिरिडीह जिले में सैकड़ों चमगादरों भी मौत हो गयी। राज्य में इस गर्मी से एक-दो दिन राहत की उम्मीद भी नहीं है। गुरुवार को पलामू का पारा 47.4, गढ़वा 47.1, सरायकेला 46, लोहरदगा-गुमला 44 पार, रांची और जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। एक जून के बाद झारखंड में कुछ राहत की उम्मीद है।

**सरायकेला में गर्मी का रौद्र रूप :** सरायकेला का तापमान 46 डिग्री से अधिक है। लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। लू के कारण दो लोगों की जान चली गयी है। भीषण गर्मी से लू की चपेट में आने से सरायकेला सदर अस्पताल में गुरूवार को तीन लोगों को भर्ती कराया गया। इनमें से दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक का इलाज चल रहा है। (शेष पेज 11 पर)



### केरल पहुंचा मॉनसून, कई शहरों में झमाझम बारिश

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने केरल में दस्तक दे दी। मौसम विभाग ने मॉनसून के पूर्वोत्तर राज्यों की ओर बढ़ने के संकेत दिये हैं। कोट्टायम जिले के कई हिस्सों में मानसून से बारिश झमाझम बारिश हुई। भीषण गर्मी से अब झारखंड के लोगों कों राहत की उम्मीद बढ़ी है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार 10 से 12 जून तक मानसून झारखंड में भी दस्तक दे सकता है।

### दो दिनों में पलामू में पांच की मौत

पलामू में प्रचंड गर्मी व गर्म हवाओं की लू का प्रकोप जारी है। गुरुवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी कला गांव की राजू राम की पत्नी सांता देवी की मौत हो गयी। लू की चपेट में आने के बाद उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिछले दो दिन के भीतर पलामू में यह पांचवी मौत है। बुधवार को मेदिनीनगर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव विकास कुमार की तबीयत खराब हुई। इलाज के लिए बुधवार की देर शाम अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वहीं पाटन के रहने वाले मुनेश्वर भुइंया की भी मौत लू लगने से हो गयी। वहीं कानपुर से पलामू आये अनिल कुमार अवस्थी की भी मौत लू लगने से हो गयी। वे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़े थे। आननपफानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। बुधवार को ही रेलवे स्टेशन के पास लू लगने से एक अज्ञात बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी है।

## प्रचार खत्म, ध्यान लगाने मोदी पहुंचे कन्याकुमारी



**नयी दिल ली।** गुरुवार को 7वें चरण के चुनाव प्रचार थमते ही पीएम मोदी शाम को कन्याकुमारी पहुंच गये। सबसे पहले उन्होंने भगवती देवी अम्मन मंदिर (कन्याकुमारी मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद विवेकानंद शिला जाकर एक जून तक ध्यान लगायेंगे। इस अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिए मतदान शनिवार को होगा। इनमें बिहार की नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम (सु), काराकाट और जहानाबाद सीट भी शामिल है। उसी दिन ओड़िशा विधानसभा के चौथे और अंतिम चरण में 42 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा।

## झारखंड की तीन सीटों पर कल मतदान

### सीता, नलिन, निशिकांत, प्रदीप, विजय, ताला की प्रतिष्ठा दावं पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के सातवें और झारखंड की चौथे तथा अंतिम चरण में राज्य की तीन लोकसभा सीटों राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को मतदान होगा। गुरुवार की शाम इन तीन सीटों के लिए प्रचार प्रसार थम गया। अब प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से वोट करने की अपील करेंगे। इन तीनों सीटों पर मतदान को लेकर चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। संताल की इन तीनों सीटों के लिए पीएम मोदी समेत भाजपा के तमाम हुंकार भर चुके हैं। वहीं, विपक्ष की ओर से कल्पना सोरेन, सीएम चंपई सोरेन समेत कांग्रेस की की ओर से बादल पत्रलेख, राजेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता समेत कई नेताओं ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने को ले जनसभाएं की हैं।

**दावं पर लगी है इनकी प्रतिष्ठा**

अंतिम चरण के चुनाव में गोड्डा से भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे, कांग्रेस से प्रदीप यादव समेत 16 प्रत्याशी मैदान में है। दुमका से भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन और राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो के विजय हांसदा, भाजपा के ताला मरांडी और निर्दलीय में झामुमो के बागी प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम मैदान में हैं। इन सभी की किस्मत एक जून को इवीएम में कैद हो जायेगी।

**तीन सीटों पर 52 उम्मीदवार**

सातवें चरण के लिए तीनों संसदीय सीटों पर 52 उम्मीदवार हैं। वोटिंग सुबह सात से शाम पांच बजे तक होगी। तीनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोड्डा, राजमहल और दुमका में कुल मतदाताओं की संख्या 53,23,886 है। उनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। वहीं कुल बूथों की संख्या 6258 है। इनमें से 489 बूथ शहरी इलाके में और 5769 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 241 बूथों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी, जबकि 7 बूथों पर दिव्यांग और 11 पर युवा मतदान की सारी व्यवस्था संभालेंगे। 18 बूथ यूनिक हैं।

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

PRNO 325215 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

# सातवें चरण के चुनाव में गोड्डा, राजमहल और दुमका के 53,23,886 मतदाता चुनेंगे अपने-अपने सांसद

## तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर मतदाता

### सातवें चरण का प्रचार खत्म 1 जून को होगा दिनभर मतदान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के चुनाव के तहत एक जून को गोड्डा, राजमहल और दुमका में होने वाले मतदान के लिए प्रचार थम चुका है। चुनाव प्रचार आदि कार्यों को लेकर बाहर से उस क्षेत्र में गये लोगों का वहां से निकलना भी शुरू हो चुका है। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में प्रेस से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए बाइक सवार क्विक रिसपांस टीम की भी तैनाती की गयी है। पूर्व में कुछ क्षेत्रों में नक्सली गतिविधि थी, लेकिन वर्तमान में इलाके में नक्सली गतिविधि का कोई खुफिया इनपुट नहीं है। दुमका के तीन बूथों को बदला गया है। मतदानकर्मी शुक्रवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे और शनिवार को मतदान के बाद सभी मतदानकर्मी वापस लौट जाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार दिनभर मतदान होगा, इसलिए सभी मतदाता मतदान जरूर करें।

**महिलाओं के हाथों में होगी 241 बूथों की कमान**

उन्होंने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोड्डा, राजमहल और दुमका में कुल मतदाताओं की संख्या 53,23,886 है। उनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। वहीं कुल बूथों की संख्या 6258 है। इनमें से 489 बूथ शहरी इलाके में और 5769 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 241 बूथों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी, जबकि 7 बूथों पर दिव्यांग और 11 पर युवा मतदान की सारी व्यवस्था संभालेंगे। 18 बूथ यूनिक हैं।



**राजमहल में होंगी निणार्यक महिलाएं**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 17,04,671 मतदाता एक जून को मतदान में हिस्सा लेंगे। इनमें 8,51,165 पुरुष, 8,53,496 महिला और 10 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2020 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 127 शहरी क्षेत्र में और 1893 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 166 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे। इसी तरह 3 बूथ दिव्यांगों द्वारा और 6 बूथ युवाओं द्वारा संचालित किये जाएंगे। यहां के 5 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं।

**गोड्डा में 3 बूथों पर दिव्यांग और दो पर युवाओं को कमान**

गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 20,28,154 मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। इनमें 10,50,328 पुरुष, 9,77,809 महिला और 17 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2347 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 257 शहरी क्षेत्र में और 2090 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 5 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे। इसी तरह 3 बूथ दिव्यांगों द्वारा और 2 बूथ युवाओं द्वारा संचालित किये जाएंगे। यहां के 2 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं।

### दुमका के 70 बूथों को चलायेंगी महिलाएं

दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 15,91,061 मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। इनमें 7,99,045 पुरुष, 7,92,010 महिला और 6 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1891 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 105 शहरी क्षेत्र में और 1786 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 70 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे। इसी तरह 1 बूथ दिव्यांगों द्वारा और 3 बूथ युवाओं द्वारा संचालित किये जाएंगे। यहां के 11 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं।

## खबर एक नजर में

### दो जून को दुमका गोड्डा से चलने वाली ट्रेनें देर से रवाना होंगी

**रांची।** रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों के परिचालन देर से किया जायेगा। इस संबध में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन में लेवल क्रॉसिंग धरहरा और मधुसू स्टेशन के बीच सीमित ऊंचाई वाले सबवे का निर्माण चल रहा है। इस कार्य के लिए दो जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक छह घंटे के लिए इस रूट पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रहेगा। जिसके चलते यहां से गुजरने वाली 44 मेल एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में से तीन ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। जबकि कुछ अन्य ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिनेट और रीशेड्यूल करने का निर्णय लिया गया है। 13334 पटना दुमका एक्सप्रेस को पटना से निर्धारित प्रस्थान समय से पांच घंटे देरी से शुरू करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। 12335 गोड्डा लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को गोड्डा से निर्धारित प्रस्थान समय से 4 घंटे देरी से शुरू करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। 13333 और 13334 पटना दुमका पटना एक्सप्रेस को भागलपुर से ही शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिनेट किया जायेगा।

### मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में मध्यस्थो के साथ बैठक, दिये गये दिशा-निर्देश

**रांची ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मीटिंग हॉल, व्यवहार न्यायालय में गुरूवार को मध्यस्थ के साथ बैठक की गई। झालसा कैलेंडर के अनुसार मासिक बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, चंदन कुमार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, चंद्रभानु, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एवं मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव,मनीषा रानी, एल के गिरी,नीलम शेखर, कुंदन प्रकाशन, प्रकाश चंद्र ओरांव, सेवा चक्रबर्ती, राजीव मोदी, शीलेंद्र सिंह, सविता सिंह, अर्चना साबू, विजया लक्ष्मी श्रीवास्तव ,गोकुल चंद,ख्वाजा मिन्हाज अहमद संजय कुमार शर्मा,संजय कुमार,ज्योति सिंह, समेत अन्य उपस्थित थे। उक्त बैठक में न्यायलय से रेफरल और मध्यस्थता की सफलता पर जोर दिया गया, और सफलता की दर को बढ़ाने हेतु उपस्थित मध्यस्थ को कई दिशा-निर्देश दिये गए।

### शिक्षकों की वरीयता सूची में त्रुटि की भरमार, शीघ्र दूर करे विभाग : संघ

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि रांची जिले के प्रारंभिक शिक्षकों को ग्रेड-4 देने की तैयारी हो रही है। 2017 के बाद से ग्रेड चार में शिक्षकों को पदोन्नति नही दी गयी है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा औपबंधिक रूप से भाषा, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित विषय का वरीयता सूचि जारी की गई है। इस संबंध में डीएसई द्वारा पत्र जारी करके औपबंधिक सूची में आपत्ति दर्ज करने के लिए 6 जून तक का समय दिया गया है। इस सूची में अनेक त्रुटियां है। सूची में जिस शिक्षक का नाम पूर्व में भाषा की वरीयता सूची में थी, उससे सामाजिक विज्ञान में कर दिया गया। कई शिक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2005 है उससे भी नियुक्ति तिथि 22-12-2003 दर्शाया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रेड-4 देना नही हो इसलिए उलझा कर रखा जा रहा है। अगर विभाग का ऐसा ही रवैया रहा तो संघ सख्त रुख अपनाएगी। संघ का मानना है व्यापक सुधार की जरूरत है साथ ही शिक्षको से अपील है सूची में जो त्रुटि है शिक्षक अपने अपने बीईइओ के माध्यम से समय रहते आपति दर्ज कराए। विभाग सिर्फ ग्रेड-4 ही नही ग्रेड 5 और 7 में भी शीघ्र प्रोन्नति शिक्षको को दे, क्योंकि रांची जिले में 294 हेडमास्टर का पद रिक्त है।

### नाबालिग से गैंगरेप के चार आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद चार युवकों को साक्ष्य के अभाव में गुरुवार को पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बरी कर दिया है। चारों युवक बीते तीन जनवरी से न्यायिक हिरासत में थे। अदालत ने प्रकाश उरांव, मनीष उरांव, संदीप उरांव एवं बिजल उरांव को बरी किया। चारों युवक बेड़ो थाना क्षेत्र के निवासी है। बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने पीड़िता उसके माता.पिता व जांच अधिकारी समेत पांच गवाहों को पेश किया था। लेकिन पीड़िता गवाही के दौरान घटना से इनकार किया। उसने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। इनलोगों ने मेरे साथ कोई गलत काम नहीं किया है। घटना को लेकर 1 जनवरी 2024 को बेड़ो थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना 27 दिसंबर 2023 को घटी थी। इसमें कहा गया था कि पीड़िता गांव में ही एक शादी समारोह में गई थी। जहां रात्रि में नाच गान चल रहा था। पीड़िता के परिचित मनीष उरांव ने अपने तीन दोस्तों के संग जोर जबरदस्ती स्कूटी में बैठकर गुमला भरनो ले गये। जहां एक घर में सभी ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और वीडियो भी बनाया। लेकिन अदालत में साबित नहीं हो सका।

### मानव तस्कर पन्ना लाल महतो को दूसरी बार एनआईए कोर्ट ने जमानत नहीं दी

**रांची।** मानव तस्करी के आरोप में जेल में बंद पन्ना लाल महतो को दूसरी बार एनआईए कोर्ट ने जमानत देने से इनकार किया है। गुरुवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने अपना सुरक्षित आदेश सुनाई है। अदालत ने 21 मई को जमानत याचिका पर सुनवाई प>ात आदेश सुरक्षित रख लिया था। पन्ना लाल महतो को एनआईए ने मानव तस्करी के आरोप में चार मार्च 2020 को रिमांड पर लिया था। तब से वह जेल में ही है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 10 अप्रैल को याचिका दाखिल की है। एनआईए कोर्ट ने पिछली बार 22 अप्रैल 2022 को जमानत याचिका खारिज की थी। साथ ही हाईकोर्ट ने भी जमानत देने से इनकार किया है। इसके बाद पुनः दूसरी बार याचिका दाखिल की थी। उस पर झारखंड से गरीब और मासूम नाबालिग लड़के-लड़कियों को दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में नौकरी दिलाने के बहाने तस्करी करने का आरोप है।

# संताल, पहाड़िया की घटी आबादी, होगी जांच : मरांडी

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संताल की तीनों लोकसभा सीट जीत रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संताल, पहाड़िया आदिवासियों की आबादी लगातार कम होना खतरे की घंटी है। श्री मरांडी गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होने कहा कि जब संताल में पहाड़िया की आबादी घटी, तब बढ़ी किसकी है, यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ के इलाके में पहाड़ियों का गांव उजड़ गये। जहां कभी पहाड़ियां की आबादी थी, वहां घुसपैठियों की बड़ी आबादी है। घुसपैठ हुआ नहीं है, बल्कि जानबूझ कर झामुमो-कांग्रेस ने कराया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशियों के घुसपैठ और अवैध खनन के कारण पाकुड़ एवं साहिबगंज के कई इलाकों में संथाल, पहाड़िया आदिवासी विस्थापित हो चुके हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद विशेष टीम का गठन कर इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल नहीं भेजा है। उन्हें एजेंसी और कोर्ट ने जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साहिबगंज में हो रहे अवैध पत्थर खनन के प्रति चिठ्ठी लिखकर सचेत किया था। इस पर कार्रवाई करने की मांग की थी। मेरे पत्र के आलोक में सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने सदन में कहा था कि रांची के तत्कालीन डीसी हथियार का लाइसेंस देने के नाम पर 3 से 5 लाख रुपया ले रहे हैं। इस मामले पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। विपक्षी दल के विधायक का काम गलत चीजों को सरकार के संज्ञान में लाना है। कार्रवाई करना सरकार का काम है। आज एजेंसी ने जांच की तो डीसी और हेमंत सोरेन जेल में है। उन्होंने कहा कि संथाल की तीनों सीट पर भाजपा ताकत के साथ लड़ रही है। इस चुनाव में प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दौरा कर रहे है। झारखंड जैसे छोटे राज्य में प्रधानमंत्री ने 7 कार्यक्रम किये है। इससे साफ है कि सूबे से उनका कैसा लगाव है। संथाल के तीनों लोकसभा सीट पर भाजपा जीत रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार सिर्फ लूट में लगी है।

# सीएमपीडीआई में सीटू ने मनाया 55वां स्थापना दिवस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई में एनसीओईए (सीटू) द्वारा गुरुवार को 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनसीओईए (सीटू), सीएमपीडीआई शाखा के अध्यक्ष समीर विश्वास ने यूनियन झंडा फहराया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को बधाई दी। कहा कि हमारा यूनियन हमेशा श्रमिकों के उत्थान तथा कोयला उद्योग के प्रगति के लिए प्रयत्नशील रहा है। इस भावना को और प्रगाढ़ करना ही सभी यूनियन सदस्यों का परम कर्तव्य है।

मौके पर एनसीओईए (सीटू), सीसीएल के शाखा सचिव कॉमरेड रोहित सिंह, सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची के कॉमरेड राजेश सिन्हा, भूपेन्दर सिंह, दीपांकर कुंवर, नरेन्द्र सिंह, राम प्रसाद मैती, गीता देवी, बरनाली बानिक, साजिदा खातून, जवा रॉय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के कॉमरेड विनोद सिंह एवं सुभाशीष बनर्जी सहित बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्य भी उपस्थित थे।

# धोनी की शिकायत पर हुई आंशिक सुनवाई



**रांची।** भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दर्ज अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में दर्ज आपराधिक मामले की गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत में 15 करोड़ रुपए के फजीवाड़े मामले में सुनवाई हुई। मामले में आरोपी मिहिर दिवाकर, उसकी पत्नी सौम्या दास एवं अरका स्पोर्ट्स प्रा लि के खिलाफ पूर्व से समन जारी है। लेकिन, दोनों पति-पत्नी अदालत में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। अदालत ने एक और मौका देते हुये अगली उपस्थिति की तारीख पांच जुलाई निर्धारित की है। उस दिन स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पक्ष रखने को कहा गया है। अदालत ने पिछली सुनवाई में आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत रहने के कारण संज्ञान लिया था।

**क्या है आरोप :** दोनों आरोपियों पर फर्जीवाड़ा करके एमएस धोनी को 15 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है। यह शिकायतवाद धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने दर्ज कराया है। धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी ने अक्तूबर 2023 में मुकदमा किया है। दर्ज शिकायतवाद पर पहली बार पांच जनवरी को अदालत में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान मामले में धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी का बयान शपथपत्र पर दर्ज किया गया। जिसमें उन्होंने मिहिर दिवाकर एवं सौम्या दास के ऊपर लगाये आरोपों के बारे में बयान दिया। आगे की सुनवाई में मामले में शिकायतकर्ता की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया गया था। इसके आधार पर अदालत ने संज्ञान लिया था।

# संथाल परगना के तीन सीट पर भाजपा की जीत निश्चित : बाउरी

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम के कारण संथाल परगना की जनता बदनाम हो रही

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/साहिबगंज।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में इस बार एनडीए 400 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगी। श्री बाउरी गुरुवार को साहिबगंज में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजमहल, गोड्डा और दुमका लोकसभा चुनाव में 1 जून को मतदान होना है और इन सभी तीन सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीट पर जीत हासिल कर तीसरी बार देश की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि संथाल परगना वर्तमान में देश दुनिया के मीडिया में सुर्खियों में है। क्योंकि संथाल परगना में विशेष रूप से भ्रष्टाचार वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति झारखंड की झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार कर रही है। वर्ष 2019 में जब से राज्य में महाठगबंधन की सरकार आई है तब से लेकर आज तक राज्य के हर क्षेत्र में इस सरकार के नेताओं और अधिकारियों ने लूटने का काम किया है। वहीं संथाल परगना की बात करें तो बरहेट के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में आज जेल में बंद है। पाकुड़ से कांग्रेस के विधायक और कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम के कर्मचारियों के घर से 35 करोड रुपए बरामद किये गये। आज पाकुड़, बरहेट सहित संथाल परगना की जनता बदनाम हो रही है। इसका जवाब इस बार के आम चुनाव जनता देगी। उन्होंने कहा कि चांद भैरव, सिदो कान्हू, फूलों झानो जैसे क्रांतिकारी जिन्होंने हल क्रांति की नींव इसी संथाल परगना की पावन धरती से रखी थी, ऐसे पवित्र धरती को आज झारखंड सरकार कलंकित कर रही है। आज भोगनाडीह में जनजातीय संख्या घट गई है। वहीं बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या संथाल परगना में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ कर 35 प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने बताया कि संथाल परगना के कई क्षेत्रों में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों ने संथाल परगना टेंडेंसी एक्ट का उल्लंघन करते हुये अपनी बस्ती बसा रहे है। वो लोग यहां के मूलवासियों की महिलाओं - बेटियों के साथ शादी कर फिर उन्हें किसी संवैधानिक पद पर चुनाव लड़वा कर इस क्षेत्र में अपनी पकड़ को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में चरणबद्ध तरीके से आदिवासी अस्मिता को खत्म करने की साजिश इस ठगबंधन सरकार वर्षो से कर रही है। यह सरकार अपने वर्तमान को बेहतर बनाने में जुटी है, जबकी इन्हें राज्य के भविष्य से कोई मतलब नही है। इस अवसर पर उज्वल मंडल, विनोद चौधरी उपस्थित थे।

# मानसून के आने से पहले 18 जिलों में लू का प्रकोप

## 1 जून को कुछ क्षेत्रों में बारिश, मिलेगी राहत

### पलामू, गढ़वा को अभी भीषण गर्मी से राहत नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के 24 में से 18 जिलों में लोग लू का प्रकोप झेल रहे हैं। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी इसका असर दिखने लगा है। झारखंड में एक बार फिर पलामू सबसे गर्म जगह रहा। यहां का उच्चतम तापमान 47.4 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। आलम यह है कि तापमान 46 के पार हो गया है। लोग गर्मी से झुलस रहे हैं। न तो घर में चैन है, न बाहर सकुन। राजधानी में गुरुवार की सुबह सात बजे से ही शरीर पसीने से भीगने लगते हैं। दिन चढ़ते धूप का प्रकोप और बढ़ता जाता है। दिन के दस बजे के बाद सड़कों पर निकलना दूभर हो गया। हालांकि शाम चार बजे के बाद आसमान में बादल छाने से राजधानी में थोड़ी राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि जल्द ही लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

**पलामू, गढ़वा को नहीं मिलेगी भीषण गर्मी से राहत :** उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भी झारखंड में कई जगहों पर भीषण गर्मी पड़ेगी। लू चलेगी। खासकर उत्तर-प>मी भागों में। यानी पलामू और गढ़वा को अभी हीट वेव से राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि इसके अगले दिन यानी शुक्रवार को भी झारखंड के उत्तर-प>मी भागों में कहीं-कहीं उष्ण लहर चलेगी।

**कल इन क्षेत्रों में होगी बारिश, गर्मी से मिलेगी राहत :** अभिषेक आनंद ने कहा कि इसी दिन यानी 1 जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है। शनिवार एवं रविवार यानी 2 और 3 जून को भी झारखंड के उत्तर-पूर्वी तथा दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी। कुछ जगहों पर वज्रपात भी हो सकता है।

**अगले सप्ताह रांची का अधिकतम तापमान :** मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहने का अनुमान है। रांची में गुरुवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

**गढ़वा, पलामू के लिए मौसम विभाग ने जारी किया था ऑरेंज अलर्ट :** बता दें कि मौसम विभाग ने गढ़वा एवं पलामू जिलों के लिए कहीं-कहीं भीषण उष्ण लहर यानी सिवियर हिट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अब इसे येलो अलर्ट में तब्दील कर दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, गढ़वा और पलामू में भीषण उष्ण लहर चली, जबकि रांची, चतरा, गुमला, रामगढ़, लोहरदगा, बोकारो, प>मी सिंहभूम, सरायकेला और जमशेदपुर में लोगों को हिट वेव का सामना करना पड़ा।

**रांची का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेंटीग्रेड :** मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को झारखंड में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री पलामू जिले के डालटेनगंज में रिकॉर्ड किया गया। रांची का अधिकतम तापमान 42 डिग्री, जमशेदपुर का 42.8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। डालटेनगंज का अधिकतम तापमान सामान्य से 6.7 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। वहीं, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री अधिक रहा, जबकि रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया गया।

**रांची, जमशेदपुर, डालटेनगंज का न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा :** इन जगहों का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से बहुत अधिक है। रांची का न्यूनतम तापमान सामान्य से 6.1 डिग्री अधिक है, जबकि जमशेदपुर का 4.9 डिग्री और डालटेनगंज का 5.2 डिग्री सेंटीग्रेड। मौसम विभाग के मुताबिक, रांची के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे के दौरान 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। जमशेदपुर में 1 डिग्री और डालटेनगंज में 0.3 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आई है। रांची, जमशेदपुर और डालटेनगंज का न्यूनतम तापमान क्रमशः 30.2 डिग्री, 30.7 डिग्री और 32.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

### चुनाव के दिन संथाल के कुछ जिलों में राहत के आसार

**रांची।** संथाल परगना प्रमंडल के राजमहल, गोड्डा और दुमका सीट के लिए 1 जून को वोट डाले जाने हैं। लेकिन पूरे राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी से कयास लगाए जा रहे हैं कि इतनी गर्मी में उन इलाकों के लोग वोट देने के लिए मतदान केंद्रों पर कैसे पहुंचेंगे। अगर पहुंचते भी हैं तो कतार में खड़े होकर इतनी गर्मी को कैसे झेल पाएंगे। क्योंकि मौसम केंद्र ने जो अनुमान जताया है, उसके मुताबिक आने वाले कुछ दिनों तक प्रचंड गर्मी से राहत मिलना मुश्किल दिख रहा है। लेकिन इस मामले में संथाल के कुछ जिलों में राहत मिलने के आसार हैं। दरअसल, झारखंड के गढ़वा और पलामू में भीषण हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। यही नहीं उत्तर प>िम के अन्य जिलों में भी हीट वेव का येलो अलर्ट जारी है। लेकिन 1 जून को उत्तर पूर्वी के कुछ जिलों में कहीं-कहीं मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तेज हवा के बीच हल्के दर्जे की बारिश की संभावना जतायी गई है। चूकि संथाल परगना के ज्यादातर जिले उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में हैं, इसलिए वहां चुनाव के दिन प्रचंड गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

**चुनाव के दिन संथाल में राहत मिलने के आसार**

दरअसल, 1 जून को दुमका, राजमहल (साहिबगंज) और गोड्डा लोकसभा सीट के अधीन देवघर, जामताड़ा और पाकुड़ जिला भी आते हैं। मौसम केंद्र, रांची के अनुमान के मुताबिक वोटिंग के दिन देवघर और जामताड़ा में अधिकतम पारा 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। चुनाव के दिन दुमका और साहिबगंज में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। सिर्फ गोड्डा और पाकुड़ में 42 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। लिहाजा, देवघर, जामताड़ा, दुमका और साहिबगंज के वोटरों को हीट वेव को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरुरत नहीं है। चूकि गोड्डा और पाकुड़ में 42 डिग्री तक पारा जाने की संभावना है, इसलिए वहां के वोटर सुबह के वक्त लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। अगर सुबह को वोट नहीं दे पाए तो उनके पास शाम का विकल्प रहेगा।

सुप्रभात

शुक्रवार 31.05.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 41

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



# बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो गिरफ्तार

▸▸ पुलिस ने बरामद किया लोडेड देसी कट्टा, जिन्दा कारतूस, बाइक और दो मोबाइल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि विगत बुधवार की शाम को एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम बसगना कुम्हरपिटनी नदी से होते हुए एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति जा रहे हैं, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना के आधार पर छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें सरिया बगोदर एसडीपीओ धनंजय सिंह, सरिया अंचल के पुलिस निरीक्षक, भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज, आरक्षी अमित कुमार यादव, भरकट्टा ओपी चौकीदार को शामिल किया गया। छापामार दस्ता बसगना कुम्हरपिटनी नदी के पास पहुंचा तथा वाहन चेंकिग करने लगे। उसी समय एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति जाते दिखे। दोनों पुलिस को देखते ही भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़ाए दोनों व्यक्ति बिरनी भरकट्टा ओपी अंतर्गत द्वारपहरी निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार साव और जमुआ द्वारपहरी के 32 वर्षीय छोटु अंसारी उर्फ लंगडा मियां हैं। दोनों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किया है।

# देवरी हरला गांव के तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत




▸▸ दो गांवों में मचा कोहराम, परिजन कर रहे चीत्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** देवरी थाना क्षेत्र के हरला गांव के तालाब में डूब कर दो बच्चों की मौत हो गई। मृत बच्चों में देवरी थाना गार्डीह गांव निवासी 10 वर्षीय शिवम विश्वकर्मा और भोजपुर गांव निवासी प्रियांशु कुमार शामिल हैं। घटना के बाद दोनों ही गांव में कोहराम मचा है। जिसे भी जानकारी मिली, तालाब के पास पहुंच गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों बच्चों के शव को बाहर निकाला गया। शव को देखकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी के कारण गार्डीह और भोजपुर गांव के दोनों बच्चे नहाने के लिए हरला गांव के तालाब गए थे। दोनों तालाब में डुबकी लगा रहे थे, तभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। डूबते बच्चों ने हल्ला करना शुरू दिया। तालाब के समीप काफी संख्या में लोग नहाने के लिए जुटे थे। लोगों ने जब बच्चों को डूबते देखा तो उन्होंने भी हल्ला शुरू किया। लेकिन जब तक कोई सहयोग के लिए पहुंच पाता, दोनों बच्चे डूब चुके थे और उनकी मौत हो चुकी थी।

## एक नजर में

### साइबर ठग ने रिटायर्ड रेलकर्मी के एटीएम से निकाल लिये 35 हजार



**धनबाद।** सरायढेला थाना स्टील गेट के समीप गुरुवार की दोपहर एसबीआई एटीएम में एक व्यक्ति कार्ड से धोखाधड़ी के कारण ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित आर के सिन्हा ने बताया कि एसबीआई एटीएम से रुपये की निकासी करने गए थे। वहां पहले से एक युवक अंदर में मौजूद था। जब बुजुर्ग ने अपने एटीएम कार्ड से पैसा निकालने की कोशिश की तो किसी कारणवश रुपये नहीं निकले। इसके बाद साइबर ठग के रूप में उस व्यक्ति ने एटीएम कार्ड देने को कहा और मौका पाकर आंखों में धूल झोंकते हुए उसने अपना फर्जी एटीएम कार्ड पीड़ित व्यक्ति को दे कर उनका कार्ड अपने पास रख लिया। बुजुर्ग व्यक्ति को कुछ समझ में नहीं आया। बाद में उन्होंने एटीएम में पिन डाला तो ट्रांजैक्शन कैंसिल होने का मैसेज दिखा। ट्रांजैक्शन कैंसिल होते देख बुजुर्ग व्यक्ति वहां से चला गया। थोड़ी दूर जाने के बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके खाते से 35 हजार रुपये की निकासी हो गई है। बुजुर्ग व्यक्ति आनन-फानन में एसबीआई एटीएम पहुंचा, तो साइबर ठग फरार हो चुका था। पीड़ित व्यक्ति ने सरायढेला थाना में लिखित आवेदन दे दिया है। बुजुर्ग व्यक्ति रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी है।

### ग्रामीण डाक सेवक की जमानत अर्जी खारिज

**धनबाद।** तेरह हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ धाराए गिरिडीह स्थित मंडरो सरिया पोस्ट ऑफिस के ग्रामीण डाक सेवक अजय कुमार की जमानत अर्जी गुरुवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने खारिज कर दी। धनबाद सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने ग्रामीण डाक सेवक अजय कुमार को मंडरो सरिया पोस्ट ऑफिस के कर्मी देवचंद्र कुमार से तेरह हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। दो दिनों के पूछताछ के बाद उसे सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया था। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। डाककर्मी देवचंद कुमार की शिकायत पर सीबीआई पोस्टमास्टर विपिन कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मुख्य आरोपी विपिन कुमार फिलहाल सीबीआई की पकड़ से बाहर है। सीबीआई विपिन कुमार की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि पोस्ट कर्मी देवचंद कुमार के पक्ष में जांच रिपोर्ट देने के एवज में पोस्ट मास्टर विपिन कुमार द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी जिसकी शिकायत देवचंद कुमार ने सीबीआई को की थी। विपिन कुमार को ट्रैक करने के लिए सीबीआई जाल बिछाकर वहां पहुंची एवं देवचंद कुमार को पैसा देने के लिए विपिन कुमार के पास भेजा परंतु विपिन कुमार खुद पैसा न लेकर अजय कुमार से मुलाकात कर पैसा देने को कहा। अजय कुमार रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया जबकि विपिन कुमार मौका-ए-वारदात से भागने में सफल रहा।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर हुई मौत, मुआवजा दिलाया गया



**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के मनसाडीह ओपी थाना अंतर्गत घसनी मुख्य सड़क किनारे ट्रैक्टर पलटने से 32 वर्षीय चालक बंसी मरांडी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। हालांकि परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाने की बात कह कर पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। घटना के बाबत बताया जाता है कि नीमा गांव से ट्रैक्टर ईंट खाली कर लौट रहा था, तभी यह घटना घटी। नीमा से मनसाडीह गांव लौटते समय घसनी गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। चालक बंसी ट्रैक्टर के नीचे दब गया और घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर मनसाडीह के ईट भट्ठा कारोबारी का बताया जाता है। बताया जाता है कि घटना के बाद मुखिया और स्थानीय गणमान्य लोगों द्वारा वाहन मालिक और मृतक के बीच समझौता कराकर मुआवजा दिलाया गया।

### आम तोड़ने के दौरान टूटी पेड़ की डाली, बुजुर्ग की मौत

**गिरिडीह।** जिले के देवरी प्रखंड अंतर्गत जरियाबागी में आम तोड़ने के दौरान डाली टूटने से एक 67 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक भगवान तिवारी देवरी प्रखंड के जरियाबागी गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह गुरुवार को आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे। तभी पेड़ की डाली टूट गई और वह नीचे गिर गए। उनके नीचे गिरते ही पेड़ की डाली भी उनके ऊपर जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### रेजली तालाब के जीर्णोद्धार की धीमी प्रगति पर गोविंदवासी गोलबंद



**गोविंदपुर।** जिला खनिज विकास फाऊंडेशन ट्रस्ट की करीब 5 करोड़ की लागत से गोविंदपुर के ऐतिहासिक रेजली तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की धीमी प्रगति के खिलाफ गोविंदपुर वासी गोलबंद हो गए हैं। वरीय अधिवक्ता एवं नागरिक समिति की संरक्षक जया कुमार ने गुरुवार को लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता आरबी मिश्रा से वार्ता की । उन्होंने कहा कि यदि मानसून के पूर्व तालाब के गहरीकरण का काम पूरा नहीं किया गया तो वह झारखंड हाई कोर्ट में पीआईएल दायर करेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकारी राशि का दुरुपयोग और गबन होने नहीं दिया जाएगा । श्रीमती कुमार ने कहा कि एजेंसी लॉर्ड इंफ्रा की लापरवाही के कारण अब तक तालाब खुदाई का काम पूरा नहीं हो पाया है और यही स्थिति रही तो मानसून में पानी भर जाने के बाद सरकारी राशि की बंदरबांट कर ली जाएगी। पिछले नवंबर माह में काम शुरू हुआ है परंतु अब तक गहरीकरण का काम पूर्ण नहीं हो पाया है। जो स्थिति है, उसमें मानसून के पूर्व तालाब के गहरीकरण का कार्य पूरा करना संभव नहीं है।

### धनबाद के 1330 कर्मी चुनाव कराने पाकुड़ रवाना

**धनबाद।** लोकतंत्र के महापर्व में धनबाद में अपनी भूमिका अदा करने के बाद यहां से 1330 मतदानकर्मियों का जत्था आज पाकुड़ के लिए रवाना हो गया। पाकुड़ में 1 जून को मतदान है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निदेश पर ऐसे कर्मियों को आज गोल्फ ग्राउंड, धनबाद से आवंटित बसों के माध्यम से रवाना किया गया।

## स्पीड न्यूज

### खेमका कॅरियर के डंपर में लगी आग, भारी क्षति



**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्रान्तर्गत 14 नंबर हाजिरी घर के समीप आउटसोर्सिंग कंपनी खेमका कॅरियर के वर्कशॉप में खड़े तीन डंपरों (हाईवा) में आग लग गई। आग से तीनों डंपरों को भारी क्षति पहुंची। घटना गुरुवार दिन साढ़े 12 बजे की बताई जाती है। बताते हैं कि एक डंपर में वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। इसी बीच डंपर में आग लग गई। देखते ही देखते वहां खड़े दो डंपर भी आग की जद में आ गए। बताते हैं कि आग ने भयावह रूप ले लिया। काफी देर से पहुंचे दमकल ने आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### जीएम अभिजीत को नहीं मिली जमानत

**धनबाद।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने गुरुवार को ईसीएल मुग्मा क्षेत्र के महाप्रबंधक अभिजीत कुमार दास की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। धनबाद सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने अभिजीत कुमार दास के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दाखिल किया था। सीबीआई द्वारा आरोप लगाया गया था कि अभिजीत कुमार दास अपनी आय से अधिक 80 लख रुपए की संपत्ति अर्जित कर रखी थी। इससे पूर्व सीबीआई ने अभिजीत कुमार दास को रिश्वत लेते हुए वर्ष 2021 में रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### पानी भर रही महिला बिजली तार की चपेट में आकर झुलसी

**कतरास।** थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या एक अंतर्गत तेलिया बांध निवासी नीलू देवी बिजली तार की चपेट में आकर झुलस गई। बताते हैं कि महिला अपने आवास के निकट चापाकल से पानी भर रही थी, तभी उसपर बिजली का तार टूटकर गिर गया और वह बुरी तरह झुलस गई। आसपास के लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए निचितपुर क्लिनिक ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना को लेकर लोगों में विद्युत विभाग के प्रति काफी रोष है। ज्ञातव्य हो कि पाकुड़ जिला में 1 जून को मतदान है। इसके निमित्त धनबाद जिला से मतदान कर्मियों को चुनाव कार्य संपन्न कराने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी एवं डीआरडीए रुपेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में आज रवाना किया गया।

# ड्यूटी पर हार्ट अटैक से हुई ईसीएल कर्मी की मौत, शव के साथ प्रदर्शन

▸▸ मृतक के पुत्र को नियोजन देने पर सहमति के बाद मजदूर लौटे काम पर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की खुदिया कोलियरी में पंप खलासी के पद पर कार्यरत अशोक कुमार भुइयां (45) की मौत गुरुवार को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से हो गई। आश्रित को नियोजन एवं फेटल डेथ के तहत मिलने वाले मुआवजे की मांग को लेकर मजदूर संगठनों के नेताओं ने शव के साथ कोलियरी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मजदूरों ने कोलियरी का काम काज ठप कर दिया। बाद में प्रबंधन द्वारा मृतक के पुत्र कमलेश कुमार भुइयां को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र तथा शव के दाह संस्कार के लिए 90 हजार रुपये देने के बाद मजदूर शांत हुए और काम पर लौटे।

कोलियरी के श्रमिकों ने बताया कि अशोक भुइयां गुरुवार को सुबह 6 बजे ड्यूटी करने खदान के अंदर गया। अचानक 8:30 बजे उन्हें बेचैनी महसूस हुई। साथ में काम करने वाले पंप ऑपरेटर राम अवधेश गौड़ उसे लेकर खदान के ऊपर आ रहे थे। तभी अचानक खदान के 22 नंबर पिलर के समीप वह गिर पड़े। राम अवध गौड़ ने भागते हुए खदान के ऊपर अन्य श्रमिकों को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही अन्य श्रमिक खदान के अंदर गए तथा उसे उठाकर बाहर ले आये। एंबुलेंस से इलाज के लिए ईसीएल के मुगमा स्थित क्षेत्रीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्रमिक शव को लेकर कोलियरी पहुंचे तथा आश्रित को नियोजन की मांग को लेकर काम ठप कर प्रदर्शन करने लगे। मामले की जानकारी पाकर ट्रेड यूनियनों के नेता एवं निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार पहुंचे। मजदूरों ने आरोप लगाया कि खुदिया कोलियरी की भूमिगत खदान से प्रबंधन ने हवा निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की है। समय-समय पर खदान की जांच में कमियों की जानकारी भी मजदूरों को नहीं दी जाती है। ईसीएल प्रबंधन मौत को फेटल मानने को तैयार नहीं था। परंतु मजदूर यूनियनों के कड़े रुख को देख अन्य मुद्दों पर आगे विचार करने पर सहमति जताई। प्रबंधन द्वारा तत्काल मृतक के आश्रित को नियोजन देने पर सहमति बनने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मृतक अशोक भुइयां की पांच पुत्री एवं एक पुत्र है। पत्नी पिपरिया देवी एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर मजदूर यूनियन की ओर से आगम राम, लालू ओझा, रामजी यादव, गणेश धर, जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू, शशि भूषण तिवारी, ऐतवारी कुर्मी, मुन्ना सिंह, एसपी चौहान, नंदलाल चौहान, प्रबंधन की ओर से कोलियरी अभिकर्ता आनंद प्रकाश, कोलियरी प्रबंधन मोहम्मद चांद, कार्मिक प्रबंधक रति मोहन शर्मा, बाबूलाल पांडे आदि मौजूद थे।

# तोपचांची झील में डूबे युवक का शव ग्रामीणों ने निकाला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** तोपचांची झील में डूबे युवक का शव निकाल लिया गया है। विगत बुधवार को धनबाद के डायमंड क्रासिंग भूली मोड़ के युवक आबिद खान तोपचांची झील में नहाते समय डूब गए थे। युवक अपने चार अन्य दोस्तों के साथ तोपचांची झील में नहाने आया था। युवक का शव ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह झील से बाहर निकाल लिया। तोपचांची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृतक के दोस्त तनवीर खान ने बताया कि गर्मी अत्यधिक होने के कारण नहाने के लिए तोपचांची झील आए थे। झील में पानी व कीचड़ का अंदाजा नहीं लगा पाए। किसी को तैरना नहीं आता था। आबिद खान के डूबने के बाद ग्रामीणों से मदद मांगने के चिल्लाया, परन्तु कोई मदद करने नहीं पहुंचा। तोपचांची पुलिस घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

धनबाद में सांड़ के बढ़ते आतंक से मुक्ति दिलाने का अभियान शुरू

# नगर निगम ने पकड़े तीन सांड़, किया कतरास गोशाला के हवाले



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शहर में सांड़ के बढ़ते आतंक को देखते हुए नगर निगम ने कतरास गोशाला की मदद से उन्हें पकड़ने का काम शुरू कर दिया है। बुधवार की देर रात हीरापुर पार्क मार्केट, झरनापाड़ा तथा लुबी सर्कुलर रोड से तीन सांड़ पकड़े गए। इनमें बाहुबली के नाम से मशहूर सांड़ भी शामिल था जो लंबे समय से हीरापुर के दुकानदारों और राहगीरों को परेशान कर रहा था। सभी को पकड़कर कतरास गोशाला में रखा गया है। इस अभियान में शामिल निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के आदेश पर यह कार्रवाई शुरू की गई है। तीनों सांड़ को पकड़ने में चार घंटा से अधिक समय लग गया।

स्थानीय लोग सहयोग करने के बदले सांड़ को भगाने का काम कर रहे थे, इसलिए बहुत ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। रात का समय इसलिए चुना गया है, ताकि बाजार या सड़क पर आने जाने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। ज्ञात हो कि हाल ही तेलीपाड़ा में एक वृद्ध महिला की मौत के बाद स्थानीय लोगों का विरोध शुरू हो गया था। तेलीपाड़ा के लोगों ने निगम को दो दिन का अल्टीमेटम भी दिया था।

रंजय हत्याकांड : अनुसंधानक निरंजन तिवारी का बयान दर्ज कहा

# गवाहों ने मामा को गोली चलाते हुए देखा था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में गुरुवार को मामले के अनुसंधानक सरायढेला के पूर्व थाना प्रभारी निरंजन तिवारी का बयान अदालत में दर्ज किया गया। इससे पूर्व अदालत में पूर्व थाना प्रभारी एवं अनुसंधानक अरविंद कुमार का बयान अदालत में दर्ज किया गया था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत को दिए बयान में अनुसंधानकर्ता ने मामले का समर्थन किया । निरंजन तिवारी इस मामले के दूसरे अनुसंधानकर्ता हैं। कोर्ट को दिए बयान में अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी ने कहा कि राजा यादव की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इन्होंने मामले का अनुसंधान का का भार अरविंद कुमार से लेकर शुरू किया था। अपने बयान में अदालत को बताया कि इस केस में फरार चल रहे अभियुक्त नंदकुमार सिंह उर्फ मामा सिंह को गिरफ्तारी हेतु भोजपुर आरा में छापामारी किया और उसे गिरफ्तार किया था परंतु उसके परिवार वालों एवं समर्थकों ने पुलिस दल पर हमला कर व फायरिंग कर छुड़ा लिया था और अभियुक्त वहां से फरार हो गया था जिसको लेकर आरा मुफस्सिल थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था बाद में आरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। सूचना के बाद अभियुक्तनंदकुमार सिंह उर्फ मामा को प्रोडक्शन वारंट पर धनबाद में रंजय हत्याकांड में रिमांड कराया गया जहां कांड के वादी व चश्मदीद राजा यादव ने मामा की पहचान मजिस्ट्रेट के समक्ष मंडल कारा में की थी। नंद कुमार सिंह उर्फ मामा को रंजय सिंह पर गोली चलाने वाले के रूप में पहचान किया था। पुलिस रिमांड मैं भी मामा ने अपना दोष स्वीकार किया था। हर्ष सिंह ने भी अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपना दोष स्वीकार किया था हर्ष सिंह द्वारा प्रयुक्त दो मोबाइल का सत्यापन करने पर पता चला कि उसने जिस मोबाइल से मामा से बात की थी वह मोबाइल एक सत्यम रीटोलिया तथा दूसरा अभिषेक सिंह के नाम पर दर्ज था। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

# उफ ये गर्मी... बिजली नियमित रहती नहीं, पानी रोज मिलता नहीं

## कोई वैकल्पिक व्यवस्था ड्टी नहीं, वर्षों से इसी परेशानी में जी रहे लोग, गर्मी की रात में राहत का उम्मीद नही

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद जिले के हृदयस्थल कतरास की एक बड़ी आबादी इन दिनों बिजली पानी संकट से जूझ रही है। बिजली-पानी के बिना ड्टीषण गर्मी में यहां के लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली विड्टाग एवं नगर निगम को प्रतिमाह शुल्क देने के बाद ड्टी समस्या से जूझना पड़ता है। बताते चलें कि कतरास में लोयाबाद फीडर से बिजली आपूर्ति की जाती है, जबकि कतरास पचगढ़ी बाजार में तोपचांची वाटर बोर्ड का पानी नगर निगम के माध्यम से आता है।

**28000 उपभोक्ता, 20 एम वी ए की जरूरत : कनीय अभियंता**

विद्युत विड्टाग कतरास कनीय अभियंता देवीलाल सोरेन ने कहा कि कतरास सब डिवीजन क्षेत्र में करीब 28000 उपभोक्ता हैं। बिजली की खपत बहुत ज्यादा है। इस वजह से ज्यादातर फ्यूज उड़ता है। कहीं तार ड्टी गिरता है। जंफर उड़ता है। ब्रेक डाउन के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। विद्युत ट्रांसफॉर्मर के अनुसार 20 एम वी ए (20000 केवीए) की जरूरत पड़ती है। सबकुछ ठीक रहा तो बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रहती है.



डी ए वी प्लस टू हाई स्कूल कतरास की टीचर शोभा रानी का कहना है कि कतरास में बिजली आपूर्ति की स्थिति काफी खराब है। फेस उड़ जाने के बाद उसे घंटों नहीं बनाया जाता। गर्मी में लोग परेशान हो जाते हैं। बिजली रहती ड्टी है तो लो वोल्टेज का सामना करना पड़ता है। पानी की स्थिति काफी दयनीय है।



शोभा रानी।

चेंबर ऑफ कॉमर्स कतरास के सचिव मनोज कुमार गुप्ता कहते हैं कि रोज रात्रि में एक फेज तो कड्टी दो फेज लाइन चली जाती है। रातड्टार लोगों का सोना मुश्किल है। फेस उड़ने से वोल्टेज कम हो जाता है। रोज यही प्रॉब्लम है। पानी रोजाना खुलता नहीं है। दो-तीन दिन में पानी आता है।



मनोज गुप्ता।

जागो सामाजिक संगठन कतरास प्रमुख चुन्ना यादव ने कहा कि बिजली की हालत बहुत खराब है। कुछ दिनों से रात में 11 बजे लाइन काट देता है। वोल्टेज एकदम डिम हो जाता है। सुबह तक यही स्थिति रहती है। इस ड्टीषण गर्मी में भी पानी दो दिन, तीन दिन में खुल रहा है। कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।



चुन्ना यादव।

### गावां में बिजली की कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

सड़क जाम से दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतार

गिरिडीह। प्रचडं गर्मी में भी बिजली की आंख मिचौली जारी हैं। जिसके कारण ग्रमीणें को परेशानी का सामना करना पडता हैं। गर्मी की रात में राहत की उम्मीद नही। गावां प्रखंड के माल्डा बाजार में बिजली की कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सड़क पर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। बता दें कि पिछले दो दिनों से गिरिडीह में गर्मी की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इधर बिजली की कटौती ने भी जीना मुहाल कर दिया है। बिजली विभाग से कई बार शिकायत करने के बावजूद हालत में सुधार नहीं हो रहा है। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### बिजली कटौती से हॉस्टल की छात्राएं परेशान

**धनबाद।** बढ़ते तापमान से लोगों की जिंदगी बदतर हो चली है। धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी जय माता दी गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं का कहना है कि प्रचंड गर्मी के कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। छात्रा खुशबू कुमारी ने कहा कि गर्मी में छात्राओं की तबीयत खराब हो रही है। गर्मी से बचाव किया जा सके और खुद को सुरक्षित रखा जा सके, सामने नहीं आ रहा है।

## चिरकुंडा में पेजल के लिए छटपाट रही हैं 50 हजार की अबादी

**● पाइप में खराबी की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर जारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** भीषण गर्मी में चिरकुंडा नगर परिषद की लगभग 50 हजार की आबादी पानी की एक बूंद के लिए तरस रही है। पाइप में खराबी के कारण लोगों का आक्रोश सातवें आसमान पर है।



पानी के लिए ग्रामीणों को कई जरी के परेशनी को झेलना पडा रहा हैं। दरअसल नेहरू रोड में पप्पू ताला पानी टंकी का वल स्लिप हो गया हैं, जिससे लोगों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। हालांकि नगर परिषद के पदाधिकारी वेल ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। जब लोगो ने नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नेहरू रोड स्थित पप्पू तालाब पानी टंकी का वल स्लिप हो जाने के कारण चिरकुंडा की 50 हजार की आबादी को पानी नहीं मिल पा रहा है, हालांकि युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। गुरुवार दोपहर 3 बजे तक वेल ठीक कर दिया जाएगा , पुनः चिरकुंडा क्षेत्र के लोगों को पानी मिलने लगेगा। लोंगो का गुस्सा शान्त हुआ।

## सिंदरी में बिजली और पानी के लिए मचा हुआ है हाहाकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** पिछले 26 मई से सिंदरी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप होने से पचास हजार की आबादी के बीच हाहाकार मचा हुआ है। गुरुवार को हर्ल प्रबंधन द्वारा बिजली विभाग को ट्रांसफॉर्मर दिए जाने के बाद डीवीसी और बिजली विड्टाग बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए कार्यरत है। झरिया कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति के अनुसार शुक्रवार की शाम से दो दो घंटे के अंतराल के साथ देर रात निर्बाध बिजली बहाल हो सकेगी। उन्होंने बताया कि हर्ल सिंदरी प्रबंधन द्वारा बिजली विड्टाग को गुरुवार की सुबह टी 1 ट्रांसफॉर्मर सौंपने का पत्र देने के बाद डीवीसी द्वारा कार्य की अनुमति भी दोपहर में मिल गई है। इसके बाद युद्धस्तर पर कार्य शुरू हो गया है और आशा है कि शुक्रवार की शाम तक सिंदरी में वोल्टेज के साथ बिजली बहाल हो सकेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल जमशेदपुर से आई एम आर टी एक्सपर्ट की टीम ने गोशाला सबस्टेशन में जांच कर लो वोल्टेज की समस्या में थोड़ा सुधार किया है। टी 1 ट्रांसफॉर्मर के जरिए हर्ल द्वारा जलापूर्ति भी हो सकेगी। हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या के कारण जलापूर्ति के पंप स्टार्ट नहीं किए जा सके हैं। लो वोल्टेज पर पंप चालू करने पर केबल गर्म हो गया और उसमें आग लग गई। जेबीवीएनएल महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा को दो बार अवगत कराया है ।




### नगर निगम के टैंकर से शुरू कराई जलापूर्ति

सिंदरी में लो वोल्टेज की समस्या से पानी का पंप चालू नहीं होने के कारण सिंदरीवासियों को जलापूर्ति नहीं हो सकी। परिस्थिति को देखते हुए हर्ल प्रबंधन ने नगर निगम का टैंकर भाड़ा पर लेकर सिंदरी के कई क्षेत्रों में गुरुवार को जलापूर्ति शुरू की। हर्ल एच आर हेड संत सिंह ने बताया कि इन टैंकरों से लोग पीने के लिए भी पानी ले सकते हैं। जनता की समस्या के साथ हमारे कर्मियों की भी समस्या के समाधान के लिए जलापूर्ति की जा रही है। यह जलापूर्ति पंप खराब रहने तक लगातार की जाएगी।

## भीषण गर्मी में रेलकर्मियों को न पेयजल, न कोई छायादार शेड



**धनबाद।** भीषण गर्मी में रेल प्रशासन ने कर्मचारियों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। किसी ड्टी रेलवे स्टेशन या कॉलोनी में पेयजल उपलब्ध नहीं है। रेलवे ट्रैक पर काम करने वाले कर्मियों के अल्पविराम के लिए कहीं छायादार शेड नहीं है और न ही कहीं पानी की व्यवस्था है। उक्त बातें गुरुवार को सीआईसी सेक्शन के कर्मियों ने ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश के समक्ष कहीं। रेल कर्मियों ने प्रशासन से गर्मी में पानी, ओआरएस के पैकेट वितरित करने की मांग की। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री व उनकी टीम ने कर्मियों की परेशानी को देखते हुए उनके बीच ओआरएस का पैकेट वितरण किया तथा रेल प्रबंधक से मिलकर समस्याओं के जल्द निदान की बात कही।

## इनर व्हील क्लब ने एंबुलेंस चालकों के बीच बांटे टी शर्ट, चना, गुड़ व आम



**गिरिडीह ।** भीषण गर्मी को देखते हुए इनर व्हीश क्शा ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा 6 एंबुलेंस ड्राइवर के बीच प्रिंटेड टी शर्ट, चना, गुड़ एवं आम का वितरण किया गया। मौके पर क्लब के फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय, प्रेसिडेंट सुमन गौरीसरिया, वाइस प्रेसिडेंट सोनाली तरवे, सेक्रेटरी कविता राजगढ़िया, ट्रेजर राखी झुनझुनवाला, आइसो स्मृति आनंद, रीता सहाय, रश्मि गुप्ता, तनूजा भूषण सहित अन्य सदस्य मौजूद थी। पदाधिकारियों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। ऐसी मुश्किल घड़ी में एंबुलेंसा के चालक दिन रात सेवा में तत्पर रहते हैं। बीमार पड़ने पर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाते हैं। उन्हें सहयोग की आवश्यकता है। क्लब की ओर से एंबुलेंसा चालकों को टी शर्ट के साथ ही गर्मी में राहत के लिए चना, गुड़ एवं आम दिया गया है।

स्पीड न्यूज

### रामकनाली कोलियरी में सीटू का स्थापना दिवस मनाया गया

**कतरास ।** रामकनाली कोलियरी स्थित यूनियन कार्यालय में सीटू का 55 वां स्थापना दिवस गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता सीटू के झारखंड राज्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद राजा ने की। समारोह की शुरूआत शहीदों एवं काम के दौरान प्राण न्योछावर करने वाले मजदूरों को श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रखा गया। अतिथिओं ने वरिष्ठ पूर्व कोयला मजदूर रामदास भुईयां उर्फ पांडे जी एवं बोधी गोप को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मिठाइयां भी बांटी गई। अतिथिओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया । समारोह में पूर्व मुखिया सुरेश महतो, संजय महतो, सुरेश नोनिया, श्यामल चक्रवर्ती, बोधी गोप, दिलीप बाउरी, प्रदीप महतो, रामदास भुईयां उपस्थित थे।

### मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय में न पेयजल और न शौचालय

**गिरिडीह।** जिला मुख्यालय के मास्टर सोबरन मांझी जिला केंद्रीय पुस्तकालय में पेयजल और शौचालय की परेशानी झेल रहे प्रतियोगी परीक्षा के छात्र गुरुवार को डीसी से मिलने समाहरणालय पहुंचे। अधिकारियों से मुलाकात की और ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया। जिला केंद्रीय पुस्तकालय में हर रोज डेढ़ सौ से अधिक छात्र प्रतियोगता परीक्षा की तैयारी के लिए स्टडी करने आते हैं। तीन साल से जिला केंद्रीय पुस्तकालय में शुद्ध पेयजल और शौचालय का अभाव है।

## आद्रा क्रिकेट अकादमी सेमीफाइनल

**रश्मि गुड़िया को मिला प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** कुमारधुबी कोलियरी ग्राउंड में माही क्रिकेट क्लब व वाणी मंदिर क्लब कुमारधुबी के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय अमिताड्ट चौधरी मेमोरियल वूमेंस टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मैच गुरुवार को आद्रा क्रिकेट अकादमी व देवघर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। खेल शुरू होने के पूर्व मुख्य अतिथि शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत की मुखिया अनामिका देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतकर आद्रा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आद्रा के खिलाड़ियों ने दमदार बैटिंग करते हुए बीस ओवर में छह विकेट खोकर 150 रन बनाए। रश्मि गुड़िया ने 51 रन व मोनिका कुमारी ने 23 रनों की आकर्षक पारी खेली। देवघर क्रिकेट अकादमी की अंजलि हेंब्रम ने एक विकेट लिये। जवाबी पारी खेलते हुए देवघर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 107 रन ही बना पाई। सानिया कुमारी ने 24 रन बनाए। आद्रा टीम की रूमा कुमारी ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके, वहीं ममता पासवान ने एक विकेट लिये। इस तरह आद्रा क्रिकेट अकादमी ने 43 रनों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आद्रा की रश्मि गुड़िया को शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड माही क्रिकेट क्लब के सचिव डोयल घोष संजीव ने दिया।



### मारवाड़ी युवा मंच खोलेगा पनशाला

**धनबाद।** भीषण गर्मी में लोगों की परेशानी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच की कोयलांचल शाखा ने बैंक मोड़ श्रीराम प्लाजा में वाटर कूलर लगाया। शाखा के सदस्यों ने बताया कि मंच के राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा के अंतर्गत यह कार्य किया जा रहा है। साथ ही आज 31 अस्थाई पानी के घड़े, 19 पानी के नाद लगाने का निर्णय लिया गया है। चिह्नित स्थानों पर उन्हें स्थापित किया जाएगा। लगभग 20 दिनों से लगातार समाज हित में कार्यक्रम किए गए हैं। कन्या ड्रूण संरक्षण,नारी चेतना, शिक्षा, आनंद सबके लिए,राजनीतिक चेतना,मारवाड़ी भाषा सहित लगड्टाग 26 कार्यक्रम इस माह शाखा द्वारा किए गए हैं। मौके पर मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल, प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी आदि थे।

## हस्तलिखित पत्रिका नव पलाश और त्रैमासिक नव उलगुलान का लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** बीएसके कॉलेज मैथन में गुरुवार को हस्तलिखित पत्रिका 'नव पलाश' 2023 -24 और त्रैमासिक वॉल मैगजीन 'नव उलगुलान' के चौथे अंक का लोकार्पण किया गया। कॉशेज के प्राचार्य डॉ डीपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में लेखन की शैली, अभिव्यक्ति को आकार देना, सृजनात्मकता की शक्ति को संवर्धन देना और उसे निरंतरता प्रदान करना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए सांधित शिक्षकों को भविष्य में ऐसे सृजनात्मक कार्य करने के लिए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि एसाीआई मैथन शाखा के बौंक मैनेजर शुभम कौशिक ने विद्यार्थियों की इस पत्रिका की खूब तारीफ की और उनकी रचनाशीलता के लिए उन्हें ाधाई दी। बीएसके कॉलेज के प्रथम बैच के विद्यार्थी रहे कृष्णलाला रुंगटा ने इस पूरे प्रयास को अति सराहनीय ाताते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण घोषित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की लेखनी के साथ नॉन टीचिंग और टीचिंग की लेखनी को एक मंच पर लाने के लिए साधुवाद भी दिया। छात्र ईशा सिंह ने स्वरचित कविता 'प्रेम' का पाठ कर सभी को आकर्षित किया।



## थैलेसीमिया पीड़ित हर बच्चे पर 10 लाख खर्च करेगी कोल इंडिया

### कैंप में 92 पेशेंट के लिये गए 228 सैंपल,जांच के लिए भेजा गया जर्मनी,नई उम्मीद की तजाश में पीडित

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** थैलेसीमिया बाल सेवा योजना के अंतर्गत बीसीसीएल व सीआईएसएफ ने गुरुवार को कोयला नगर स्थित सामुदायिक सभागार में जांच शिविर का आयोजन किया। उद्घाटन कोयला मंत्रालय की अपर सचिव रुपिंदर बरार ने किया। उन्होंने कहा कि सीआईएल गतिविधियों के तहत इस शिविर का आयोजन किया गया है। उद्देश्य बच्चों को नई जीवन देना है। कोल इंडिया हर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे के लिए 10 लाख रुपये खर्च करेगी। इस कैंप में 92 पेशेंट आए थे। 228 सैंपल लिया गया है। उसे जांच के लिए जर्मनी भेजा जा रहा है। उन्होंने बीसीसीएल द्वारा सीएसआर और सामुदायिक विकास के तहत संचालित विभिान्न कौशल विकास कार्यों का जायजा लिया। महिलाओं और युवतियों के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से बीसीसीएल द्वारा संचालित फैशन प्रो न्यू सेंटर का दौरा किया और प्रशिक्षण ले रही सभी महिला अड्टयर्थियों से बात की। कोयला भवन पहुंचकर उन्होंने बीसीसीएल की सभी महिला अधिकारियों के साथ संवाद में भाग लिया। जनरल मैनेजर (पर्सनल) विद्युत शाहा ने बताया कि यह समाज के लिए कोल इंडिया का सराहनीय कदम है। ज्ञात हो कि कोयला मंत्रालय की अपर सचिव तीन दिवसीय दौरे पर अभी धनबाद में हैं। वह बुधवार को बेलगड़िया टाउनशिप का दौरा कर चुकी हैं। वहां शिफ्टिंग का काम तथा लोगों की परेशानियों से भी अवगत हुई। इसके अलावा वह बीसीसीएल के मेगा प्रोजेक्ट का भी अवलोकन कर चुकी हैं। वह बुधवार को बेलगड़िया टाउनशिप का दौरा कर चुकी हैं । मौके पर बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक वित्त राकेश कुमार सहाय, निदेशक तकनीक संचालन संजय कुमार सिंह, निदेशक (तक./ परि व तो) शंकर नाग चारी डीआईजी सीआईएसफ विनय काजल एवं बीसीसीएल में हाल ही में स्थानांतरित होकर आए डीआईजी आनंद सक्सेना भी साथ थे।



### मारवाड़ी विकास ट्रस्ट का सदस्यता अभियान कल से

**धनबाद ।** समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर मारवाड़ी विकास ट्रस्ट मानसून ऑफर लेकर आया है। इसके तहत 1 से 10 जून तक सदस्यता शुल्क में भारी कटौती की गई है। ट्रस्ट में सदस्यता शुल्क की राशि 3 लाख रुपये है, लेकिन पुरुषों के लिए 33.33 प्रतिशत रियायत के साथ 2 लाख रुपये सदस्याता शुल्क रखा गया गया है। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत छूट के साथ 1 लाख 50 हजार रुपये सदस्यता शुल्क रखा गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे सदस्य जो लाइफ मेंबर हैं, वह ड्टी एक लाख रुपये देकर खुद को फाउंडर ट्रस्टी में कन्वर्ट कर सकते हैं। मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष चेतन गोयंका, सचिव विनोद पसारी थे।

## पाकुड़ के हिरणपुर में आयोजित चुनावी सभा मे झामुमो नेत्री ने भरी हुंकार

# भाजपा के चुंगल से देश को बचाना है तो इंडिया गठबंधन को वोट दें : कल्पना सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हिरणपुर (पाकुड़)।** झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने हिरणपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही की झारखण्ड में एक आदिवासी का बेटा हेमन्त सोरेन सीएम बनकर अपना कार्यकाल पूर्ण कर रहा था कि भाजपा को यह बर्दास्त नही हुई। जिन्हें षड्यंत्र के तहत जेल में डाल दिया गया। भाजपा ने हेमन्त को नही झारखंडियों के स्वाभिमान को जेल में डालने का काम किया है। सभा मे हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे। झामुमो नेत्री ने अपने सम्बोधन में बताई की एक जून को मतदान है। यह आपके वोट से लोकतंत्र मजबूत होगा। वही आपके हक अधिकार, आरक्षण को बचाये रखने के लिए मतदान करे। भाजपा 400 पार की नारा लगा रहा है। जिसका मूल उद्देश्य है कि बाबा साहेब द्वारा दलित, आदिवासी, पिछडो, अल्पसंख्यको की हित के लिए बनाए गए संविधान को बदलना। संथालपरगना क्रांतिकारियों की भूमि रही है। वीर शहीद सिदो कान्हू, चांद भैरव ने अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुए। वही दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंडियों की अस्मिता बचाने के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी। झारखण्ड सरकार ने गरीबो की हित मे कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल में लाया। अपने हक अधिकार को लेकर एक जून को झामुमो में वोट डालकर उलगुलान करे। दिशोम गुरु, हेमन्त सोरेन झारखण्ड के हित मे लड़ना जानता है, झुकना नही। भाजपा मीठी मीठी बातों बोलकर आपको बरगलाने का प्रयास करेगा, पर आप गैस व तेल की बढ़ती मूल्य को देखकर वोट डाले। पिछले 10 वर्षों में देश मे चरम महंगाई व भ्रष्टाचार है। देश की जनता इसको जवाब देगी। राजमहल लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा को भारी मतों से जिताये। इस बार केंद्र में भाजपा की सरकार नही बनेगी। सभा को लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी, पार्टी प्रत्याशी विजय हांसदा, विधायक धर्मपत्नी एगलिना टुडू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, जिला सचिव सुलेमान बास्की, इसहाक अंसारी, सुनील टुडू, दीपू मुर्मू, रसका हेम्ब्रम, जावेद आलम, महावीर मड़ैया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखंड में सिर्फ लूट व कट की सरकार : अमर बावरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष अमर सिंह बावरी ने शहर के होटल विनायक में पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विपक्षी पर जमकर निशाना साधा, कहा कि पिछले 10 वर्षों में विजय हांसदा ने राजमहल लोकसभा के जनता को ठगने का काम किया है अभी 5 दिनों के कैंपेन में हमें देखने को मिला कि जहां भी जा रहे हैं लोगों ने बताया कि अब तक कई जगहों पर बिजय हांसदा का चेहरा तक लोगों ने नहीं देखा है। इस बार जनता पूरा मूड बना ली है की भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी को ही वोट देकर सांसद के रूप में चुनेगी ताकि राजमहल लोकसभा क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहू बेटियों को टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाते हैं और बिजय हांसदा मौन रहते हैं आगे उन्होंने जमकर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में आप देख सकते हैं कि सिर्फ लूट और कट (कमीशन) मची हुई है जिसका उदाहरण के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जेल में है। मौके पर जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### दुमका : भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन की रोड शो में डॉ लुईस मरांडी भी हुई शामिल



**दुमका।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में तीन सीटों पर एक जून को चुनाव होना है। झारखंड के 14 लोकसभा सीट के सबसे हॉट सीट दुमका में शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू और अब भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने राज्य के पूर्व मंत्री डॉ लोइस मरांडी के साथ रोड शो किया। रोड शो में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। जिससे कि सीता सोरेन और उनकी बेटियों पर खुशी साफ झलक रही थी। सीता सोरेन लोगों का अभिवादन हाथ जोड़कर और मुस्कुरा कर कर रही थी। मौके पर काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। यहां बताते चलें कि दुमका में स्मृति ईरानी का रोड शो होना था। लेकिन किसी कारणवश वह नहीं आ सकी।

### बेरमो : सीसीएलकर्मी के बंद आवास से चोरी



बेरमो। चन्द्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा कॉलोनी मे बुधवार को देर रात चोरों ने सीसीएल महिला कर्मी नोनी बाई के बंद आवास का ताला तोड़ कर नगद सहित कीमती समान की चोरी कर ली गई। घटना के बारे में पड़ोसी ताराचंद ने बताया कि 10 दिन पहले नोनी बाई पूरे परिवार के साथ छतीसगढ़ गांव गए है। गुरूवार को देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जा कर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। बक्सा व आलमारी टूटी हुई थी। उन्होंने घटना की जानकारी चन्द्रपुरा थाना की पुलिस व स्थानीय लोगों को दी। कहा कि घर वाले के आने पर ही पता चलेगा कि चोरों ने क्या-क्या चुराया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है। सूचना मिलते ही मकोली ओपी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। इस अवसर पर संत कुमार, नर्सिंग आदित, अशोक कुमार, मेघनाथ, कृष्ण कुमार, घमेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### गोड्डा : चुनाव कार्य के लिये जब्त किये गये वाहन के चालकों ने लगाया जाम



गोड्डा। गुरुवार को गांधी मैदान के बगल मे मुख्य मार्ग मे वाहन चालकों ने सडक जाम किया। इनकी वाहनों को जब्त कर चुनाव कार्य मे लगाया जाना हैं। लेकिन वाहन चालकों ने आज सडक जाम कर अपनी शिकायतें प्रसाशन के सामने रखी कि उन्हें खाने पीने के लिए कोई रुपया नहीं दिया जा रहा हैं दो दिन बीत गए हैं सिर्फ गाड़ियों को गांधी मैदान मे खड़ा कर दिया लेकिन कोई व्यवस्था प्रशासन की ओर से नहीं की जा रही हैं। या तो गाड़ियां छोड़ दे या व्यवस्था सरकार करे। पुलिस के अधिकारीयों ने समझा बुझा कर जाम खुलवाया और वातालर्प के लिए उन्हें गांधी मैदान आने कहा और जाम हट गई।

### साहिबगंज : कबाड़ से बनाया जीरो वेस्ट इलेक्शन पटना के ए एन कॉलेज के गेट पर लगेगा स्ट्रकच्र




साहिबगंज। देश-विदेश में प्रख्यात कलाकार अमृत प्रकाश का कबाड़ से बना जीरो वेस्ट इलेक्शन के संदेश वाला स्ट्रक्चर बिहार के पटना स्थित एएन कॉलेज की दीवार पर लगेगा। पटना नगर निगम के आदेश पर उन्होंने कलाकृति बनाई है। कबाड़ से जुगाड़ और वेस्ट टू वंडर के कॉन्सेप्ट पर बनी कलाकृति कई संदेश देती है। सबसे पहला संदेश कि इलेक्शन के दौरान भी देश व दुनिया में कचरे का अंबार लगता है। इसे रोकने और लोगों को स्वच्छता अपना कर जीरो वेस्ट इलेक्शन स्वच्छता का संदेश देना है। वहीं इससे लोग सीखेंगे कि कैसे बेकार पड़ी चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। आज के समय मे कचरा कई देशों के लिए समस्या बन गया है। कलाकार दुनिया की हर चीज को अपने अलग नजरिये से देखता है। अमृत का कहना है सारा कचरा उनके पास लाकर फेंक दिया। कचरे से ही एक अलग दुनिया बनाएंगे। पटना नगर निगम इससे पटना को स्वच्छता का संदेश देगी। 31 को पटना में इसका डिस्प्ले होगा।

### साहिबगंज : आजसू मांडरो प्रखंड की हुई बैठक



साहिबगंज। गुरुवार को आजसू पार्टी मांडरो प्रखंड के जानी भट्ठा गांव में पार्टी के केंद्रीय सदस्य कार्तिक पहाड़ियां की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी गांव के पिलर मेंबर एवं महिला चूल्हा प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक राजमहल लोकसभा एनडीए प्रत्याशी ताला मरांडी की जीत सुनिश्चित करने के लिए की गई बैठक में सभी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार एवं मतदान करने की जिम्मेदारी दी गई आम जन के बीच एनडीए के नेता नरेंद्र भाई मोदी एवं पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा जनकल्याण में किया गए सभी कार्यों का प्रचार प्रसार भी करने का निर्देश दिया गया बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे जिला के संगठन सचिव विभाश शाह, रामप्रवेश यादव गोविंद पासवान प्रखंड अध्यक्ष राजेश राय प्रखंड सचिव कृष्णाउपाध्याय प्रखंड पिलर मेंबर प्रमुख विवेक भगत अमरदीप पासवान ताला हसदा कानून सोरेन दीपक भगत महिला प्रखंड अध्यक्ष शांति माल्टो आदि पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बोकारो : जीजीईएसटीसी के पांच विद्यार्थियों का हुआ कैंपस सेलेक्शन



बोकारो। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस (जीजीईएसटीसी) इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज के विद्यार्थियों को एक बार फिर कैम्पस सेलेक्शन का लाभ मिला है। कॉलेज में बेंगलुरु की जीजी ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया जिसमें कालेज के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के चार छात्रों सोनू कुमार सयक बाग आयुष राज तथा मो शमीम अख्तर का चयन हुआ। इन्हें फील्ड इंजीनियर के पद पर नियुक्त किया जायेगा। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा पल्लवी कुमारी को नोएडा की कंपनी फिजिक्स वाला द्वारा उनके रांची केंद्र के लिये एसोसिएट के पद पर चयनित किया गया है। कॉलेज के ज्वाइंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी सलीम अहमद ने कहा कि इस सत्र के कोर ब्रांचों के प्लेसमेंट में तेजी देखी गई है। संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह सचिव सुरेंद्र पाल सिंह तथा कालेज निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चांदो कुशलबन्धा में अधुरा पड़े रोड को बरसात के पहले बनाने की मांग को लेकर सीएम से पत्राचार



बेरमो। चांदो प्रखंड निर्माण समिति के अध्यक्ष काशीनाथ केवट ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पत्र प्रेषित कर एनएच 23 से चलकरी तक पथ निर्माण में हुई भारी अनियमितता की ओर ध्यानाकृष्ट करते हुए संवेदक और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होने कहा है कि पथ प्रमंडल-पथ निर्माण विभाग बोकारो के अन्तर्गत एनएच 23 से कथारा और सिलिसाडम और सिलीसाड़म से चलकरी तक निर्मित सड़क में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है। इस रोड में चांदो पंचायत के कुसलबंधा में 500 मीटर तक रोड बनाया ही नहीं गया। जिससे आवागमन में यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब वर्षा का मौसम आने ही वाला है। थोड़ी सी भी वर्षा होने से उक्त जगह पर सड़क कीचड़ से लतपथ हो जाता है और राहगीरों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। बरसात में तो इस सड़क के अधुरा होने की वजह संपर्क टूट जाता है। चार पहिया और दो पहिया वाहन का आवागमन तो अवरुद्ध होता ही है, यहां तक कि राहगीरों को पैदल चलना भी दुशवार हो जाता है। इसलिए इस अधुरा पड़े रोड को वर्षा सीजन आने के पहले ही बनाया जाये। उन्होंने कहा कि यह रोड एनएच 23 से सिलीसाडम और चांदो-चलकरी होते हुए दामोदर नदी में दो पुल से करगली-फुसरो और बेरमो आदि को जोड़ता है। सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। घटिया किस्म की सामग्रियां लगाई गई है। प्राक्कलित गुणवता का नितांत अभाव है। अतः इस अधूरा पड़े रोड को बनवाने का आदेश संवेदक को देने साथ ही ऐसे लापरवाह संवेदक और संबंधित अभियंता पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### चुनाव को लेकर गोड्डा पुलिस ने बैठक कर समन्वय स्थापित किया



**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव 1 जून को होने वाले चुनाव के मद्देनजर शांति और सुरक्षा के साथ स्वतंत्र भय रहित, किसी लोभ लालच के बगैर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर गोड्डा पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने एस डी पी ओ को अंतरराजयीय सीमाओं को सील करने का निर्देश दिया हैं। पंजवारा थाना झारखण्ड की सीमा से सटा क्षेत्र हैं और भगलपर गोड्डा मुख्य मार्ग पर अवस्थित हैं। जिससे सबसे ज्यादा आवागमन होता हैं। इसी सन्दर्भ मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जेपीएन चौधरी, गोड्डा सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक व बिहार के पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

### गर्भवती पत्नी की हत्या के प्रयास के आरोपी पति को 10 साल की सजा

**दुमका।** गर्भवती पत्नी को गोली मार हत्या के प्रयास में आरोपी पति को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 10 साल का सजा मुकर्रर किया। गुरुवार को एडीजे फोर धर्मेंद्र कुमार सिंह के न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा एवं जुमार्ना किया है। न्यायालय ने भादवी की धारा 307 में 10 साल की सजा एवं 10 हजार जुर्माना किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं भादवी की धारा 313 में सात साल का सजा एवं 5 हजार जुमार्ना सुनाया। मामला नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर निवासी गुजरी देवी, पति स्व सुखदेव केवट ने गर्भवती बेटी सुनीता देवी को गोली मार हत्या का प्रयास का मामला आरोपी दामाद रविशंकर केवट उर्फ रविशंकर मल्लाह के खिलाफ लिखित शिकायत की थी।

### बेरमो स्कूल के निकट लाइट लगवाने को लेकर सौपा मांग पत्र



बेरमो/फुसरो। बेरमो क्षेत्र के रामविलास हाई स्कूल के निकट मुक्ति द्वार में बड़ी लाइट होलिजन जगह-जगह लगवाने को लेकर भाजपा फुसरो नगर मंडल ओबीसी मोर्चा मंत्री छोटु रवानी ने सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक के रामकृष्ण को मांग पत्र दिया। रवानी ने कहा कि बेरमो के मुक्ति धाम में कई सालों से लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण दूर दराज से आए हुए जैसे सुभाष नगर, जवाहर नगर, फील्ड क्यारी, बिरसा नगर, अमलो बस्ती, कारो बस्ती, राम नगर, तीन नंबर, बेरमो सिंम, करगली बाजार, करगली गेट आदि जगहों से डेथ बॉडी के परिजन तथा लोग रात में जब अंतिम संस्कार करने के लिए आते हैं तो उस स्थान बहुत ही अंधेरा रहता है। जिससे लोगों को बहुत ही परेशानियों को सामना करना पड़ता है। उस जगह पर लाइट नहीं रहने से घरों से टॉर्च या लैंप लेकर आते हैं, तब जाकर अंतिम संस्कार किया जाता है और खासकर यह बात है। जब तक बॉडी अंतिम संस्कार पूरी तरह ना हो तो तब तक लोगों को रहना पड़ता है उस स्थान पर 3 से 4 घंटे अगर लाइट की व्यवस्था परिपूर्ण होती है लोगों को राहत मिल पता। लाइट नहीं रहने से उस जगह पर पूरा अंधेरा रहता है। लाइट होने से लोगों को रात में अंतिम संस्कार करने में कोई परेशानी नहीं होगी। ये सब परेशानियों को देखते हुए महा प्रबंधक को लाइट लगवाने को लेकर मांग पत्र दिया गया।

## राजमहल लोस क्षेत्र में बनाये गये हैं 1020 बूथ, 1704671 पुरुष व 8511 65 महिलाएं करेंगे अपना मत का प्रयोग, तैयारी पूरी

# थमा चुनाव प्रचार का शोर, कल मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता



| विस क्षेत्र | मतदाता | पुरुष | महिलाएं | म. केंद्र |
|---|---|---|---|---|
| राजमहल- | 351636 | 181029 | 170607 | 383 |
| बोरियों- | 283771 | 142097 | 141670 | 346 |
| बरहेट- | 227511 | 111633 | 115877 | 277 |
| लिट्टीपाड़ा- | 218139 | 106871 | 111267 | 272 |
| पाकुड़- | 383589 | 190997 | 192592 | 434 |
| महेशपुर- | 240025 | 118538 | 121486 | 308 |

कुल सं-170467 851165 850499

**राजमहल/पाकुड़।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र का अंतिम चरण के चुनाव का प्रचार का दौर खत्म हो गया है। 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रचार प्रसार समाप्त होते ही ऊम्मीदवारों की धड़कन की तेज हो गई है। दो दिन और बिताना भारी पड़ रहा है। पहले तो कुछ नजर साफ था किंतु लोबिन के चुनावी समर में कूद जाने से चुनाव को त्रिकोणीय बन गया है। अब कौन बाजी मारेगा यह तो वक्त ही बताएगा। इस वर्ष लोकसभा चुनाव 2024 में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें 35% मुस्लिम 26% आदिवासी एवं 39 % अन्य जातियों के लोग हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो राजमहल लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 4 हजार 6 सौ 71 है। इनमें 8 लाख 51 हजार4165 पुरुष तथा 8लाख 50 हजार 4 सौ 99 महिलाएं हैं। एवं राजमहल लोकसभा क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र मिलकर 1020 बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों में उचित एवं समुचित व्यवस्था की गई है। यदि विधानसभा मतदाताओं की संख्या देखें तो हम निम्न आंकड़ा से समझ सकते हैं।

**जून को चुनाव होने हैं। ज़िला प्रशासन ने आम नागरिक को जागृत किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे घर से निकाल कर बूथों में जाएं और अपना कीमती मतदान करें।**

### साहिबगंजः सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट को किया गया ब्रीफ



गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लाईन में बने डिस्पैच सेंटर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सभी कंपनी कमांडर जोनल मजिस्ट्रेट का ब्रीफिंग किया गया। उपायुक्त द्वारा उनके दायित्व से अवगत कराते हुए 1 जून को होने वाले राजमहल लोकसभा चुनाव को समावेशी निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने का निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने अति महत्वपूर्ण बातों पर दिशा निर्देश दिए। जिसमें आज पुलिस लाईन स्थित डिस्पैच सेंटर पर सभी सेक्टर अधिकारी 5 :45 पूर्वाह्न में अनिवार्य रूप से पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर अधिकारी अपने-अपने पोलिंग पार्टी के साथ शीघ्रता-शीघ्र टैगिंग करना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर अधिकारी अपने पोलिंग पार्टी के साथ प्राप्त सामग्री का मिलान कराने के उपरांत निर्धारित वाहन से अपने मतदान केन्द्र के लिए प्रस्थान करेंगे तथा मतदान केन्द्र पहुंचने के बाद जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना देंगे। मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा, सीआरपीएफ कमांडेंड नोडल प्रभारी मृत्युंजय, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार,अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, डीटीओ विष्णु देव कच्क्षप, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, सभी सेक्टर पदाधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 'बोकारो दीक्षा' से प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं का याजाकी इंडिया में हुआ चयन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग और डालमिया भारत फॉउंडेशन के सौजन्य से ह्लबोकारो दीक्षाह्व से प्रशिक्षित बोकारो के परिक्षेत्रीय गावों से सहायक इलेक्ट्रीशियन स्ट्रीम में प्रशिक्षित नौ प्रशिक्षुओं को याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बंगलोर में दो लाख चार हजार रुपए के शुद्ध वार्षिक वेतन के साथ नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण अवधि की समाप्ति के बाद इन्हे प्रति वर्ष दो लाख चौसठ हजार रुपए मिलेगा। उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग और डालमिया भारत फॉउंडेशन के सौजन्य से बोकारो के परिक्षेत्रीय गांवों के युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें सम्मानजनक स्वरोजगार एवं रोजगार के लिए तैयार करने के निमित्त ह्लबोकारो दीक्षाह्व के नाम से एक संयुक्त उद्यम के रूप में अल्पावधि तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र का संचालन सेक्टर 01 सी में शुरू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत आने वाले पाठ्यक्रम में सहायक इलेक्ट्रीशियन सोलर पैनल टेक्नीशियन जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट तथा सिलाई मशीन ऑपरेटर शामिल है।

## घुसपैठियों पर नहीं लगी रोक तो हो जायेगा आदिवासी और पहाड़िया समाज का अस्तित्व समाप्त : बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** आधिकारिक जनगणना के अनुसार पिछले दस वर्षों में संथाल परगना की कुल जनसंख्या में मुस्लिम आबादी की संख्या में जिस तरह से बढ़ोतरी हुई है। उससे आदिवासी समाज सिर्फ अपनी जमीन नहीं खो रहा है। यहां की महिलाओं को प्रलोभन देकर उसकी अस्मिता से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चिंता जताते हुए प्रेसवार्ता कर गुरुवार को कहा। उन्होंने कहा कि 1951 में संथाल परगना में मुस्लिम आबादी की संख्या 9 .44 फीसदी, 1961 में बढ़कर 13.77 फीसदी , 1971 में 14.62 फीसदी, 191 में 18.25 फीसदी, 2001 में 20.59 फीसदी, जबकि 2011 में बढ़कर 22.73 फीसदी हो गई। उन्होंने खासकर साहेबगंज और पाकुड़ जिले में भारी संख्या में घुसपैठियों की बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कि अगर इस पर जल्द ही रोक नहीं लगाया जाएगा, तो एक समय ऐसा आएगा कि आदिवासी और पहाड़िया समाज का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही घुसपैठियों पर रोक लगाने को लेकर जांच एवं कार्रवाई को लेकर टाक्स फोर्स गठन किया जायेगा।

#### उजड़ रहा है आदिवासी और पहाड़िया समाज

बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कांग्रेस और झामुमो की वोट बैंक की राजनीति के कारण संथाल परगना में घुसपैठियों की संख्या जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। जिसके फलस्वरूप आजादी के बाद से संथाल और पहाड़िया समाज लगातार उजड़ रहा है। मरांडी ने कहा कि घुसपैठिए एक साज़िश के तहत आदिवासियों की जमीन हड़पने के साथ यहां की आदिवासी और पहाड़िया समाज की महिलाओं की अस्मिता से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय आने पर एक टास्क फोर्स गठित कर गहराई से इसकी जांच की जाएगी।

#### 14 सीट और एक विधानसभा सीट पर होगी एनडीए जीत

मरांडी ने कहा कि इस बार के चुनाव में एनडीए गठबंधन झारखंड की चौदह लोकसभा सीट में से सभी सीट और एक जीतेगी। उन्होंने कहा कि अब झारखंड के रूझान बता रहा है कि ये सभी सीट भाजपा भारी मतों से जीत दर्ज कर रही है।

## बोकारो : वेदांता ईएसएल स्टील टीम ने कार्यस्थल प्रबंधन पर आयोजित छठे कॉन्क्लेव में जीता स्वर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता समूह की ईएसएल स्टील लिमिटेड भारत में एक अग्रणी ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक कंपनी है जो पर्यावरण स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध है। कंपनी में सभी अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधारभुत संरचनाएं तो पहले से थे ही लेकिन अब इस सूची मे 5 एस सिस्टम कार्यस्थल प्रबंधन भी जुड़ गया है। हाल ही में बोकारो क्लब में, वेदांता ई एस एल स्टील टीम ने कार्यस्थल प्रबंधन की 5 एस प्रणाली के कार्यान्वयन की अपनी प्रक्रिया और परिणाम के लिए स्वर्ण पदक जीता। जिसके लिए सभी उपस्थित अधिकारियों ने कंपनी को बधाई दी। ई एस एल कंपनी ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया के बोकारो चैप्टर द्वारा कार्यस्थल प्रबंधन के 5 एस सिस्टम पर आयोजित छठे कॉन्क्लेव में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस टीम में अलेया अर्शी (बिजनेस एक्सीलेंस विभाग) आयशा गुप्ता (बिजनेस एक्सीलेंस विभाग) तान्या कुमारी (लाइम और डोलो विभाग) और नीरव (प्रशासन विभाग) सहित चार लोग शामिल थे। 5 एस सिस्टम एक अंतरराष्ट्रीय स्तर कार्यप्रणाली है जो सर्वात्तम कार्यस्थल प्रबंधन और खतरों को खत्म करने में मदद करता है। मौके पर ईएसएल स्टील लिमिटेड की मीनाक्षी सभरवाल ने कहा कि ई एस एल स्टील लिमिटेड कंपनी में कार्यस्थल प्रबंधन की 5 एस प्रणाली को लागू करने की प्रक्रिया में हैं और इसका पहला चरण पूरा हो चुका है तथा नवंबर 2024 तक इसका अंतिम प्रमाणन प्राप्त करने का लक्ष्य है।

## डीवीसी में दीवारों पर चित्र अंकित कर दिया स्वच्छता का संदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुरा की ओर से 16 मई से 31 मई तक बनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीवीसी के अधिकारियों कर्मचारियों और महिलाओं ने डीवीसी कॉलोनी और फुटबॉल मैदान के दीवार पर चित्रांकन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर भव्या ठाकुर शिवानी ठाकुर सीमा ओझा अनुराधा सिन्हा दिवाशा वत्स विभा कुमारी पायल कारक अहामा कारक वंशिका दीपक कुमार लालमोहन पांडेय कमलेश कुमार रविंद्र कुमार अक्षय कुमार एचबी गुरा संजीत कुमार लालदेव राय आदि शामिल थे। महिला कलाकारों के अलावा वरिष्ठ महाप्रबंधक परियोजना प्रधान मनोज ठाकुर, दीपक कुमार, कमलेश सहित सभी महिलाओं और छात्राओं ने फुटबॉल मैदान के दीवाल पर भव्य चित्रांकन किया।

# परिणाम का इंतजार

लोकसभा चुनाव 2024 में वोटिंग की प्रक्रिया अब समापन की ओर है। एक जून को वोटिंग खत्म होते ही शाम को न्यूज चैनल्स पर एक्जिट पोल जारी किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव 2024 में सातवें चरण का मतदान बाकी है। सातवें चरण की वोटिंग कल एक जून को होनी है और इसके साथ मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव में कौन किस गठबंधन की सरकार बनेगी यह शाम चार बजे तक स्पष्ट होने की उम्मीद है, अगर मुकाबला करीबी भी हुआ तो अगले दिन पांच जून की सुबह तक चुनाव आयोग द्वारा सभी रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे और फिर राजनैतिक दल अपने आगे के पत्ते सोच विचार खोलेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 में सातवें चरण का मतदान बाकी है। सातवें चरण की वोटिंग एक जून को होनी है और इसके साथ मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव में कौन किस गठबंधन की सरकार बनेगी यह शाम चार बजे तक स्पष्ट होने की उम्मीद है, अगर मुकाबला करीबी भी हुआ तो अगले दिन पांच जून की सुबह तक चुनाव आयोग द्वारा सभी रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे और फिर राजनैतिक दल अपने आगे के पत्ते खोलेंगे। भारतीय लोकतंत्र में परिणाम आश्चर्यजनक आते रहें हैं। कोरोना के प्रहार और बेरोजगारी की मार के साथ ही कथित 10 करोड़ बेरोजगार का क्या असर चुनाव पर पड़ेगा इस पर राजग की सीटें निर्भर करेगी। कांग्रेस नाउम्मीद होकर चुनाव लड़ रही है लेकिन उसके गठबंधन के प्रति भी लोगों में रुचि है। भाजपा राम मंदिर सहित राष्ट्रवाद के मुद्दें पर मैदान में है। दुनिया को इस चुनाव परिणाम का इंतजार है।

# प्रचार समाप्त

लोकसभा चुनाव 2024 के के लिए गुरुवार को शाम पांच बजे प्रचार खत्म हो गया। अंतिम दौर की वोटिंग शनिवार को होगी और इसी के साथ अब सबकी नजर चार जून को आने वाले नतीजे पर रहेगी। चुनावी नतीजे जो भी हो उसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। जनता का जो भी फैसला आएगा उसे सब स्वीकार करेंगे। लेकिन, करीब दो माह तक चले लोकतंत्र के इस महापर्व में पीएम नरेंद्र मोदी की ऊर्जा की तुलना किसी अन्य नेता से नहीं की जा सकती है। पीएम मोदी ने देश में चुनाव के ऐलान के बाद के करीब दो महीने के दौरान 206 रैलियां कीं। इसमें रोडशो भी शामिल है। इस दौरान पीएम मोदी ने तमाम मीडिया संस्थाओं को 80 इंटरव्यू दिए। इसमें हर तरह के मीडिया संस्थान हिंदी, अंग्रेजी और देश के अन्य भाषाओं के अखबार और टीवी चैनल शामिल हैं। प्रचार अभियान खत्म करने के बाद पीएम मोदी 48 घंटे के लिए मेडिटेशन पर जा रहे हैं। इस दौरान वह तमिलनाडु के कन्याकुमारी के रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। 2019 में भी पीएम मोदी अंतिम चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार खत्म कर उत्तराखंड के केदारनाथ में मेडिटेशन पर चले गए थे। कांग्रेस पार्टी की ओर से राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी स्टार प्रचारक रहे। इस चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने जहां 80 इंटरव्यू दिए वहीं राहुल गांधी ने एक मात्र इंटरव्यू न्यूज18 इंडिया को दिया। राहुल ने केवल 76 रोड शो और रैलियां कीं। प्रियंका गांधी ने 28 सभाएं और 10 रोड शो किए. विपक्षी नेताओं में अखिलेश यादव ने 54 रैलियां कीं, वहीं मायावती ने केवल 21 रैलियां कीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 31 सभाएं कीं। लेकिन प्रचार में मोदी ने सभी को पीछे छोड़ दिया।

# बढ़ता ताप, झुलसती धरती



दुनिया और कितनी गर्मी झेलने को तैयार है? यह सवाल बेहद गंभीर है और लोग इससे कब तक बेखबर रहेंगे यह समझ से परे है। अब तो इंसान क्या दूसरे जीव, जन्तु भी गर्मी से बेहाल होकर इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि कई तरह की तबाहियों का कारण बने हुए हैं। लेकिन हम हैं कि अपनी प्यारी धरती की तपिश को बजाए कम करने के और बढ़ाए जा रहे हैं। दुनिया में क्या धरती का तापमान बढ़ाकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है?

क्या दुनिया में अबकी बार साल 2023 से अधिक गर्म 2024 कहलाएगा? जलवायु शोधकर्ता इसी पर चिंतित हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वैज्ञानिकों ने ही खुलासा किया था कि पिछले साल उत्तरी गोलार्ध में इतनी गर्मी पड़ी कि करीब 2,000 साल का रिकॉर्ड टूटा और इसीलिए 2023, धरती पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष कहलाया। अब इंग्लैंड में रोहेम्पटन विश्वविद्यालय का सामने आया नया शोध बेहद चिंताजनक है जो बताता है कि जब पृथ्वी का बाहरी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो जाता है तो इंसान का शरीर इससे ज्यादा गर्मी सहन करनी की शक्ति खोने लगता है। इसके चलते कई अंग प्रभावित होने लगते हैं। अनेकों चिकित्सकीय शोधों से भी साफ हो चुका है कि मानव शरीर अनुकूल परिस्थितियों तक ही तापमान सहजता से सहन कर पाता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में कई अंगों के प्रभावित होने या शिथिल या काम बंद कर देने के खतरे बढ़ जाते हैं। सबको पता है कि शरीर का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा जलतत्व से निर्मित है।

यही शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने के लिए गर्मी से मुकाबला करते हैं। इसका साधारण उदाहरण शरीर में गर्मी लगते ही पसीना आना है। लेकिन जब शरीर में मौजूद जलतत्व, पसीना बनकर उड़ जाएगा तो स्वाभाविक है कि शरीर में पानी की कमीं होगी। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं शरीर के कई ऐसे संवेदनशील आंतरिक अंग हैं जो पानी या जलतत्व के निश्चित मात्रा में रहे आने पर ही सुचारु पूर्वक काम करते हैं। जब भीषण गर्मी में लगातार शरीर में पानी की आवश्यक मात्रा को बनाए रखना अनजाने या मजबूरी में संभव नहीं हो पाता है तब इसका असर हमारे आंतरिक अंगों पर भी पड़ता है। इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों का अनायास शिकार हो जाता है।



-आयुषी दवे

**ग्लोबल वॉर्मिंग से निपटने के लिए दुनिया के क्षत्रपों के पास बड़ी-बड़ी कागजी योजनाएं हैं। पेरिस जलवायु समझौता-2015 अहम है जो उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को सीमित करने पर केन्द्रित है। लेकिन इसे 10 साल होने को हैं पर लगता है कि क्या किसी भी देश ने इस पर ठोस काम किया? जवाब आपके पास भी है। ऐसे में भला कैसे बढ़ता तापमान नियंत्रित होगा, कैसे प्रकृति से इंसाफ होगा और कैसे हम अपनी भावी पीढ़ी को न्याय की गारण्टी दे पाएंगे?**

शरीर में जलतत्व की कमीं का प्रभाव लोगों पर सेहत के हिसाब से अलग-अलग पड़ता है। किसी को चक्कर आता है तो कोई सिरदर्द की शिकायत करता है। कई बेहोश हो जाते हैं तो किसी की नाक से खून आ जाता है। कई लोगों को सांस में दिक्कत होने लगती है। कई कारण हैं जो बाहर से तो समझ आ जाते हैं लेकिन आंतरिक अंगों पर पड़ने वाले गंभीर दुष्परिणाम बाहर न तो दिखते हैं और न ही जल्द समझ आते। यही बहुत हानिकारक होते हैं। सांस फूलने से हृदय में रक्त का प्रवाह अनियमित हो जाता है। फेफड़ों पर भी बुरा असर पड़ता है। रक्तचाप भी अनियंत्रित हो जाता है और मौत तक संभव है।

हम भारत के संदर्भ में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखें तो इससे जहां आम मध्यम लोगों में गुर्दों पर बुरा असर पड़ने के साथ हृदय या सांस संबंधी बीमारियां एकाएक बढ़ सकती हैं। वहीं गरीबों या आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, किसान और रोजाना कमाने खाने वाले मजदूर इसके ज्यादा शिकार होते हैं। अब भारत में गर्मियों में पहाड़ों वह भी ठंडे इलाकों के जंगलों में लगातार आग की घटनाएं और भी ज्यादा चिंताजनक हैं। ऐसा नहीं है कि गर्मी को लेकर चिंता केवल भारत में ही सबसे ज्यादा है। यूरोप के तो आंकड़े सामने हैं जब 2022 की गर्मियों में करीब 61,000 लोगों की मौत हुई। वहां भी कुछ वर्षों में तेज गर्मी के चलते जंगलों में भीषण आग लग रही है। बड़े पैमाने पर सूखा पड़ रहा है। यह सब बेहद चिंताजनक है। सोचिए, इस स्थिति में पहुंचने के बाद भी हम कब तक अनजान रहेंगे? सबको पता है कि विकास के नाम पर हो रहे ताबड़तोड़ निर्माण और प्राकृतिक संरचनाओं से लगातार छेड़छाड़ के अलावा बेतहाशा कार्बन उत्सर्जन जिनमें प्राकृतिक संसाधनों जैसे जीवाश्म ईंधन जलाने, जंगलों को काटने और पशुधन की खेती से जलवायु और पृथ्वी के तापमान पर तेज प्रभाव पड़ रहा है।

इससे वायुमंडल में प्राकृतिक रूप से मौजूद ग्रीनहाउस गैसों में भारी मात्रा में प्रदूषित गैसें, धुआं आदि जुड़ जाती हैं और ग्रीनहाउस प्रभाव और 'भूमण्डलीय ऊष्मीकरण' यानी ग्लोबल वार्मिंग बढ़ जाती है। प्राकृतिक गैसों, पेट्रोलियम, कोयला, खनिज व दूसरे तत्वों के लगातार दोहन और उपयोग से निकलती प्रदूषित गैसों और दूसरे हानिकारक तत्वों से दूषित होते वायुमण्डल के अलावा निरंतर छलनी होते जंगल, पहाड़, नदियां अन्य अनेकों प्राकृतिक संपदाओं का क्षरण, दोहन तापमान बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। इसी बेतरतीब दोहन से निरंतर बढ़ता कार्बन उत्सर्जन भू-तल से लेकर नभ तक प्रदूषित कर रहा है। प्रकृति का सारा का सारा प्राकृतिक नियंत्रण डगमगाया हुआ है। जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले 99 प्रतिशत से ज्यादा वैज्ञानिक मानते हैं कि इसका सबसे अहम कारण इंसानी करतूते हैं जो कंक्रीट के विकास के दिखावे के लिए विनाश की गाथा लिख रहे हैं।

ग्लोबल वॉर्मिंग से निपटने के लिए दुनिया के क्षत्रपों के पास बड़ी-बड़ी कागजी योजनाएं हैं। पेरिस जलवायु समझौता-2015 अहम है जो उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को सीमित करने पर केन्द्रित है। लेकिन इसे 10 साल होने को हैं पर लगता है कि क्या किसी भी देश ने इस पर ठोस काम किया? जवाब आपके पास भी है। ऐसे में भला कैसे बढ़ता तापमान नियंत्रित होगा, कैसे प्रकृति से इंसाफ होगा और कैसे हम अपनी भावी पीढ़ी को न्याय की गारण्टी दे पाएंगे? निश्चित रूप से जब तक पूरी दुनिया में एक-एक इंसान इसे नहीं समझेगा, तब तक विनाश की ओट में विकास की पल-पल लिखी जा रही गाथा भी नहीं रुकेगी। लगता नहीं कि फिर हम जानते हुए, भविष्य में रुग्ण, अशक्त मानव बस्तियों के कंक्रीट महलों की तैयारी में हैं।

## खास बात

### तपिश में सावधानी

हर मौसम की अलग-अलग परेशानियां होती हैं. खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें सांस, लंग्स से संबंधित बीमारी है। ऐसे लोगों के लिए मौसम बदलने पर शारीरिक दिक्कत शुरू हो जाती है। सांस के रोगियों के लिए सिर्फ सर्दियों का मौसम ही खराब नहीं होता बल्कि गर्मियों में भी इन मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। आइए जानते हैं इनसे बचाव के तरीके।

गर्मी का मौसम लाता है कई बीमारियां

धूप और गर्मी फेफड़ों के लिए है खतरनाक

सर्दी-गर्मी या बदलते मौसम में खास ख्याल रखें

गर्मी में रखें खास ख्याल

हर मौसम की अलग-अलग परेशानियां होती हैं। खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें सांस-लंग्स से संबंधित बीमारी है उन्हें सर्दी-गर्मी या बदलते मौसम में खास ख्याल रखने की जरूरत है, क्योंकि ऐसे लोगों के लिए मौसम बदलने पर शारीरिक दिक्कत शुरू हो जाती है। ऐसी स्थिति में बेहद जरूरी है कि अपनी डाइट और लाफस्टाइल का खास ख्याल रखा जाए। आज हम बात करेंगे कि क्या गर्मी में अस्थमा ट्रिगर हो सकता है?

लंग पेशेंट्स इन बातों का ध्यान रखें

सीपीओडी के मरीज डॉक्टर की सलाह लेकर इन्फ्लूएंजा या नीमोकोकल वैक्सीन का इस्तेमाल करें।

जहां भी रहें उस जगह का तापमान मेंटेन रखें, जिससे बॉडी एक समान टेंपरेचर पर रहे।

तेज धूप में और दिन के समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बाहर न निकलें।

ऐसे करें बचाव

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। पानी के अलावा ओआरएस, फलों का जूस व नारियल पानी भी लें।

थोड़ी देर ही सही व्यायाम के लिए वक्त जरूर निकालें। ज्यादा थकाने वाली एक्सरसाइज से बचें।

एसी से निकलकर तुरंत तेज धूप में जाने से बचें।

वॉकिंग फिट रहने के लिए बेस्ट है।

वायरल इन्फेक्शन हो, तो मास्क पहनकर ही रहें।

# निष्ठा की बात

## विचार-प्रवाह

**बद्री प्रसाद सिंह**

**उनकी** निष्ठा दल के साथ न होकर अपने व्यापार के साथ रहती है। इसीलिए सरकार किसी दल की बने,यह वर्ग सदैव उन्नति करता है।यह ऐसा भामाशाह है जो राणा प्रताप तथा अकबर दोनों को थैली देता है। माफिया, बड़े अपराधी, दलाल आदि की निष्ठा सदैव ही सत्ताधारी दल के साथ होती हैं क्योंकि यह सब सत्ताधारी दल की अवैध संतानें होती हैं। सरकार की दृष्टि टेढ़ी होते ही इनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता है।आज कितने ऐसे लोग जेलों में स्वेच्छा से रह रहे हैं,पता नहीं किसकी गाड़ी कब फिसल जाय या किसकी अवैध इमारत ढहा दी जाय।

अधिकांश समाचार पत्र तथा चैनल की निष्ठा भी सत्ता के साथ रहती हैं। समाचारों में निष्पक्षता, देशहित, जनहित अब गुजरे दिनों की बात हो गई है।सभी मीडिया घराने बड़े पूंजीपति ही हैं जिन्हें अपना व्यापार चलाना होता है,विज्ञापन तथा अन्य सुविधाएं लेनी होती है।जो भी संपादक, संवाददाता इसमें बाधक होता है,तत्काल निकाल दिया जाता है। मैं मेरठ में कभी ररढ था , मेरे कक्षृ बरेली के कार्यकाल में मेरठ के एक व्यापारी मित्र का फोन आया कि वह एक अखबार निकाल रहा है जिसका अमुक तिथि को उद्घाटन मुझे ही करना है ।मैंने कहा कि वह व्यापारी हैं, अधिक पढ़ा भी नहीं है, अखबार कैसे चला पाएगा,तो उसने हंसते हुए कहा कि बिजनेस में रोज कोई न कोई विभाग,नेता उसे परेशान करता है,पैसा मांगता है, उनसे बचने के लिए वह अखबार निकाल रहा है और दूसरे अखबारों से अधिक वेतन देकर अच्छे संपादकों को तोड़ लिया है। मैं उसकी व्यापारिक बुद्धि का कायल हो गया।

भाजपा का अंतिम लक्ष्य है बाबा साहब का संविधान खत्म करना। एक तरफ अंधे निजीकरण को हथियार बना कर सरकारी नौकरियां खत्म की जा रही हैं, जो बैकडोर से आरक्षण खत्म करने का रास्ता है।सिर्फ एंटायर पॉलिटिकल साइंस के छात्र को ही महात्मा गांधी के बारे में जानने के लिये फिल्म देखने की जरूरत रही होगी।
**-राहुल गांधी, सांसद**

## आपके ट्वीट

मयूरभंज (ओडिशा) में आगामी 1 जून को होने वाली वोटिंग को लेकर यहां भारी उत्साह है। मयूरभंज लोकसभा क्षेत्र से श्रीमती अंजनी सोरेन एवं मोरदा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी श्री कृष्णा चंद्र दास के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।
**- चंपईसोरेन**





गोरखपुर लोक सभा क्षेत्र की जनता-जनार्दन का यह उत्साह पुनः भाजपा की प्रचंड विजय का उद्घोष है। यहां जनता अपना अमूल्य मत देकर '400 पार' के संकल्प को और सशक्त बनाने जा रही है। हार्दिक आभार!
**- योगी आदित्यनाथ**

# धर्मस्थलों के अतिक्रमण हटाने में देखने में आया सांप्रदायिक सौहार्द

**प्रमोद भार्गव**

**अकसर** हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदू एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू-माफिया के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में पेश किया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और शासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। कुल 18 धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। इनमें 15 मंदिर, 2 मस्जिद और एक मजार शामिल हैं। इन्हें पीछे करने या अन्य स्थल पर स्थापित रजामंदी से किया जा रहा है। जो भी धार्मिक स्थल विस्थापित किए जा रहे हैं, उन्हें प्रशासन अपने-अपने धार्मिक विधि-विधान से प्रशासन के जरिए स्थापित कराएगा। जिन भवनों के अतिक्रमण हैं, उन्हें भवन मालिक स्वयं हटा रहे हैं।

जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर असीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के आक्रोश से पद गंवाना पड़ सकता है। इस पर

## चर्चा में

मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, "मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से हैं। भगवान महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं।

अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी दंडित कर सकते हैं। इसलिए मैं उन्हीं की शरण में उज्जैन में रात बिताऊंगा और मुझ पर उनकी कृपा भी रहेगी।" हम सब जानते हैं कि मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिताई और महाकाल की उन पर कृपा बरसती रही।

इसी विश्वास का परिणाम है कि वे आज उन तीर्थयात्रियों के लिए उज्जैन में सुलभ मार्ग बना रहे हैं, जिनकी संख्या महाकाल लोक के निर्माण के बाद निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में एक उदार और जबावदेही शासक का दायित्व बनता है कि वह भोले शंकर के दर्शन हेतु जितने सरल उपाय हो सकें, उन्हें क्रियान्वित करें, यह काम इसी दृष्टिकोण के मद्देनजर किया जा रहा है। साफ है, जब केडी मार्ग का चौड़ीकरण पूर्ण हो जाएगा, तब दर्शनार्थी तो उसका लाभ उठाएंगे ही, प्रशासन को भी व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। अन्यथा हम देख रहे हैं कि संकरे मार्गों पर ज्यादा भीड़ बढ़ जाने के कारण कई लोग दम घुट जाने से बेमौत मारे जाते हैं।

धार्मिक यात्राओं में श्रद्धालुओं का इस तरह से मारे जाने की घटनाएं निरंतर देखने में आ रही हैं। धार्मिक नगरों में मार्गों का चौड़ा होना इसलिए भी जरूरी है, कि कहीं यदि किसी होटल या अन्य भवन में आगजनी की घटना घट जाती है तो चौड़े मार्गों से सुरक्षादलों और फायर बिग्रेड को मौके पर पहुंचने में बाधा सामने नहीं आती। यदि समय पर ये दोनों सुविधाएं घटनास्थल पर उपलब्ध हो जाती हैं तो भवन में फंसे लोगों के प्राण तो बचा ही लिए जाते हैं, आग पर नियंत्रण भी जल्द हो जाता है। इसलिए आग आसपास के इलाकों में नहीं फैल पाती। अतएव मार्गों के चौड़ीकरण में मंदिर या मस्जिद जैसी बाधाएं आती हैं तो उन्हें उज्जैन की तरह ही समन्वय व सौहार्द से हटा लेना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सोचकर बोलें

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी अपने भाषणों में क्या बयान दे दें, समझ से परे ही होते हैं। ताजा मामले में उन्होंने कह दिया कि कांशीराम जी दलित अभिव्यक्ति के अलावा कुछ भी नहीं थे। कांशीराम के प्रति उनकी टिप्पणी अप्रासंगिक एवं अव्यावहारिक और अस्वीकार्य है। कांशीराम का सपना और दृष्टिकोण बहुजन समाज में एक बड़ा विश्वास दिलाता है। राहुल को यह समझना चाहिए था। **- रवि, रांची**

### रईसी के बाद ईरान

**रईसी** के बाद ईरान ईरान के राष्ट्रपति, विदेश मंत्री तथा कुछ अन्य लोगों के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दुखद मृत्यु के बाद की स्थिति का जायजा लेने वाला था। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस्राइल और अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम के विरुद्ध थे, जिस कारण से अमेरिका तथा उसके कई सहयोगी देशों ने ईरान पर प्रतिबंध लगा रखे थे। यह एक कूटनीतिक प्रसंग है।
**- रमाशंकर सिंह, रांची**

# विश्व के शांति रक्षकों में भारत के सैनिक बलिदानी सर्वाधिक

**योगेश कुमार गोयल**

## सामयिक

संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व शांति के साथ-साथ मानवाधिकार, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यरत रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इजराइल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए वहां यूएन द्वारा शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। दुनियाभर में शांति बहाल करने में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की अहम भूमिका रहती है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जान दांव पर लगाकर कार्य करते रहे हैं और फिलहाल विश्वभर में एक लाख से भी अधिक पुरुष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है और इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में शांति रक्षा के लिए तैनात हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में प्रस्ताव संख्या ए/ईएस/57/129 के जरिये आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार ह्यशांति रक्षा मिशनह्व को अधिकार दिए गए और 29 मई को ह्यशांति रक्षक दिवसह्व के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को ह्यसंयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवसह्व के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अपनी कोई स्वतंत्र सेना नहीं होती और शांति रक्षा का प्रत्येक कार्य सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित होता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक होता है और कनाडा तथा पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। शांति रक्षक दल संयुक्त राष्ट्र को उसके सदस्य देशों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जो प्रायः ऐसे क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, जहां हिंसा कुछ समय पहले से बंद है ताकि वहां शांति संघ की शर्तों को लागू रखते हुए हिंसा को रोककर रखा जा सके।

यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 76 वीं सालगिरह मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव का कहना है कि दुनिया भर में हिंसक संघर्षों में फंसे लाखों लोगों के लिए शांति रक्षा एक आवश्यकता एवं आशा है तथा शांति रक्षा को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए जरूरत है लेकिन इसके लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय संकल्प चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक्शन फॉर पीस कीपिंग पहल की शुरूआत की गई है, जिसका मूल उद्देश्य यूएन मिशनों को मजबूत, सुरक्षित और भविष्य के लिए उपयुक्त बनाना है।

अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस वैश्विक शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले ऐसे संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों की स्मृति के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने शांति स्थापना में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इस दिन संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रबंधन कार्यों में अपने उच्च स्तर की व्यावसायिकता, समर्पण और साहस का प्रदर्शन करते अपनी जान गंवाने वाले शांति रक्षकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। शांति रक्षकों को मरणोपरांत ह्यडैग हैमारस्जोल्ड मेडल प्रदान किया जाता है।

यह पदक कर्तव्य निर्वहन के दौरान अदम्य साहस और बलिदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान की स्थापना वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महासचिव डैग हैमारस्जोल्ड की स्मृति में की गई थी, जिनकी 1961 में एक विमान हादसे में मौत हो गई थी। शांति रक्षक अत्यधिक जोखिम उठाते हुए प्रतिदिन विभिन्न देशों में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की हिंसा से रक्षा करते हैं। यूएन के पिछले 76 वर्षों के शांति रक्षक अभियानों में जहां अब तक दुनियाभर के चार हजार से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहुति दी, वहीं इनमें भारत के शहीद हुए शांति रक्षकों की संख्या करीब 200 है, जो किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक है।

# रामगढ़ में दिनदहाड़े वृद्ध महिला की हत्या

## साक्ष्य मिटाने के लिए अपराधियों ने घर में लगायी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

- सुशीला देवी के पति अशर्फी प्रसाद रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी हैं
- सुबह 9:00 बजे अपराधियों ने घर में घुसकर वारदात को दिया अंजाम
- नतनी को छोड़ने के लिए अशर्फी प्रसाद बुधवार को कोलकाता गये थे
- मेदांता अस्पताल रांची के इरबा में काम करती हैं बेटी अलका





**रामगढ़।** शहर के विद्यानगर में गुरुवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। अपराधी इतने शातिर थे कि उन्होंने साक्ष्य मिटाने के लिए घर के कमरे में आग लगा दी। साथ ही इस वारदात को लूटपाट की शक्ल भी देने की कोशिश की गई है। पूरे घर के अलमारी और बिस्तर को खंगाला गया है। हर जगह सामान बिखरा पड़ा है।

घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। अपराधियों की शिनाख्त के लिए चश्मदीद गवाहों से बात की जा रही है। फोरेंसिक की टीम को बुलाया गया है, ताकि अपराधियों का सुराग ढूंढा जा सके। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान सुशीला देवी (60) के रूप में की गई है। उनके पति अशर्फी प्रसाद रेलवे से रिटायर्ड कर्मचारी है। संगीता देवी घर में अकेली थी, जब सुबह 9:00 बजे अपराधी उनके घर में घुसे और इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार विद्यानगर मोहल्ले में सुशीला देवी अपने घर में अकेली थी। सुबह नौ बजे उनके घर पर तीन पुरुष और एक महिला आई थी। जिसे पड़ोसियों ने भी देखा था। वह जब घर में घुसे थे तो सुशीला देवी को उन लोगों ने पैर छूकर प्रणाम भी किया था। जब वे लोग ऊपर उनके डाइनिंग हॉल में गए तो वहां उन्हें नाश्ता भी परोसा गया था। सुशीला देवी की लाश घर के रसोई घर में मिली है। उनके सिर पर पीछे से भारी हथियार से वार किया गया है, जिसकी वजह से उनकी मौत हुई है। अपराधियों ने यह दिन बेहद बारीकी से छानबीन कर चुना था। उन्हें इस बात की पूरी खबर थी कि सुशीला देवी के घर में कोई भी मौजूद नहीं है। घर में रहने वाले सदस्यों और उनके आने-जाने का समय भी अपराधियों के पास शायद पहले से ही था। सुशीला देवी अपने खूबसूरत आशियाने में अपने पति अशर्फी प्रसाद, बेटी अल्का और नाती-नतनी के साथ रह रही थी।

नतनी को छोड़ने के लिए अशर्फी प्रसाद बुधवार को ही कोलकाता निकले थे। अपराधियों को उनके जाने की पक्की खबर थी। साथ ही उन्हें इसकी सूचना भी थी कि बेटी अल्का मेदांता अस्पताल रांची में काम करती है। इसीलिए, उन लोगों ने गुरुवार का दिन चुना। समय भी सुबह 9:00 बजे का चुना गया, जब आसपास के लोग भी अपने घरों में काम में व्यस्त रहते हैं। सुशीला देवी के पति अशर्फी प्रसाद अपनी नतनी को छोड़ने के लिए बुधवार को ही कोलकाता के लिए निकले थे। रामगढ़ में सुशीला देवी के पास उनकी बेटी अल्का कुमारी साथ रह रही थी।

गुरुवार की सुबह 7:00 बजे वह मेदांता अस्पताल इरबा के लिए निकल गई थी। वह वहीं पर काम करती है। अलका ने बताया कि सुबह 10:00 बजे उसे फोन पर मोहल्ले वालों ने घर में आग लगने की सूचना दी। जब वह घर पहुंची तो देखा कि उसकी मां की लाश घर के रसोई घर में ही पड़ी हुई है।

**मलेशिया में रहता है बेटा :** अशर्फी प्रसाद और सुशीला देवी का बेटा फिलहाल भारत में मौजूद नहीं है। पेशे से इंजीनियर उनका बेटा वर्तमान समय में अपने परिवार के साथ मलेशिया में रहता है। उसे भी इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

## स्पीड न्यूज

### सीआइटीयू का मना स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका–सयाल क्षेत्रीय कार्यालय सेन्ट्रल सौन्दा में गुरूवार को सीआईटीयू का 55वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना। केन्द्रीय सचिव कॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने यूनियन का झंडा फहराया। गुप्ता ने कहा कि कोलकाता में 28 से 30 मई 1970 तक विशेष अधिवेशन कर एक अलग ट्रेड यूनियन का गठन पर विचार विमर्श किया गया कि एक ऐसा ट्रेड युनियन का गठन किया जाए जो भविष्य में देशभर में चलने वाली ट्रेड यूनियनों का केंद्र बनकर देश के मजदूरों की हितों की रक्षा, सार्वजनिक उपक्रमों की रक्षा, मजदूरों का मजदूरी आईएलओ के स्वीकृत मानदंडों पर तय हो। मजदूरों की कल्याणकारी सुविधाएं और कोयला जैसे मूलभूत उद्योगों राष्ट्रीयकरण रेल मजदूरों के समस्याओं पर मुखर आन्दोलन का नेतृत्व करने के लिए केन्द्रीय ट्रेड युनियन बनाने का फैसला किया गया। अन्तत: 30 मई 1970 को सेन्टर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स सीआईटीयू नाम रखा गया। मौके पर आजाद भुंइया, गोविन्द करमाली, सुरेश महतो, जितेन्द्र वर्मा, विजय सोनी, त्रिभुवन साव, भोला कुमार राणा, मिथुन कुमार भुंइया, विक्की टंडन, सुमित सोरेन, अमित सोरेन, मोनू कुमार सहित कई लोग माजूद थे।

### सिंदवारडीह में मंडा पूजा संपन्न



**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत के सिंदवारडीह गांव में शिव के उपासना का पर्व मंडा धूमधाम से मनाया गया। मंडा पूजा में भगवान शिव के उपासक ने शिव की पूजा कर उनकी आराधना की। इससे पहले रामगढ़ जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रहमदेव महतो एवं सोसो पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी एवं दुलमी पंचायत के मुखिया रविन्द्र कुमार महतो छऊ नृत्य का उद्घाटन किया। ब्रहमदेव महतो ने कहा कि मंडा में झारखंड की संस्कृति व सभ्यता भी झलकती है। मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते है। मौके पर तुनुलाल महतो, मुरली महतो, अनिजर रवि, दुधेश्वर महतो, तनु करमाली, यदुनंदन महतो, शीतल महतो, हरिभजन महतो, अमृतलाल महतो, सुरेंद्र महतो, राजेश महतो सहित व अन्य मौजूद थे।

### व्यक्तित्व विकास को लेकर शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। सूर्या फाउंडेशन द्वारा आदर्श गांव योजना के तहत भदानीनगर प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को ग्रामीण व्यक्तित्व विकास पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से कार्यक्रम के क्षेत्र के प्रमुख राकेश कुमार महतो उपस्थित थें। शिविर में राकेश महतो द्वारा बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, प्रकार की रोचक व शिक्षाप्रद जानकारी संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए दी गई। इस दौरान अनुशासन, देशभक्ति, आर्ट एंड क्राफ्ट, विज्ञान के प्रयोग, योग, सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम, मिट्टी के खिलौने बनाना सहित बच्चों के लिए भाषण, चित्रकला, पत्र लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शिविर में राकेश महतो ने बच्चों के बौद्धिक क्षमता में विकास के लिए कई महत्वूपर्ण जानकारियां देते हुए कबाड़ से जुगाड़ के तहत कई वस्तुएं बनाने के तरकीब भी बताएं। श्री महतो ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रेष्ठ चरित्रवान एवं चिंतनशील व्यक्तित्व बनाना है। मौके पर कार्यक्रम के क्षेत्र प्रमुख राकेश कुमार महतो, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा देवी, मालती, गीता देवी, मनीष कुमार, सहाना परवीन, विकास कुमार पटेल, जितेंद्र गोप सहित लगभग 50 बच्चे मौजूद थे।

# हरली में ट्रैक्टर जलाने वाले पांच अपराधी हुये गिरफ्तार

## दहशत फैलाने के लिए की गयी थी आगजनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के सांड और हरली गांव में ट्रैक्टर जलाने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13 और 14 मई को पांच ट्रैक्टरों को जलाया गया था और क्षेत्र में दहशत फैलाने की काम की गई थी। चुनाव के दौरान पुलिस व्यस्त थी जिसके कारण वे इस घटना को अंजाम दे सके।

चुनाव खत्म होते ही पुलिस सक्रिय हो गयी और इन आपराधियो के धर पकड़ में लग गयी। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए गौतम कुमार ,अरुण कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार ग्राम हरली थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग और पांचवा कुलदीप कुमार गोंडलपुरा थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अमन साहू गैंग के नाम से ये लोग पर्चा छोड़कर, ट्रैक्टर जलाने और लेवी लेने का काम करते थे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से देसी कट्टा, जिंदा गोली, रंगदारी का हस्तलिखित पर्चा, मोबाइल मोटरसाइकिल और आग लगाने की सामग्री बरामद की गई है।

## कुजू : कई महीने से जल मीनार खराब



**कुजू।** कुजू में प्रचंड गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहीं चापानलों का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जल मीनार दम भी तोड़ रहा है। ग्रामीणों बताया कि शुरू में मीनार से सही तरीके से मिल रहा था पानी, कुछ महीने बाद पंप से पानी आना बंद हो गया। कुजू पूर्वी पंचायत अंतर्गत न्यू कॉलोनी और शांति नगर का जल मीनार महीनों से खराब पड़ा है। जल मीनार खराब होने की वजह से लोगों के बीच पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी में लोगों को दूर दराज से पानी का जुगाड़ करना पड़ता है।

## बरही पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शीतल जल

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। सड़क किनारे पुलिस टीम को देखते ही लोगों के ध्यान में वाहन चेकिंग आ जाता है, ऐसे में कई वाहन चालक घबरा जाते हैं। लेकिन बरही पुलिस की टीम तपती दुपहरी में सड़क किनारे यह कार्य नहीं बल्कि नेक कार्य करते हुए राहगीरों को शीतल पेयजल पिला रही है। दरअसल बरही के धनबाद रोड चौक पर बरही थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार के साथ उनकी टीम हाथों में शीतल पेयजल का गिलास लेकर गर्मी में मौसम की मार से राहगीरों को बचाने इस कार्य में जुटी है। सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती गर्मी में आम लोगों के लिए शीतल प्याऊ की व्यवस्था कराने की सराहनीय पहल की है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार बरही चौक के धनबाद रोड में शीतल प्याऊ जल का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक सह बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार व इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने शीतलप्याऊ की व्यवस्था की है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सह एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि हजारीबाग उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल के सभी थाना अंतर्गत चौक चौराहों पर शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की जा रही है। इसी के तहत बरही में भी प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके। वहीं तपती धूप में शीतल पेयजल मिलने से राहगीरों और मजदूरों ने काफी राहत महसूस की। इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल पेयजल नहीं मिल पाता था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है ताकि नागरिकों को ठंडा पानी मिल सके। उन्होंने बताया कि समय समय पर पानी को भरा जाएगा, ताकि इससे सैकड़ों राहगीरों को तेज गर्मी में ठंडा पानी मिल सके। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक कुमार सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## बैद्यनाथधाम में सांसद और विधायक ने की पूजा-अर्चना



**रजरप्पा।** देवघर में स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथधाम मंदिर में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं उनकी पत्नी सह रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी ने पूजा-अर्चना करते हुए बाबा का आशीर्वाद लिया और उन्होंने देश में लोगों के बीच शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मौके पर आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो सहित आत्मा राम चौधरी, अमृतलाल मुंडा, चंद्रशेखर महतो, गुड्डू सिंह, राजमोहन महतो एवं अन्य मौजूद थे।

# 40 कराटेकारों को मिला कलर बेल्ट का प्रमाण-पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वर्कर्स कल्ब में गुरूवार को सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो का कराटे प्रशिक्षण सह ग्रेडेशन प्रमाण पत्र वितरण समारोह हुआ। शिविर में भुरकुंडा एरिया के 40 कराटेकारों ने भाग लेकर विभिन्न कलर बेल्ट का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। शिविर के पहले चरण में ट्रेनिंग एवं दूसरे चरण में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। ग्रेड पाने वाले में ब्राउन बेल्ट में साक्षी शर्मा, नादिर अख्तर, ध्रुव झा, रितेश कुमार, रिधम त्रेहन,ब्लू बेल्ट में तन्मय साव, मुकुल आनंद, तान्या श्रीवास्तव, सक्षम अंसुल, राधिका बस्के, ग्रीन बेल्ट में श्रेय कुमारी, सत्यजीत कुलकर्णी, प्रत्युष सिन्हा, अर्णव कुमार, ऑरेंज बेल्ट मे तक्षवि राज, अंकिता राज, शिवांशी, मनन राज, हर्षवीर सिंह, समर्वीर सिंह, सुरवी सिंह आदि शामिल हैं। सफल कराटेकारों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण करते हुए भुरकुंडा एरिया के मुख्य प्रशिक्षक किओसी नरेन्द्र सिन्हा सातवां डान ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कराटे का गुर सिखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कराटे आत्मारक्षा के बेहतर माध्यम होने के साथ-साथ यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। श्री सिन्हा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नियमित रूप से कराटे का योगाभ्यास करने की बात कही। शिविर को सफल बनाने में सीनियर कराटे प्रशिक्षक राशि सिन्हा, अर्जुन कुमार, सागर सोनी, सुमित सोनी, खुशबू सोनी व सीनियर कराटेकार हर्षित कुमार, आयुष कुमार, आदर्श कुमार, पावनी ददीच, ओजश दधीच का सहयोग रहा।

### सृष्टि कुजूर और आस्था सिंह बनी कराटे प्रशिक्षिक

भुरकुंडा (रामगढ़)।मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में महात्मा गांधी उच्च विद्यालय प्रांगण में सेंसाइ कंचन दास के देख-रेख में मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग देने के लिए दो बालिकाओं का प्रशिक्षिका के रूप में चयन किया गया है। गुरूवार को टेक्निकल डायरेक्टर सिहोन जीबी थापा ने गांधीनगर निवासी रीना कुजूर व अशोक कुजूर की पुत्री सृष्टि कुजूर और कुरसे निवासी रेखा देवी व पंकज सिंह की पुत्री आस्था सिंह को लड़कियों को कराटे प्रशिक्षण देने की अनुमति प्रदान करते हुए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। दोनो प्रशिक्षिकों को कराटे के बारे में कई महत्वूपर्ण जानकारियां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर सेंसाई कंचन दास ने बताया कि दोनो बालिकाएं पढ़ाई के साथ-साथ कराटे में भी अव्वल हैं। दोनो बालिकाओं ने कराटे में बहेतर प्रदर्शन कर कई मेडल जीते हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों को टंडवा में विधायक किशन दास द्वारा गोल्ड मेडल देकर पुरस्कृत किया गया था। रांची के खेल गांव में इंडियन कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। आस्था सिंह झारखंड स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किट जैवलिन में रजत पदक प्राप्त कर रामगढ़ जिला ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड का नाम रोशन की है।

## एक नजर में

### चौपारण में भाजपा के वरिष्ठ नेता का निधन परिजनों से मिले पूर्व विधायक मनोज यादव



चौपारण। प्रखंड के ग्राम नीमा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सह वैश्य परगना कुशवाहा समाज के सचिव रहे प्रमोद दांगी के असामयिक निधन की खबर पाकर शोकाकुल परिवार से मिलने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उनके आवास पहुंचे। इस दौरान शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया तथा दुख की बेला में हर तरह से सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल में प्रमोद दांगी ने हर सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। वे बेहद हसमुख और मिलनसार थे। उनकी कमी हमेशा हम सभी महसूस करेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन ,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव ,,कैलाश पाण्डेय ,आशीष सिंह ,सियाराम सिंह ,सतेंद्र सिंह बलराम दांगी ,शिक्षक सच्चिदानंद सिंह ,लोक गायक जन्मजय सिंह ,मन्नू सिंह ,सुरेश दांगी ,देव कुमार दांगी ,करुणाकर पाण्डेय ,विनय राणा ,मन्नू राणा ,शिक्षक शिव कुमार यादव ,ईश्वरी यादव ,चंदरदेव दांगी ,विजय दांगी ,रामकुमार सिंह सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने पत्रकारों को दी शुभकामनाएं

हजारीबाग। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी सम्मानित पत्रकारों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से आज समाज का हर वर्ग जागरूक,सजग और सूचनाओं से परितृप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। साल 1826 में आज ही के दिन उदन्त मार्तंड नाम से हिंदी का पहला समाचार पत्र छपा था। इसी वजह से इस दिन को पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाते है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी भाषा के इस साप्ताहिक समाचार पत्र की शुरूआत की थी।

### एनटीपीसी में मना स्वच्छता पखवाड़ा

**बड़कागांव।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने माइनिंग और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ढेंगा में सोहराई कला और शिल्प पेंटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवा ग्रामीण लड़कियों के लिए एक जीवंत पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की। इस पंद्रह दिवसीय स्वच्छता अभियान के 14वें दिन, 40 प्रतिभाशाली प्रशिक्षुओं ने स्वच्छ भारत थीम के तहत अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक दृष्टि का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व को उजागर किया, जो स्वच्छ भारत अभियान की भावना को प्रतिबिंबित करता है। युवा प्रतिभागियों ने पारंपरिक सोहराई कला को स्वच्छता के आधुनिक संदेशों के साथ मिलाकर बड़े ही सुंदर पोस्टर बनाए, जो स्वच्छ और हरे-भरे भारत की आवश्यकता पर जोर देते हैं। इस मौके पर मैती के प्राचार्यप मिथलेश उपाध्याय के अलावा डीजीएम एसके सेनापति मौजूद थे।

### धर्मपुर में रोजगार को लेकर बैठक

टाटीझरिया ।प्रखंड के धर्मपुर पंचायत के पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को रोजगार दिवस को लेकर हुई बैठक। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया कांति देवी और संचालन पंचायत सचिव संजय कुमार ने किया। वही रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद ने कहा कि आज की संगोष्ठी मुख्य रूप से अबूवा आवास तथा बिरसा हरित ग्राम योजना वर्ष 2024- 2025 के तहत लाभुको का आम बागवानी के लिए चयन किया जाना है। जो योग्य लाभुक है वे स्वेक्षापूर्वक योजनाओ का नाम सूची में चयन कर दे। मौके पर संतोष प्रजापति,उर्मिला देवी,अलका देवी,सुमन देवी, रंजीता देवी,रीना देवी ,बबली देवी, पूजा देवी , बिना देवी, मालती देवी,गंगिया देवी,चंपा देवी , कुसुम, केशिया, हेमंती, हेमलत्ता देवी, पुनम देवी,कौशल्या देवी , मून देवी,सुनीता देवी, मिचनी देवी ,मंजू देवी, संगीता देवी समेत अन्य कई महिलाएं पुरुष शामिल थे।

### नीड फाउंडेशन ने की पर्यावरण को लेकर बैठक



हजारीबाग। नीड फाउंडेशन के सचिव ने कांडतरी पंचायत में पर्यावरण जागरूकता को लेकर की बैठक। बैठक में उपप्रमुख समेत वार्ड सदस्य ने भाग लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग के खाली जमीन पर फलदार वृक्ष लगाने का सुझाव दिया साथ ही कई ऐसे उदाहरण भी प्रस्तुत किए जिसमे वन विभाग के जमीन पर फलदार वृक्ष का रोपण किया गया है। केरेडारी ब्लॉक के अंतर्गत लोचन गांव इसी का एक उदाहरण है साथ ही अन्य उदाहरण दिए गए ।नीड फाउंडेशन के सचिव शिव शंकर दयाल ने उनके सुझाव की सराहना की तथा 5 जून पर्यावरण दिवस के अवसर पर कांडतरी पंचायत में हर घर एक वृक्ष वितरण का संकल्प लिया।

### बड़कागांव शांति सेवा सदन में परामर्श शिविर कल

बड़कागांव ।अंकुरम आईवीएफ फर्टिलिटी एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के सौजन्य से बड़कागांव शांति सेवा सदन एवं प्रसूति केंद्र में 1 जून को नि:शुल्क नि: संतान परामर्श शिविर लगेगा। उक्त आशय की जानकारी सेवा सदन के प्रोपराइटर सुरेंद्र कुमार सोनी ने दिया। सोनी ने कहा कि 1 जून को सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक चिकित्सक डॉक्टर रूही श्रीवास्तव एवं डॉक्टर राज नारायण साहू द्वारा जांच एवं परामर्श दी जाएगी।

### डोभा की जांच करने पहुंचे अधिकारी



**चौपारण।** सिंघरावां पंचायत अंतर्गत ग्राम हजारीधमना में बुधवार को मनरेगा योजना का जांच की। ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार को पीजी पोर्टल से लिखित शिकायत किया गया था। जिसका पंजीयन संख्या- अपील संख्या- के आधार पर जांच की गई। बेचौलिए और मनरेगा कर्मियों ने लाभुक के भूमि पर बगैर डोभा का निर्माण किये ही फर्जी तरीके से जॉब कार्ड द्वारा राशि की निकासी कर गबन कर लिया था। ग्रामीण विकास विभाग को पोर्टल से लिखित शिकायत में मांग किया गया कि अंचल कार्यालय से प्राप्त भूमि प्रतिवेदन के आधार पर अमित कुमार सिंह के जमीन पर डोभे का जांच किया जाय। उक्त जमीन पर डोभे का निर्माण क्यों नही किया गया। इस फर्जीवाड़े में संलिप्त लोगों पर मनरेगा एक्ट के तहत कार्रवाई का मांग किया था। डोभा जांच के क्रम में जांच को भटकाने के ख्याल से मुखिया संतोष सिंह व रोजगार सेवक रामचंद्र दांगी ने अन्य किसी दूसरे का डोभा अधिकारियों को दिखा रहे थे। जब जांच स्थल पर अधिकारियों ने लाभुक को बुलाकर पूछ ताछ किया तो लाभुक ने कहा कि मेरा यहां कोई जमीन नही है ।और ना ही मेरे जमीन पर कही डोभा बना है। किसी दूसरे का डोभा दिखाया जा रहा है। शिकायत कर्ता ने बताया ऑनलाइन इंट्री में खाता -73 पलॉट 1606 किसी दूसरे का है। जिसमे कोई डोभा का निर्माण नही है। अधिकारी उक्त खाते प्लॉट भी अलग है। रेकड में लाभुक का हस्तक्षर फर्जी के साथ कई त्रुटि पाया गया । अधिकारियों ने रिकवरी व करवाई का आदेश दे दिया। ग्रामीण विकास विभाग,डीपीओ प्रभात कुमार, बीपीओ संतोष कुमार,जेई जयऊल हक,रोजगर सेवक रामचंद्र दांगी, पंचायत समिति सदस्य विजय मधेशिया, मुखिया संतोष सिंह, लाभुक अमित कुमार सिंह, बिनोद सिंह मौजूद थे।

## भावनगर-आसनसोल एक्सप्रेस ट्रेन के एसी बी-2 कोच से अचानक धुंवा निकलने से

# यात्रियों के बीच मचा अफरा-तफरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भावनगर-आसनसोल एक्सप्रेस ट्रेन के एसी बी-2 कोच से अचानक धुआं निकलने से यात्रियों में अफरा तफरी मच गयी। वहीं घटना गुरुवार की सुबह 7:30 बजे की बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन से धुआं निकलने का एहसास यात्रियों को तब हुआ जब ट्रेन कोडरमा स्टेशन से खुल चुकी थी। वहीं आनन फानन में यात्रियों ने ट्रेन को वैक्यूम कर एक-एक कर यात्री अपने सामान सहित बॉगी से कूदने लगे। जिससे कई यात्रियों को हल्की चोटे भी आई। घटना के कारण ट्रेन को 15 मिनट तक कोडरमा आउटर सिग्नल के पास रोक दिया गया। अचानक ट्रेन के रुकते ही गार्ड, परिचालन अधिकारी सहित आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे, जहां जांच में पता चला कि बी-2 कोच के एसी बॉक्स में एक चूहा के फंस जाने से धुआं निकल रहा था, बाद में चूहे को निकाल कर परिचालन को सामान्य किया गया और ट्रेन को गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया गया, तब जाकर यात्रियों ने चैन की सांस ली।



## तापमान पहुंचा 45 डिग्री, सतर्कता बरतने की जरूरत : डॉ.रामाशीष

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में सेहत का ख्याल रखना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। भीषण गर्मी से शरीर से पसीना खूब निकलता है जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए प्राकृतिक पेय पदार्थों का सेवन कर सकते हैं। चिकित्सक भी सेहत का ख्याल रखने के लिए लोगों को पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दे रहे हैं। वहीं डॉ.चौधरी ने बताया कि गर्मी में सबसे ज्यादा आवश्यकता एनर्जी ड्रिंक्स की होती है। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती है और वह हाइड्रेट रहता है। गर्मी में छाछ, फ्रूड, जूस, मिल्क सेक, ग्रीन सलाद आदि को शामिल करना चाहिए। वहीं चिकित्सकों ने बताया गर्मी में मीठा और रसीला फल, तरबूज इसमें अधिक मात्रा में पानी होता है साथ ही मिनरल और विटामिन भी इससे अच्छी मात्रा में होती है, अधिक खाना चाहिए।

एक नजर में

## बैंक के पास से पिकअप वाहन की चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के मुख्य चौक पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास से बुधवार की रात अज्ञात चोर एक पिकअप वाहन चुरा ले गए। चोरी की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। चोरी हुई पिकअप वाहन गिद्धौर मुख्य चौक के युवा व्यवसायी जय मां कंस्ट्रक्शन के संचालक आशीष कुमार की है। आशीष ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब उन्होंने देखा तो उनकी पिकअप वाहन घर के पास नहीं थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पता चला कि एक कार में सवार चोरों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। आशीष ने गिद्धौर थाना में चोरी की घटना की सूचना दी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस के लिए यह चोरी की घटना एक चुनौती बन गई है।

## वाटर सप्लाई पाइप फटने से हजारों लीटर पानी प्रतिदिन हो रहा बर्बाद




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** पूरे जिले में जहां एक ओर भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, वहीं दूसरी ओर पानी के लिए लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ बिजली रानी की आंख-मिचौनी से भी लोग परेशान हैं, डैम का जल-स्तर नीचे जा चुका है। इन सबों के बीच चंदवारा प्रखंड के उरवां मोड़ फोर लाइन में वाटर सप्लाई पाइप फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार तिलैया डैम से पीएचईडी और केटीपीएस में पानी का सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही फरवरी माह से ही हाइडल (बिजली उत्पादन) को बंद कर दिया गया है।

## भीषण गर्मी से बचाव के लिए सावधानियां बरतें : डॉ.रंजीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** इन दिनों पूरे राज्य समेत कोडरमा जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। इस गर्मी के चलते आमजनों का बुरा हाल है। हर दिन तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है और गर्मी चरम सीमा पर पहुंच जाती है तो लू की चपेट से बचना मुश्किल हो जाता है।

इसके लिए कुछ सावधानियां बरतने से इस मौसम की मार से बचा जा सकता है। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया की लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए सावधानियां बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव पड़ने से शरीर में पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर




आना, दिल का दौरा, स्ट्रोक, कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि होने के लक्षण हैं।

**ओआरएस का नियमित सेवन करें :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह उपाधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि गर्मी व लूं से बचने के लिए ओआरएस का नियमित सेवन करें।

इसके लिए साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पांच ग्लास) में ओआरएस का एक पूरा पैकेट घोल दें। तैयार किए गए ओआरएस के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से लेते रहें। बनाए गए ओआरएस.घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें। इसके अतिरिक्त नमक, चीनी का घोल, तरबूज, खरबूजा, छाछ, नींबू-पानी, आम का शर्बत, खीरा, लस्सी, ककड़ी इत्यादि का भी सेवन करें।

**ओआरएस का पैकेट सरकारी अस्पताल निःशुल्क उपलब्ध :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह उपाधीक्षक डॉ.रंजीत कुमार ने बताया कि ओआरएस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल, स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सहिया के पास निःशुल्क उपलब है। गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं। घर से बाहर निकलें तो खुद को कवर करके ही निकलें। लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े टाइट हो तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें। ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं। लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।

**तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, सावधानियाँ हीं बचाव :** डॉ.रंजीत कुमार ने बताया कि तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, सावधानियां ही बचाव है। इसके लिए हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें, यदि संभव हो तो तौलिया, रूमाल अवश्य रखें, जूते, चप्पल पहनें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी व शिकायतों के लिए 24 गुणा 7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें।

## अवैध रूप से बालू का उठाव जोरों पर

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कांको व तिलैया डैम के आसपास से इन दिनों लगातार अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। एक-दो दिन की प्रशासनिक सख्ती के बाद बालू के अवैध उठाव पर कुछ रोक लगता है, इसके बाद यह बदस्तूर शुरू हो जाता है। इन दिनों एक बार फिर सभी नियम-कानून को ताक पर रख माफिया बालू का उठाव कर रहे हैं और जरूरतमंद लोगों से मनमाना कीमत ले रहे हैं। वहीं वर्तमान में प्रखंड मुख्यालय व तिलैया के आसपास बालू पहुंचा कर प्रति ट्रैक्टर तीन हजार रुपये तक लिया जा रहा है, जबकि बालू इससे काफी कम कीमत पर उपलब्ध होनी चाहिए। वहीं सूत्र बताते हैं कि बालू के अवैध कारोबार को कुछ लोगों का संरक्षण प्राप्त है और इससे होने वाली अवैध वसूली का बंटवारा कई लोगों के बीच किया जाता है। यही कारण है कि इस धंधे से जुड़े लोग बिना भय के बालू का अवैध उठाव कर आसानी से बाजार तक पहुंचा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के कांको, गवनपुर, दुधी नदी से बालू का उठाव जोरों पर है। प्रत्येक दिन करीब 50 ट्रैक्टर बालू का उठाव कर चंदवारा पुराना थाना के पास, माथाडीह, तिलैया, गुमो, मदनगुंडी, हरनो, पत्थलगड्डा समेत अन्य जगहों पर पहुंचाया जाता है। वहीं 2800 से तीन हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर एजेंट द्वारा लेकर मनचाहा लोकेशन पर बालू गिराया जाता है, जिन जगहों पर बालू घाट है, वह तिलैया डैम ओपी व जयनगर थाना का इलाका है।

# केबल पंचर व इंसुलेटर खराब होने से घंटों रही बिजली गुल

## जर्जर ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर कार्यपालक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** एक ओर जहां लोग प्रचण्ड गर्मी से परेशान है तो वहीं दूसरी ओर शहर में हो रहे बिजली समस्या से भी जूझ रहे हैं। इधर झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 18 और 17 के सीडी कलोनी में लगे ट्रांसफार्मर की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। जिसे बदलने को लेकर निवर्तमान पार्षद अनुराग सिंह ने वार्ड के गण्मान्य लोगों के साथ गुरुवार को झुमरीतिलैया विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवेदन सौंपा। दिए गए आवेदन के मायम से यह सूचित किया गया है कि सीडी कलोनी में लगे 200 केवी के ट्रांसफार्मर की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। इस पर अधिक लोड होने की वजह से स्थानीय लोगों को वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता है। वहीं उक्त ट्रांसफर्मर में तेल रिशाव की भी समस्या बनी रहती है। विभाग में सूचना देने पर ट्रांसफार्मर की मरम्मती तो की जाती है, पर उसकी जर्जर स्थिति की वजह से वह पुनः खराब हो जाती है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में लोगों का न तो मोटर चल पाता है और न ही पंखा व अन्य विद्युत उपकरण काम करता है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। गर्मी का सितम बढ़ते ही शहर में बिजली की समस्या गहराती जा रही है। वहीं दो दिनों से तापमान में बढ़ोतरी से लोग परेशान हैं, ऊपर से शहरी क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी शुरू हो गयी है। वहीं मंगलवार को विभाग द्वारा मेंटेनेंस कार्य को लेकर करीब छह घंटे की गयी विद्युत कटौती के बाद जब बिजली आपूर्ति शुरू हुई तो कई जगहों पर ओवरलोड के कारण वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गयी। इसके बाद शहर के कई इलाकों में ओवरलोड के कारण



केबल पंचर हो गया, इस कारण विद्यापुरी के कुछ इलाकों के साथ ही अन्य कई जगहों में रात भर बिजली आपूर्ति बाधित रही। हालांकि विद्युत विभाग द्वारा देर रात्रि को इसे दुरुस्त किया गया, मगर ओवरलोड के कारण फिर से समस्या उत्पन्न हो गयी। वहीं बुधवार को भी तापमान में बढ़ोतरी के बीच आधा शहर बिजली की समस्या से जूझता रहा, कहीं ओवर हिटिंग के कारण केबल पंचर हो गया, तो कई जगह का इन्शुलेटर पंचर हो गया। वहीं बुधवार दिन से ही विभाग के कर्मी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे रहे। वहीं विभाग के सहायक अभियंता गजेंद्र टोप्पो की मानें तो देर शाम तक सभी जगहों पर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारु कर दी गयी है। वहीं उन्होंने बताया कि तापमान में बढ़ोतरी के कारण इस प्रकार की समस्या उत्पन्न हुई है।

## गलत इलाज के कारण मासूम की मौत



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र के सिलदाग पंचायत के नावाडीह गांव में एक चार वर्षीय मासूम बच्चे की झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से मौत हो गई। मृतक के पिता महेंद्र गंझू ने बताया कि उनके पुत्र लड्डू कुमार को बुखार और दस्त की शिकायत थी। वे उसे सिलदाग गांव स्थित झोलाछाप डॉक्टर टुनटुन के पास ले गए, जिसने उसे एडमिट कर स्लाइन चढ़ाया। कुछ देर बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन डॉक्टर ने उसे कहीं रेफर नहीं किया और न ही उसका उचित इलाज किया, जिससे उसकी मौत हो गई। इससे पहले भी थाना क्षेत्र में कई लोगों की जान स्वास्थ्य संबंधी मामलों में जा चुकी है, जिसमें सामान्य बुखार से लेकर प्रसव संबंधी बीमारियों तक के मरीज शामिल हैं। प्रखंड क्षेत्र के किसी भी पंचायत में स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र तो बनाए गए हैं, लेकिन उनमें डॉक्टर नहीं हैं, जिससे ग्रामीणों को मजबूरन झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है, जिसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है।

### किसान आलू प्याज समेत अन्य उत्पादों को औने पौने दामों में बेचने पर मजबुर

## प्रखंड में कोल्ड स्टोर नहीं होने से किसानों को हो रही है परेशानियां

**मुन्ना कुमार**

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में कोल्ड स्टोर की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सतगावां प्रखंड के विभिन्न गांवों का एक चीर प्रतिक्षित मांग है। उल्लेखनीय रहे कि सतगावां प्रखंड पूर्णतः कृषि आश्रित प्रखंड है, यहां जीविकोपार्जन का अन्य कोई साधन नहीं है। गेहूं, चावल, तेलहन, दलहन के अलावा आलू, प्याज और अनेक प्रकार की सब्जिओं की खासी मात्रा में खेती की जाती हैं। जिससे यह अधिक समय तक आलू प्याज और अन्य उत्पादो फल सब्जियां आदि को सुरक्षित नहीं रख पाते हैं, जिससे किसानों को फसलों का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता है। प्रखंड के ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। वहीं सतगावां प्रखंड के ग्रामीणों का मुख्य स्रोत नगदी फसलें हैं। यहां बड़े पैमाने पर विभिन्न सब्जियों के साथ फलों का भी उत्पादन काफी मात्रा में होती हैं। कृषि पर निर्भर सतगावां प्रखंड की लाखों लोगों की आबादी वाले प्रखण्ड में आलू, प्याज, मूंगफली आदि का उत्पादन होता है। लेकिन करीब लाखों की आबादी वाले इस क्षेत्र में कृषि और बागवानी उत्पादों को सुरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोर की व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते किसानों और बागवानों को अपनी फसलें हर साल औने पौने दामों पर बेचनी पड़ती है। वहीं प्रखंड के 144 गांवों में लगभग 50374.5546 हेक्टर भूमि कृषि योग्य है। स्थानीय कृषक सुरेंद्र सिंह, दिना सिंह, संजय यादव, श्यामदेव प्रसाद दांगी, जानकी प्रसाद दांगी, देवेंद्र प्रसाद दांगी, निश्वर यादव, कपिलदेव यादव, भीखारी राय बताते हैं कि क्षेत्र में कोल्ड स्टोर नहीं होने के कारण अधिकांश किसानों की फसलें खेतों में ही बर्बाद हो रही हैं।

## डीडीसी ने मनरेगा व अबुआ आवास योजना की समीक्षा कर दिये कई निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार चंदवारा में मनरेगा एवं अबुआ आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक के दौरान मनरेगा योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं पुराने योजनाओं को पूर्ण करने हेतु एक सप्ताह के अंदर सभी ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को निदेशित किया गया। जिन पंचायत में कूप निर्माण भौतिक रूप से पूर्ण कर लिया गया हैं उन्हें नरेगा सॉफ्ट पर पूर्ण करायें, विगत साल से पड़े खेल मैदान का भी निरीक्षण कर पूर्ण करायें, अबुआ आवास के लाभुकों का शत प्रतिशत मास्टर रॉल निर्गत करें। वहीं अबुआ आवास योजना अंतगर्त सभी पंचायत सचिव को निदेशित किया गया कि सभी स्वीकृत लाभुकों द्वारा शत प्रतिशत आवास कार्य प्रारंभ कराएं और उनका प्लिंथ स्तर तक कार्य कराते हुए जियो टैग करें। वहीं द्वितीय किशत की राशि का भुगतान के लिए आवश्यक है कि उन लाभुकों का डॉक्यूमेंट यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड एवं जाति प्रमाण-पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधा का घोर अभाव, बच्चे नहीं जा पाते केन्द्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ पोषण आहार का दावा करने वाला महिला बाल विकास आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब कराने में फिसड्डी साबित हो रहा है। हाल यह है कि प्रखंड में कई ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। जिसमें कहीं पानी, कहीं बिजली तो कहीं शौचालय तक की सुविधा नहीं है। इसमें पेयजल व्यवस्था की घोर किल्लत है, यह नजारा प्रखंड के ग्राम खटोलिया आंगनवाड़ी केन्द्र 129 में देखा गया। जहां बिजली तो है ही नहीं, बल्कि एक चपानल है वह भी हाफने लगा है तथा उससे गंदा पानी निकलता है। इससे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका सीधा असर पंजीकरण पर दिख रहा है। ज्यादातर केन्द्रों पर 10 से 12 बच्चे ही पंजीकृत हैं। वो भी एक-दो घंटे आते हैं या फिर नहीं। जानकारी हो कि इस आंगनवाडी केन्द्र पर 15वें वित मद से नल जल योजना लगाया गया परंतु आज तक चालु नही हो पाया है।

**केन्द्र पर पंखा तक नहीं है, जिससे बच्चे रहते हैं परेशान :** आंगनबाड़ी केन्द्र पर बिजली की व्यवस्था न होने से गर्मी के मौसम में बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस केन्द्र पर पंखा का कोई इंतजाम नहीं है। केन्द्र पर सुविधा न होने से अभिभावक अपने बच्चे को नहीं भेज पाते हैं। जबकि इन दिनों आंगनबाड़ी केन्द्र का समय सुबह 8 से दोपहर 11 बजे तक ही है। इसके बाद भी बच्चों की संख्या कम है।

## वनांचल कॉलेज के कर्मियों का वेतन हुआ दोगुना

**टंडवा (चतरा)।** नैक से जुडने के बाद भी छात्र-छात्राओ के पठन पाठन पर सुधार हो या न हो पर वनांचल कॉलेज के प्रोफेसर समेत 23 कर्मियो के वेतन दो गुना हो गया। इन कर्मियो के आंगन मे खुशिया तो आयी पर जो छात्र भविष्य तराशने कालेज आये है उनके भविष्य पर कौन सवाल उठाये ?जिन 14 प्रोफेसरो को पहले सालाना अनुदान की राशि 20 से 22 हजार महिना मिला करता था वह साल2023-24 मे अनुदान की राशि दो गुना बढ गयी। सरकार ने अनुदान की 96 लाख कालेज को भुगतान किया है जबकि नैक से जूडने से पहले यह रकम 48 लाख थी। पिछले माह हर शिक्षक को लगभग 40 हजार के महिना के हिसाब से एक साल के अनुदान की राशि कालेज के सचिव अक्षयवट पाण्डेय ने भुगतान किया।

## डीसी की अध्यक्षता में मतगणना से संबंधित सभी अभ्यर्थी के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतगणना से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतगणना संबंधी निदेशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित मतगणना एजेंट फॉर्म 18 भरकर जमा कर दें ताकि उनका पहचान पत्र समय पर बनाया जा सके। अगर किसी के पास पहचान पत्र नहीं पाया जाता है तो उन्हें मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा और जिस टेबल के लिए पहचान पत्र जारी किया जाएगा वह पहचान पत्र उसी मतगणना टेबल के लिए मान्य होगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अगर किसी भी परिस्थिति में नामित मतगणना एजेंट को हटाना है तो फॉर्म 19 भरकर जमा करना होगा। फॉर्म 18 जमा करने का कार्य 1 जून 2024 को शाम 5:00 बजे तक करा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मतगणना अभिकर्ता मतगणना परिसर में पेंसिल, पेपर, पेपर पैड के अलावा कोई अन्य सामग्री नहीं ले जा सकते हैं। चतरा कॉलेज चतरा में सुबह 8:00 बजे से मतगणना कार्य शुरू होगा और सभी को समय पर उपस्थित रहना होगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

## लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतगणना से संबंधित तैयारियों की हुई समीक्षा



**चतरा।** चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 की मतगणना को लेकर बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा, वाहन प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, बिजली, शौचालय आदि की तैयारियों की समीक्षा की गई। मतगणना हॉल में सभी प्रकार की तैयारियां और मूलभूत सुविधाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। मतगणना कार्य सुबह 8 बजे से शुरू होगा और सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 5:30 बजे तक चतरा कॉलेज में उपस्थित रहना होगा। अनुपस्थित और लापरवाह पदाधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत होली फैमिली के समीप गुरुवार की शाम वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान 42 वर्षीय मनोज कुमार पिता शिवनाथ राम सुभाष चौक झुमरीतिलैया निवासी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी पर सवार होकर कोडरमा से तिलैया की ओर जाने के दौरान होली फैमिली के समीप वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल होगा। जिसके बाद घायल व्यक्ति को ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज किया जा रहा है।

# मोहरदा जलापूर्ति योजना से कीड़ायुक्त व दुर्गंधयुक्त पेयजल की हो रही आपूर्ति

- टाटा स्टील यूआइएसएल की संचालन प्रणाली पर विधायक ने उठाये सवाल
- कहा, जल्द से जल्द स्वर्णरेखा नदी में चांडिल डैम से ताजा पानी छोड़वायें डीसी
- स्वर्णरेखा नदी का जल प्रवाह रुकने से कीड़ा युक्त पानी का किया जा रहा आपूर्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मोहरदा जलापूर्ति योजना का संचालन जब तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जुस्को (अब नया नाम टाटा स्टील यूआइएसएल) को सौंपा तो जमशेदपुर पूर्व विधानसभा के बिरसानगर, बागुननगर और बागुनहातु जैसी आधी दर्जन बस्तियों के लोग फूले नहीं समाये थे। उन्हें लगा कि अब सर्किट हाउस एरिया जैसा स्वच्छ पेयजल नल के जरिए घर-घर पहुंचेगा। किन्तु अब इस परियोजना की गुणवत्ता में कोई आमूल-चूल बदलाव नहीं होता दिख रहा। न तो उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी मिल रहा है, और गर्मी में तो पानी पूरा मिलना तो दूर, जो पानी नल में आ रहा है उसमें दुर्गंध है, और कीड़े बजबजाते नजर आ रहे हैं। अच्छा है कि अधिकांश लोग पीने के लिए बोरिंग के पानी का इस्तेमाल करते हैं अन्यथा अब तक थोक भाव में लोग बीमार होकर अस्पताल में भर्ती रहते। कारण साफ है कि मोहरदा जलापूर्ति योजना संभवतः झारखंड की पहली जलापूर्ति योजना है जिसमें फ ील्टर प्लांट नहीं है। स्वर्णरेखा नदी से सीधे पानी पंप कर सेटलिंग कर उसे आपूर्ति कर दी जाती है। ऐसे में अगर नदी का पानी दूषित हो अथवा उसमें की ड़े हो तो यह पानी घरों तक पाइपलाइन के जरिए चला जाता है। खासकर गर्मी में स्वर्णरेखा नदी का जल स्तर कम हो जाता है और नदी के पानी का प्रवाह करीब-करीब रुक जाता है यह हर साल मई से जून माह तक होता है। इस बार भी हो रहा है। यह सब तक हो रहा है जब जलापूर्ति संचालन का जिम्मा कथित वर्ल्ड क्लास कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल के पास है।

खैर, जलापूर्ति योजना से कीड़ायुक्त पानी का विडियो एक उपभोक्ता उदय कुमार सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए विधायक सरयू राय को भेजा है। विधायक ने इस विडियों पर तत्काल कदम उठाते हुए जलापूर्ति क रने वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा, जिले के डीसी अनन्य मित्तल और जेएनएसी के उप-नगर आयुक्त कृष्ण कुमार को कड़ा पत्र लिखा है।




मोहरदा जलापूर्ति योजना का पंपिंग साइट और आपूर्ति स्थल।

**चांडिल डैम से सीधे मोहरदा प्रोजेक्ट को पानी देना ही स्थायी समाधान :** विधायक सरयू राय को यह विश्वास दृढ़ होते जा रहा है कि मोहरदा परियोजना क्षेत्र सहित पूरे जमशेदपुर के लिए सीधे चांडिल डैम से पेय जलापूर्ति की जाए। इसके लिए जमशेदपुर नगर विकास विभाग, ज़िला प्रशासन और टाटा स्टील प्रबंधन की संयुक्त पहल आवश्यक है। जबतक यह नहीं होता तबतक अप्रैल, मई. जून और मानसून आने तक जुलाई महीना में चांडिल डैम से मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना के लिए अतिरिक्त जल प्रवाह छोड़ने के लिए स्थायी आदेश निकाला जाए ताकि हर वर्ष इसकी याद नहीं दिलाना पड़े और उपभोक्ताओं को शिकायत करने की नौबत नहीं आये।

विधायक ने लिखा है कि मोहरदा पेयजल परियोजना संप्रति जेएनएसी और टाटा स्टील युआईएसएल की संयुक्त परियोजना है जिसका व्यय वहन क्रमशः 60 और 40 के अनुपात में दोनों करते हैं और परियोजना का संचालन एवं क्रियान्वयन टाटा स्टील युआईएसएल के द्वारा होता है। परियोजना से उपभोक्ताओं को जमशेदपुर जैसे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो इसके लिए मैं सतत प्रयत्नशील रहता हूँ और 2009 से 2017 के बीच परियोजना के निर्माण एवं परिचालन में जितनी कमियाँ रही हैं उन्हें दूर करने के लिये जेएनएसी और जुस्को/ टाटा स्टील युआईएसएल के ज़िम्मेदार अधिकारियों को जानकारियाँ देते रहता हूं।

## स्पीड न्यूज



### यूजी में एडमिशन की तिथि 10 जून तक

**जमशेदपुर।** जो भी छात्राएं जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी के यूजी पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए इच्छुक हैं उनके लिए एडमिशन कमेटी द्वारा विशेष निर्णय लिए गए हैं। छात्राओं और अभिभावकों के विशेष मांग पर एडमिशन कमिटी ने 28 मई यूजी के फार्म भरने की अन्तिम तिथि को बढ़ाकर 10 जून तक कर दिया है। जो भी छात्राएं जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के यूजी पाठ्यक्रम में एडमिशन लेने के लिए इच्छुक हैं वे जल्दी ही चान्सलर पोर्टल पर फार्म भर सकती हैं।

### घरेलू विवाद में बेटी ने की थी वृद्ध मां की हत्या

**चांडिल।** मंगलवार की देर रात चांडिल थाना क्षेत्र के सुकसारी गांव के तिरिलडीह टोला में 65 वर्षीय लुसी मांझीयान नामक वृद्ध महिला की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के बेटा रात करीब साढ़े दस बजे मेला देखकर घर पहुंचने पर घर के पास में ही मृत अवस्था में अपने मां को देखा। जिसकी सुचना पर चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव रात में ही घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया। पुलिस ने छापेमारी कर घर पर रह रही बेटी पार्वती हांसदा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना प्रयुक्त दाउली को पार्वती हांसदा के ससुराल चैनपुर गांव से जब्त कर लिया है। पुलिस ने पार्वती हांसदा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से राहगीर घायल, गंभीर



**गम्हरिया।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया स्थित जेवियर स्कूल के मुख्य गेट के समीप बीते बुधवार की देर रात थाना अंतर्गत बीते देर रात सर्विस रोड में गम्हरिया कांड्रा मुख्यमार्ग के सर्विस रोड अज्ञात वाहन की ठोकर से एक राहगीर गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसके सर, नाक और पांव में चोटें आयी। घायल होने के बाद काफी देर तक वह सड़क पर ही पड़ा रहा। उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर जब घायल पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना गम्हरिया थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस से घायल व्यक्ति को जेआरडीसीएल के एंबुलेंस से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया।

### पावड़ा तालाब किनारे बेहोश होकर गिरा

**घाटशिला।** गोपालपुर शिव मंदिर के समय पावड़ा तालाब के किनारे गुरुवार की दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति बेहोश होकर गिर गया। तालाब के रास्ते आने जाने वाले लोगों ने इसकी सूचना पावड़ा पंचायत की मुखिया पार्वती मुर्मू को दी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा स्टील ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 2,29,171 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया

- भारतीय परिचालन की बदौलत समेकित ईबीआईटीडीए 23,402 करोड़ रुपये रहा
- भारत में 20.8 मिलियन टन कच्चे इस्पात का उत्पादन, 19.9 एमटी की डिलीवरी
- 1 रुपये अंकित मूल्य के प्रति पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर पर 3.60 रुपये के लाभांश

**विशेष संवाददाता**





टाटा स्टील, सीईओ टीवी नरेंद्रन और सीएफओ कौशिक चटर्जी।

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील ने आज चौथी तिमाही और 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय नतीजे पेश किए। तिमाही के लिए कंपनी का समेकित राजस्व 58,687 करोड़ रुपये रहा, जो पिछली तिमाही से 6% की वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में बेहतर मात्रा के कारण हुई। तिमाही के लिए ईबीआईटीडीए 6,631 करोड़ रुपये था, ईबीआईटीडीए मार्जिन लगभग 11% था। टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने 1 रुपये अंकित मूल्य के प्रति पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर पर 3.60 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है।

पूरे वित्तीय वर्ष 2024 के लिए, टाटा स्टील ने 2,29,171 करोड़ रुपये का समेकित राजस्व दर्ज किया। वर्ष के लिए कंपनी का ईबीटीडीए 23,402 करोड़ रुपये था, जो मुख्य रूप से इसके भारतीय परिचालन में बेहतर प्रदर्शन से बढ़ा। तिमाही के लिए पूंजीगत व्यय 4,850 करोड़ रुपये था, जो पूरे वर्ष के लिए कुल 18,207 करोड़ रुपये का योगदान था। कलिंगनगर में 5 एमटीपीए विस्तार की चरणबद्ध शुरूआत प्रगति पर है।

टाटा स्टील का शुद्ध कर्ज 77,550 करोड़ रुपये है। समूह की तरलता 31,767 करोड़ रुपये पर मजबूत बनी हुई है, जिसमें 9,532 करोड़ रुपये की नकदी और नकद समकक्ष शामिल हैं।

टाटा स्टील इंडिया ने वित्त वर्ष 2024 में लगभग 20.8 मिलियन टन का अपना उच्चतम कच्चे इस्पात का उत्पादन और लगभग 19.9 मिलियन टन की डिलीवरी हासिल की। भारत की इस्पात मांग में वृद्धि और एक चुस्त व्यापार मॉडल का लाभ उठाते हुए, वार्षिक भारत डिलीवरी में साल-दर-साल 9% की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में, भारत में डिलीवरी सालाना आधार पर 5% बढ़कर 5.42 मिलियन टन हो गई, जिसमें राजस्व 36,864 करोड़ रुपये और ईबीआईटीडीए 8,261 करोड़ रुपये था, जिसके परिणामस्वरूप ईबीआईटीडीए मार्जिन लगभग 22% था।

यूके ट्रेड यूनियनों के साथ सात महीने की औपचारिक और अनौपचारिक राष्ट्रीय स्तर की चर्चा के बाद, टाटा स्टील जून में हेवी-एंड संपत्तियों को बंद करना शुरू कर देगी और पोर्ट टैलबोट में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस में निवेश करने की अपनी योजना पर आगे बढ़ेगी।

टी वी नरेंद्रन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशकः

भारत और विदेशों में घोषित प्रगति का वर्ष रहा 2023-24 : टीवी नरेंद्रन

टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने वित्तीय परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024 टाटा स्टील के लिए चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण के बावजूद भारत और विदेशों में घोषित लक्ष्यों की दिशा में प्रगति का वर्ष रहा है। भारत में, जो एक संरचनात्मक रूप से आकर्षक बाजार है, हमने बेहतर मार्जिन प्रदान किया है और वॉल्यूम के साथ-साथ उत्पाद पोर्टफोलियो के मामले में भी अपने पदचिह्न का विस्तार जारी रखा है। हमारी घरेलू डिलीवरी लगभग 19 मिलियन टन के साथ अब तक की सबसे अच्छी थी और चुने हुए बाजार क्षेत्रों में व्यापक सुधार के साथ साल-दर-साल 9% अधिक थी।

## एक नजर में

### भाजमो बर्मामाइंस मंडल की बैठक संपन्न



**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा बर्मामाइंस मंडल की अहम बैठक बमार्माइंस स्थित अटल सामुदायिक भवन में आयोजित हुई। यह बैठक भाजमो बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला के उपाध्यक्ष एम चंद्रशेखर राव ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संगठन पर मजबूती से कार्य करने, संगठन विस्तार करने के लिए कहा। श्री राव ने आगे कहा कि मंडल अध्यक्ष के साथ स्थानीय कार्यकर्ता, बूथ कमेटी अध्यक्ष के साथ स्थानीय 20 कार्यकर्ता, भवन प्रभारी सहित अन्य क्षेत्र में जो भी पुराने रुके हुए विकास के कार्य है उसकी समीक्षा करे, जो नये महत्वपूर्ण कार्य लंबित है उसकी सूची बनाकर सौंपे। इसके लिए तीन दिनों तक व्यापक जन संपर्क अभियान चलाने के लिए कहा गया।

### सभी गाय उनके मालिक को थाना प्रभारी ने सौंपा



**घाटशिला।** घाटशिला के गहनडीह में ट्रक पर लदा दुधारू गाय छोड़ भागे ट्रक चालक मामले में गुरुवार की गायों के मालिक बिहार आरा के भोजपुर निवासी पंकज उपाध्याय ने घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे से मिल आवश्यक कागजात प्रस्तुत किया। इसके उपरांत थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीण, पंचायत के मुखिया तारामनी मुंडा, वार्ड सदस्य बृजेश सोरेन के समक्ष 10 गाय और 3 बछड़ो को उसके मालिक को सौंप दिया गया। गायों के संचालक द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा आरा से खड़गपुर गाय ले जा रहे थे, इसी क्रम में गाड़ी खराब हो गयी थी। गत दो दिनों तक गायों की सेवा के लिए गहन डीह के ग्रामीणों और वार्ड सदस्य बृजेश सोरेन का गाय मालिक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। गायों को आरा से खड़गपुर ले जाने की तैयारी भी शुरू की गई। जानकारी हो कि मंगलवार रात को ट्रक पर 11 गाय और 4 बछड़े छोड़ ट्रक चालक भागने के बाद गहनडीह के ग्रामीणों द्वारा मानवता दिखाते हुए दो दिनों तक उन गायों और बछड़ो की सेवा , भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस क्रम में ट्रक पर एक गाय और उसके बछड़े की मौत हो गई थी। ग्रामीणों के सहयोग से मृत गाय और उसके बछड़े को मिट्टी खोद गाड़ दिया गया। इस सबंध में थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने बताया कि गायों और ट्रक को उनके मालिक को सौंप दिया गया था। उनके द्वारा संबंधित गायों को खड़गपुर ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

### सीतारामडेरा सामुदायिक मैदान में खो-खो शिविर संपन्न



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर खो खो क्लब के तत्वाधान में ग्रीष्मावकाश के अवसर पर खो-खो खेल के प्रशिक्षण शिविर हेतु जमशेदपुर के सीतारामडेरा समुदाय केंद्र मैदान में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज गुरुवार को पूर्वाहन 7 :00 बजे से 8 :00 तक सफलतापूर्वक समापन कार्यक्रम हुआ। मौके पर जमशेदपुर के सामाजिक संगठन राष्ट्रीय जनता संघ के अध्यक्ष शंकर जोशी बतौर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि जमशेदपुर के बिरसानगर स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल के निदेशक अंकित मिश्रा, समाजसेवी सह खेल प्रेमी शंभू मुखी और जिला खो-खो संघ के कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। बतौर मुख्य अतिथि जनता सेवा संघ के अध्यक्ष शंकर जोशी ने जमशेदपुर खो खो क्लब के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर की सराहना करते हुए ग्रीष्म अवकाश के दौरान प्रतिभागी बच्चों ने भरपूर लाभ उठाते हुए खो खो खेल विद्या के बारीकियां से अवगत हुए साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास भी हुआ है,आने वाले जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में यहां के बच्चे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने शिविर के प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र और किट प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम शर्मा ने किया। स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षक सुबोल चटर्जी ने दिया। प्रशिक्षण शिविर में शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 50 बच्चों ने प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जमशेदपुर खो खो क्लब के अधिकारी सदस्यों के अलावा स्थानीय लोगों और बादल, रिंकू आदि का विशेष सहयोग रहा।

### नीरज सिंह के टैंकर से मानगो में किया गया एक दिन में ही एक लाख लीटर पानी का वितरण



**जमशेदपुर।** पश्चिम जमशेदपुर के सभी इलाकों में पानी की किल्लत की समस्या चिंताजनक है। शहर के एक बड़े आबादी वाले क्षेत्र में पिछले दशकों से पानी की समस्या गंभीर है, लेकिन इसे हल करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं। पिछले 48 घंटों से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक है और मानगो के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति लगभग ठप है, जिससे स्थानीय निवासियों को पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि पेयजलापूर्ति विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल हो रहा है, जिससे विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर व्यापक असंतोष फैल रहा है। ऐसी स्थिति में, पानी का टैंकर ही एकमात्र सहारा बनकर उभरा है। शहर के इलाकों जैसे मानगो, सोनारी और कदमा की कई बस्तियों से लगातार फोन कॉल्स आ रहे हैं, जिनमें लोग अपनी पानी की समस्या बताते हुए पानी की आपूर्ति के लिए अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा नेता नीरज सिंह का पानी का टैंकर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो गली-गली जाकर घरों तक पानी पहुंचा रहा है और लोगों की प्यास बुझाकर उनकी सहायता कर रहा है। नीरज सिंह के नेतृत्व में हर दिन सुबह और शाम टैंकरों के माध्यम से लगभग 1 लाख लीटर पानी का नि :शुल्क वितरण किया जा रहा है।

# बस्ती विकास समिति धूमधाम से मनायेगी विश्व पर्यावरण दिवस



- 5 जून को वृहद रूप में वृक्षारोपण कर तुलसी पौधे का वितरण करेगी समिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बस्ती विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बस्ती विकास समिति के अध्यक्ष खेमलाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के पुनर्गठन, विभिन्न बस्तियों की मूलभूत सुविधाओं, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत कार्यकताओं की एकता के लिए बस्ती विकास समिति की सक्रियता पर विशेष रूप से बल दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सूर्य मंदिर परिसर में वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण एवं एग्रिको मैदान में तुलसी पौधे का वितरण किया जायेगा।

# इग्नू बीएड प्रोग्राम सेमिनार के सातवें दिन शास्त्र सम्मत ज्ञान पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की इग्नू बी.एड प्रोग्राम की कार्यशाला के सातवें दिन इग्नू की समन्वयक डॉ. त्रिपुरा झा ने प्रार्थना सभा के साथ प्रथम सत्र में चारों सत्र का विषय प्रवेश कराते हुए शास्त्रसम्मत ज्ञान और 5 इ पाठ योजना पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

प्रथम और द्वितीय सत्र की संसाधन सेवी रही महिला बी.एड कॉलेज चाईबासा में सहायक प्राध्यापिका डॉ. अर्पित सुमन टोप्पो ने शिक्षार्थियों से 'शास्त्रसम्मत ज्ञान और संगठन एवं उसके परिप्रेक्ष्य' विषय पर चर्चा की। डॉ. टोप्पो ने ज्ञान, ज्ञान के प्रकार, ज्ञान निर्माण जैसे मुख्य विषय पर प्रकाश डालते हुए ज्ञान के महत्व पर जोर दिया।

द्वितीय सत्र में डॉ. अर्पित सुमन टोप्पो ने 'विद्यालय पाठ्यचर्या में विषयों का निर्धारण' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा - 2005, एन.सी.इ.आर.टी और उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या -2000 के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अर्पित सुमन टोप्पो के दोनों सत्रों से विद्यार्थी लाभान्वित हुए। तृतीय और चतुर्थ सत्र का विषय 'आभासी परिवेश में पाठ योजनाओं की प्रस्तुति' रहा। इस सत्र में शिक्षार्थियों ने हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषयों पर 5 ई मॉडल आधारित दो - दो पाठ योजनाओं का निर्माण किया। विषय विशेषज्ञों ने शिक्षार्थियों द्वारा निर्मित पाठ योजनाओं की जांच की और अपने मूल्यवान सुझाव दिये।

# श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत को समर्पित छबील लगायी गयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव जी की 418वीं शहादत को समर्पित छबील साकची महिवाल ट्रेवल्स चौक में सामाजिक संस्था झारखंड सिख विकास मंच ने लगायी। इसमें निवर्तमान भाजपा सांसद विद्युत बरण महतो सहित कई लोग शामिल हुए और संगत की सेवा की। सांसद विद्युत बरण महतो के अनुसार सिख गुरुओं और भक्तों का इतिहास बलिदान से भरा है और इस बलिदान से से ही प्रेरणा लेते हुए देश की आजादी में सबसे ज्यादा कुबार्नी दी। आज भी हमारी सीमा इनके कारण सुरक्षित है और राष्ट्र सिख समाज का ऋणी है। तख्त श्री हरि मंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, संस्था के केंद्रीय संस्थापक और सीजीपीसी के संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, अध्यक्ष दलजीत सिंह, महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा आदि ने भी सेवा की।



छबील में सेवा देते सांसद विद्युतबरण महतो व गुरदीप सिंह पप्पू।

# घाटशिला में भी पूर्व सैनिकों ने रांची की घटना के खिलाफ किया पुतला दहन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**घाटशिला।** नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत सेना के जवान की पत्नी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के खिलाफ पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने गुरुवार की शाम जोरदार प्रदर्शन किया। गोपालपुर के शहीद दिलीप बेसरा स्मारक स्थल पर शौर्य चक्र से सम्मानित एक्स वारंट ऑफिसर मो जावेद व एक्स ऑनरी कैप्टन धानो टुडू की अगुवाई में शहीद दिलीप बेसरा के परिजन, पूर्व सैनिक एवं स्थानीय लोगों ने कैंडल जलाकर तथा सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों का पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। शौर्य चक्र से सम्मानित मो जावेद ने कहा कि सेना के जवान की पत्नी के साथ घटित घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनित है। उन्होंने कहा कि सेना का जवान लद्दाख में ड्यूटी करते हुए मां भारती एवं देशवासियों की रक्षा कर रहा था।

# टाटा स्टील ने प्रतिभावान पर्वतारोही काम्या कार्तिकेयन को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज 20 मई को माउंट एवरेस्ट पर विजय का पताका लहरानेवाली काम्या कार्तिकेयन को सम्मानित किया। नेपाल की ओर से माउंट एवरेस्ट पर रिकॉर्ड तोड़ चढ़ाई करने वाली काम्या कार्तिकेयन को टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) का समर्थन प्राप्त है, जिसे महज 16 साल की उम्र में उनके द्वारा हासिल की गई इस दुर्लभ उपलब्धि पर बहुत गर्व है।

काम्या ने इस असाधारण उपलब्धि को हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। असाधारण सफलता के जश्न को मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनकी दुर्लभ उपलब्धि की सराहना की।

मौके पर काम्या के पिता और उसके साथ माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले कमोडोर एस कार्तिकेयन, टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग के चीफ मुकुल विनायक चौधरी व टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के हेड हेमंत गुप्ता भी मौजूद थे। काम्या की जीत के साथ-साथ, इस कार्यक्रम में उनके गुरु और गौरवान्वित पिता कमांडर एस कार्तिकेयन (भारतीय नौसेना) भी मौजूद थे, जिन्होंने भी उनके कुछ ही घंटों बाद दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई पूरी की।

काम्या की सावधानीपूर्वक तैयारी, जिसमें उच्च शिविरों और माउंट लोबुचे के लिए सभी अनुकूलन रोटेशन शामिल हैं, उनकी सफलता में सहायक रही और महत्वाकांक्षी पर्वतारोहियों के लिए एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करती है। टीएसएएफ का दृढ़ समर्थन, वित्तीय रूप से और व्यापक प्रशिक्षण के माध्यम से, काम्या की असीम क्षमता और दृढ़ संकल्प के परिचय का प्रमाण रहा है। काम्या का लक्ष्य अब ग्रैंड स्लैम एक्सप्लोरर चुनौती (सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने और उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर स्की करने का मिशन, जिसे मिशन साहस नाम दिया गया है) को पूरा करना है।




काम्या को सम्मानित करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

# नावा बाजार : हाइवा और बाइक की टक्कर में अधेड़ घायल ग्रामीणों ने हाइवा फूंकी और तीन घंटे एनएच 98 रखा जाम

## नावा बाजार पुलिस ने जामकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

श्यामाधीर मेहता चुनमुन

**नावा बाजार पलामू।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ एनएच 98 पर नावा बाजार में बुधवार की रात 8 बजे हाइवा और बाइक की टक्कर हो गयी। जिसमें नावा बाजार के एनामुल खान (42) पिता मुस्ताक खान गंभीर रूप से घायल हो गया। समाचार के अनुसार छत्तीसगढ़ से हाइवा (सीजी 10 बीआर 0869) कोयला लोड कर एनएच 98 मुख्य मार्ग होते औरंगाबाद की ओर जा रहा था। इस बीच हाइवा ने बाइक चालक को धक्का मार दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर हाइवा चालक के साथ मारपीट की। लेकिन वह जान बचाकर किसी तरह भागने में सफल रहा। घटना के बाद गश्ती पर निकली नावा बाजार पुलिस तुरंत घटनास्थल पहुंच घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। जहां सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देख रांची रिम्स रेफर कर दिया।





**खास बातें :** घटना के बाद आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने नावा बाजार पुलिस के साथ हस्तक्षेप करते हुए एनएच पर खड़ी कोयला लोड हाइवा में आग लगा दी। जिससे हाइवा धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीण दर्जनों वाहनों को भी निशाना बना रहे थे लेकिन वे असफल रहे। ग्रामीणों ने एनएच 98 मुख्य पथ को करीब तीन घंटे तक जाम रखा। इससे दोनों तरफ के वाहन फंसे रहे। घटना की सूचना मिलने पर नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने फोन कर अग्निशमन वाहन को बुलाया। अग्निशमन वाहन के कर्मियों ने करीब 9:30 बजे आग बुझाया। हाइवा के आगे का हिस्सा पूरी तरह खाक को गया। इधर, इंस्पेक्टर राम आशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, छत्तरपुर थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच ग्रामीणों को समझाकर सड़क जाम हटवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद एनएच 98 पथ जाम करने, नाजायज तरीके से गाड़ी तोड़ने एवं जलाने, सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में नावा बाजार थाना में जामकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमें 9 नामजद एवं 80 से 100 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।



**उग्र भीड़ के विरुद्ध पुलिस कर रही कार्रवाई : एसपी रीष्मा रमेसन**- नावा बाजार थाना स्थित एनएच 98 पर एक हाइवा से बाइक सवार एनामुल खान घायल हो गया। नावा बाजार पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए तत्काल मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। जिन्हें रांची रेफर किया गया है। वर्तमान में घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। इसे लेकर एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि घटना के बाद नावाबाजार में जामकर्ता उपद्रवियों ने वाहनों में तोड़फोड़ किया है। उग्र भीड़ द्वारा हाईवा को आग के हवाले कर दिया गया। फायर बिग्रेड के माध्यम से आग पर काबू पाते हुए भीड़ को शांत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नावाबाजार में वर्तमान में स्थिति सामान्य है। उग्र भीड़ के विरुद्ध नावाबाजार थाना में कांड दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### लाल बाबू स्मृति चौक का नामकरण आचार संहिता के बाद : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वार्ड पार्षद स्व लाल बाबू के श्राद्धकर्म में मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर समेत निगम के सभी कर्मचारी व वार्ड पार्षद व शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मौके पर सभी ने पूर्व पार्षद की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रथम महापौर ने कहा कि आचार संहिता के बाद कान्दु मुहल्ला काली मंदिर चौक का नामकरण लाल बाबू स्मृति चौक किया जायेगा। आजसू केंद्रीय सचिव ने सतीश कुमार कहा कि तिथि निर्धारित होने के बाद कार्यक्रम कर बड़ी संख्या में सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता व वार्ड की जनता के बीच चौक का नामकरण होगा। पूर्व वार्ड पार्षद का निधन शहरवासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में लगभग सभी वार्ड पार्षद, बिवेकानंद त्रिपाठी, चंचला देवी, अंजना देवी, दिलीप दिलू, प्रदीप अकेला, टिंकल गुप्ता, डॉ नरेश प्रसाद, निगम के प्रधान सहायक नीरज प्रसाद, अशोक सिंह, विनय कुमार, पवन प्रसाद, दर्जनों कर्मचारी, वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव, भाजपा नेता सुनील गुप्ता, बिजय चंद्रवंशी, महेश, लाल्टु, माले नेता ललन प्रजापति, इप्टा के प्रेम प्रकाश, डॉ कुलदीप, बलराम राम, राहुल सत्यार्थी अधिवक्ता, अंबिका प्रसाद, सुधीर कुमार, अधिवक्ता सुनील, बैंक शाखा प्रबंधक दुर्गेश कुमार, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नगर अध्यक्ष यज्ञ नारायण कुमार, अखिल झारखंड चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष रंजन सिंह समेत संगठन के दर्जनों पदाधिकारी व वार्ड के सैकड़ों लोग समेत सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कम राशन देने का आरोप सरासर गलत

**पाटन पलामू।** प्रखंड में डीलर संघ ने डीएसडी पर कम राशन देने का आरोप लगाया था जिसके विरुद्ध में डीएसडी उदय सिंह ने कहा है कि डीलर संघ का आरोप सरासर गलत एवं निराधार है। डीएसडी श्री सिंह ने कहा कि आपूर्ति विभाग द्वारा दिया गया डीलरों को तौल कांटा मशीन पर 25 केजी का नमक का बोरी चढ़ाने पर 22/75 शो करता है और 50 केजी चावल का बोरा चढ़ाने के बाद 45 केजी लगभग वजन होता है। जबकि सरकार द्वारा दिया गया तौल कांटा से ही राशन प्राप्त करना है लेकिन जब डीलर का तौल कांटा ही खराब रहेगा तो राशन कम होगा ही। उन्होंने कहा कि डीलरों का राशन अगर उनके रास्ते में पड़ता है तो धर्म कांटा पर तौल कर भेजा जायेगा। कहा कि डीएसडी पारदर्शिता के साथ काम कर रहा है। कुछ बिचौलिये बदनाम करने की नियत से ऐसा काम कर रहे हैं।

### साधना सदन में तीन दिवसीय धर्मप्रांतीय सम्मेलन संपूर्णता का जीवन आयोजित



**मेदिनीनगर।** साधना सदन चियांकी में तीन दिवसीय धर्मप्रांतीय सम्मेलन संपूर्णता का जीवन का आयोजित किया गया। डालटनगंज धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष श्रद्धेय बिशप थियोडोर मस्कारेन्हस एस एफ एक्स ने मिस्सा बलिदान अर्पित किया। अपने उपदेश में बिशप स्वामी ने कहा प्रभु हम सबको चुना है और हमने उनको सुना है। अतः अच्छे काम करते रहें। मिस्सा के तुरंत बाद दीप प्रज्ज्वलन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के लिए दिल्ली से आयी टीम दो दिनों तक इन युवाओं को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात सब मेहमानों का स्वागत किया गया। वक्ताओं को शॉल से सम्मानित किया गया। सभी सहभागी युवा साथियों का भी जोरदार स्वागत किया गया। इसी बीच फादर यशवीर मिंज ने नये धर्मप्रांतीय युवा निदेशक की घोषणा बिशप स्वामी ने की। मौके पर बिशप स्वामी के अलावा फादर यशवीर, फादर अमरदीप, ब्रदर जेम्स, दिगेश्वर भोक्ता, धर्म बहनें और लगभग 100 युवा मौजूद थे।

### वोट देकर भाजपा को जितायें : सीता सोरेन



**मेदिनीनगर।** दुमका जिला भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में विशाल रोड शो का आयोजन किया गया। जो दुमका शहर के यज्ञ मैदान से प्रारंभ होकर टीन बाजार चौक होते पोखरा चौक स्थित सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। रोड शो में प्रत्याशी सीता सोरेन समेत सभी लोगों ने मतदाताओं से 1 जून को कमल फूल छाप में वोट देकर भाजपा को जिताने का आग्रह किया। मौके पर दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन, पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी, नगर मंडल प्रभारी जेबी तुबिद, सदर मंडल प्रभारी अविनाश वर्मा, प्रो अंजना मुर्मू, सोनी हेंब्रम, अमित रक्षित, प्रिया रक्षित, रीना मंडल, ऋषि शर्मा, मंडल महामंत्री दीपक सिंह, सूरज केसरी, राजेश वर्मा, दुमका विस विस्तारक विजेंद्र ओझा एवं आकाश वर्मा समेत सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल थे। जो बड़ी गाड़ियों के साथ बाइक से पार्टी का झंडा लगाकर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद व बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगा रहे थे।

### सहायिका ने सीडीपीओ पर लगाया उम्र पूरा हुए बिना रिटायर करने का आरोप

**पाटन पलामू।** प्रखंड के आंगन बाड़ी केंद्र कोड संख्या 86 मझौली की सहायिका सगुनी देवी ने पाटन सीडीपीओ पर बिना उम्र पूरा हुए ही रिटायर्ड करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट का वास्तविक उम्र 62 वर्ष है जबकि सगुनी देवी का आधार कार्ड के अनुसार उम्र 52 वर्ष है। इसके बावजूद पाटन सीडीपीओ ने सहायिका सगुनी देवी को 30 अप्रैल को रिटायरमेंट का लेटर दे दिया है। इसे लेकर सगुनी कार्यालय का चक्कर काट रही है लेकिन कोई उसकी व्यथा सुनने वाला नहीं है। सगुनी ने पाटन सीडीपीओ को आवेदन देकर जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित कागजात जांचकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि करीब 20 वर्षों से सहायिका के रूप में कार्य कर रही हूं।

# फायरिंग मामले में एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष गिरफ्तार, रायफल भी जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के सतगांवा में बुधवार को दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह द्वारा फायरिंग किए जाने के मामले में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दी है। साथ ही उनके लाइसेंसी रायफल को जब्त कर लिया है।

इस संबंध में दोनों पक्षों द्वारा हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रथम पक्ष रंजीत कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी संख्या 76/2024 के अनुसार वह अपने रैयती जमीन का घेराबंदी करा रहे थे। इस दौरान मनीष कुमार सिंह वहां आकर अपना जमीन बताते हुए बाउंड्री देने से मना किया। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। इसी बीच मनीष कुमार सिंह अपने लाइसेंसी रायफल से रंजीत कुमार सिंह को लक्ष्य कर गोली चला दी। साथ ही मारकर दफन करने की धमकी भी दी है। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। इस मामले में मनीष सिंह के अलावा धनंजय सिंह तथा राहुल सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।



### गोली चालन की सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस, की त्वरित कार्रवाई

गोली चालन की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। बाद में मनीष कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उधर, थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि मनीष कुमार सिंह ने भी रंजीत कुमार सिंह के अलावा एनसीपी जिला सचिव अजय कुमार सिंह उनके भाई विजय सिंह तथा राजू सिंह के खिलाफ उनके साथ मारपीट करने की प्राथमिकी कांड संख्या 77/2024 दर्ज कराया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

हिट वेव का सामना करने के लिए पलामू स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद

# व्यक्ति की सतर्कता ही हिट वेव से बचाव है: सिविल सर्जन डॉ अनिल

खबर मन्त्र संवाददाता



हिट वेव से बचाव के बारे में जानकारी देते सिविल सर्जन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला का तापमान विगत दो दिनों से लोगों पर कहर बरपा रहा है। मौसम विभाग के द्वारा पलामू का तापमान 47-48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिस कारण तपती धूप से लोग परेशान हो गये हैं। वहीं दूसरी ओर तापमान बढ़ने के साथ ही सरकारी अस्पतालों के अलावे निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है। इसे लेकर पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में काम कर रही है। उक्त बातें सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने एमएमसीएच मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हिट वेव का सामना करने के लिए पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपना बचाव करना चाहिए। यह एक प्राकृतिक आपदा से कम नहीं है। इसमें व्यक्ति को अपने परिवार की चिंता करते हुए बचाव करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिट वेव से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय हैं इसे हर व्यक्ति को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 बजे के बाद यदि घर से बाहर निकलते हैं तो पानी पीकर निकलें। चेहरे को गमछा व तौलिया से ढंककर रखें। मास्क को पानी में भिंगोकर लगायें। ओआरएस का घोल लेते रहें। प्यास नहीं लगने के बावजूद कंठ-गला तर रखने के लिए बीच-बीच में पानी पीते रहें।

# नसीब खलीफा भीषण गर्मी में पक्षियों को पिला रहे पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

■ तीन वर्षों से पक्षियों के लिए करते आ रहे हैं पानी की व्यवस्था



**नावा बाजार पलामू।** भीषण गर्मी की वजह से पूरा जनजीवन प्रभावित हो गया है। आदमी तो पानी की व्यवस्था किसी तरह कर ले रहा है, लेकिन पशु पक्षी पानी के लिए भटकते देखे जाते हैं। गर्मी से जल स्त्रोतों के पानी सूख गये जिससे आदमी व पशु पक्षी को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी को देख सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरण के क्षेत्र में रूचि रखने वाले नसीब खलीफा पक्षियों की प्यास बुझाने का मुहिम पिछले तीन सालों से चला रहे है। जिसमें लोगों के द्वारा उपयोग में लाये गये पानी के बोतलों का उपयोग कर पक्षियों के प्यास बुझाने के लिए अपने आसपास के पेड़ पौधे और नजदीक के जंगलों में जाकर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है। थोड़े से प्रयास से घरों के आस पास परिंदों की प्यास बुझायी जा सकती है।

# हुसैनाबाद: प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी है, एक महिला की हुई मौत

गौतम पटेल

■ गर्म हवा और लू की चपेट में आने वाले दर्जनों लोग अस्पताल में भर्ती



**हुसैनाबाद पलामू।** लगातार एक सप्ताह से प्रचंड गर्मी व गर्म हवाओं की लू का प्रकोप जारी, सूर्य के किरणें आग की तरह धरती पर बरस रही है। गुरुवार को गर्मी की तपिश में कोई गिरावट नहीं आयी। वहीं क्षेत्र के आम अवाम को सावधानी बरतने छोटे बच्चों को घर से बाहर न निकलने की हिदायतें दी जा रही हैं। बावजूद हुसैनाबाद के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों मरीज अनुमंडलीय अस्पताल में ईलाजरत हैं। अस्पताल में सभी का ईलाज किया रहा है। इसी बीच हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी कला गांव की राजू राम की पत्नी सांता देवी की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि वह लू की चपेट में आ गयी थी। उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी से चिकित्सा विभाग भी अलर्ट मोड में है। पर्याप्त मात्रा में ओआरएस आदि के घोल भर्ती मरीजों को दिया जा रहा है।

### पांडेयपुर का नाबालिग दो दिनों से लापता



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के पांडेयपुर निवासी अनिल यादव का पुत्र प्रिंस (12) पिछले दो दिनों से लापता है। परिजनों ने हर संभावित जगह उसकी तलाश की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। गुरुवार को अनिल ने बेटे की गुमशुदगी का मामला रेहला थाना में दर्ज कराया। बताया कि 29 मई को दोपहर 12 बजे प्रिंस घर से बाहर निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला बेहोश



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडलीय अस्पताल में एक अज्ञात 21 वर्षीय महिला को राहगीरों ने गुरुवार को बेहोशी के हालत में सड़क किनारे पाया। लोगों ने उसे उठा कर अस्पताल में भर्ती कराया एवं मानवता का परिचय दिया। हालांकि अस्पताल पंहुचाने वाले व्यक्तियों ने किस स्थान से उठाया, इसकी जानकारी नहीं दी। वहीं अस्पताल के डॉक्टरों ने उक्त महिला का उपचार किया। जिससे पता चला कि वह महिला भंटा मार नामक जहरीला पदार्थ खा ली है। डॉक्टरों ने काफी मशक्कत के बाद महिला की हालात पर काबू पाया। फिलहाल महिला का स्वास्थ्य ठीक बताया जा रहा है। उक्त महिला का नाम मंजू देवी पति सनोज पासवान है। वह बिहार के रोहतास जिले के तिउरा की रहने वाली है। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में उसका मायके है। घटना की जानकारी मिलते ही मायके वाले पहुंच गये हैं।

### गर्मी से रेलवे स्टेशन पर बेहोश होकर गिरा यात्री



**मेदिनीनगर।** पलामू में तेज धूप के कारण जहां एक ओर अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर ट्रेन व बस से यात्रा करने वाले लोगों के उपर भी बेरूखी मौसम कहर बरपा रही है। गुरुवार की दोपहर में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसे स्थानीय यात्रियों ने जीआरपी को सूचना दिया। जीआरपी थाना पुलिस ने सूचना पाते ही वहां पहुंचकर उक्त व्यक्ति को ईलाज के लिए एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया। इस व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के कानपुर जुही कॉलोनी के रहनेवाले अनिल कुमार अवस्थी के रूप में किया गया है। यह व्यक्ति कहां से कहां जा रहा था और इसके साथ कौन लोग थे यह पता नहीं चल पाया है। फिलहाल व्यक्ति का ईलाज चल रहा है।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर परिचर्चा में जुटे कई पत्रकार

खबर मन्त्र संवाददाता

■ फ्रांस की क्रांति से लेकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका

**मेदिनीनगर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ, मासिक पत्रिका सुबह की धूप एवं झारखंड पत्रकार संगठन ने दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत इप्टा कार्यालय में इतिहास के पन्नों में पत्रकारिता एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य विषय पर परिचर्चा से हुई। मौके पर कई दैनिक अखबारों के पत्रकार शामिल हुए। परिचर्चा के क्रम में पत्रकारों ने कहा कि फ्रांस की क्रांति से लेकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिस वक्त भारत में पत्रकारिता की शुरूआत हुई उसे वक्त हमारा देश अंग्रेजों का गुलाम था। अंग्रेजी पत्रकारिता अपने ढंग से पत्रकारिता कर रही थी। जब हिंदी पत्रकारिता की शुरूआत हुई तो राष्ट्रीय आंदोलन को एक ताकत मिली। हिंदी पत्रकारिता ने देश में एकता और अखंडता की नींव रखने में अहम भूमिका निभायी।

### पैक्स समिति अध्यक्षों की समीक्षा बैठक एक को

**पाटन पलामू।** पैक्स/समिति अध्यक्षों की एक समीक्षा बैठक एक जून को अपराह्न साढ़े तीन बजे से पाटन प्रखंड सभागार में रखी गयी है। जिसमें सभी पैक्स अध्यक्ष अनिवार्य रूप से अपने प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होंगे। इसकी जानकारी पाटन प्रखंड के एमओ सह पैक्स पदाधिकारी संजय कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक में पैक्सों का खाद बीज का लाइसेंस निर्गतीकरण, पैक्सों के कंप्यूटरीकरण, 100/500 एमटी गोदाम निर्माण, 05 एमटी कोल्ड स्टोर निर्माण, सदस्यता वृद्धि पर चर्चा होगी।

## हरिहरगंज: ट्रक के धक्के से बाइक चालक घायल, रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को ट्रक के धक्के से 60 वर्षीय सेवानिवृत्ति पशुधन सहायक रविंद्र कुमार सिंह घायल हो गये।

स्थानीय लोगों की सूचना पर सीएचसी का एंबुलेंस आकर उन्हें अस्पताल ले गया। जहां उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देख डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया है। मालूम हो कि रविन्द्र कुमार सिंह पिपरा थाना क्षेत्र के बभंडी गांव स्थित अपने घर से बाइक द्वारा हरिहरगंज की ओर आ रहे थे। तभी ढाब कला गांव के समीप एनएच 98 पर अज्ञात ट्रक ने उन्हें धक्का मार दिया।

अबुआ आवास : हुसैनाबाद में मुखिया और प्रखंड कार्यालय में बाबुओं का कमाल

# आवास के लिए जाति व टाइटल को ही बेच डाला, जांच हुई तो कई जायेंगे जेल

■ भारी अनियमितता की खबर लेकिन नहीं होती कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के बैराव पंचायत में झारखण्ड सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार की खुली छूट की खबर हुसैनाबाद प्रखण्ड में पूर्व से प्रकाशित होते आ रही हैं लेकिन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और प्रखण्ड कर्मियों की निरंकुशता की महिमा अपरम्पार पर है। देखिए हुसैनाबाद में गरीबों व जरूरत मन्द नागरिको के लिए आवास योजना में कैसे भ्रष्टाचार होता है। इस संबंध में प्रखंड के ग्राम पंचायत बैराव की जनता अब गोलबंद होकर मुखिया के कारनामों का पोल खोल दी है। इस सबन्ध में सैकड़ो की संख्या में ग्राम पचंम्बा के लाभुकों व प्रबुद्ध लोगो ने मुख्यमंत्री ,राज्य के मुख्य सचिव व जिला समेत सभी अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए मुखिया आत्ममेश कुमार सिंह व प्रखण्ड के कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। दरसल मुखिया व

### पचंबा के ग्रामीणों ने उपायुक्त व बीडीओ से की कार्रवाई की मांग



सैकड़ों ग्रामीणों ने एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त पलामू व हुसैनाबाद बीडीओ को दिया है। जिसमे आवेदन में लिखा है कि ग्राम पचंबा में सक्षम व चल अचल संपत्ति से परिपूर्ण व्यक्तियों को आवास में चयन किया है। उतना ही नही जानकारी को छुपाते हुए राजपूत जाती जेनरल कटेगरी के व्यक्ति को ओबीसी और एससी दिखाया गया हैं जो बिल्कुल अपराध के श्रेणी में आता हैं। एससी ओबीसी की हकमारी की मामला बनता है। ग्रामीणों ने कहा है मुखिया आत्मेश सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह की भूमिका से यह कार्य हुआ है। इधर, मुखिया का कहना है कि आवास में मेरा किसी प्रकार का रॉल नही है। सूची आवास विभाग और सबंधित कर्मियों द्वारा की जाती हैं । लेकिन सवाल उठ रहा है कि बिना मुखिया के ग्राम सभा हुआ कैसे और सूची में ग्राम सभा का जिक्र कैसे है?

# उच्चस्तरीय पुल के निर्माण में बरती गयी भारी अनियमितता : संग्राम सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पंचायत के सतौवा में बेलाही नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने किया। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से मिली शिकायत पर पुल निर्माण का जायजा लेने पहुंचे तो पता चला कि पुल का एक स्लैब 20 मई को ढलाई हुआ है जबकि ढलाई के समय कोई विभागीय अभियंता मौजूद नहीं थे। राज कंस्ट्रक्शन का संवेदक ढलाई कर चुका है। 24 मई को स्लैब के साइड का सेंट्रिंग खोल दिया गया। निर्माण स्थल पर साईट इंचार्ज समेत कोई भी नहीं था। उन्होंने कहा कि स्लैब का सेटरिंग इतने कम दिन में खोलने का कारण पूछने पर मिस्त्री बुधन ने बताया कि हमलोग तीन चार दिन में ही सेंट्रिंग खोल देते हैं यहां तो 4/5 दिन में खोला गया है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के अभियंता कैसा मेटेरियल और सीमेंट से पुल के स्लैब का निर्माण करा रहे हैं कि 4/5 दिन में सेंट्रिंग खोल दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में ना क्यूरिंग देखा गया और ना ही प्राक्कलन के अनुसार कार्य हो रहा है।

### जिप सदस्य ने पुल निर्माण का लिया जायजा



ऐसी परिस्थिति में पुल निर्माण में किसी तरह का त्रुटि पाया गया तो जिम्मेवार कौन होगा। ऐसे ही संवेदक के घटिया निर्माण से निर्माणाधीन संरचना जीर्ण शीर्ण हो जाता है जो संरचना स्लैब प्राक्कलन के अनुरुप ढलाई नही किया गया है और न सेंट्रिंग रखा गया है। श्री सिंह ने कहा कि स्लैब को तोड़कर फिर से स्लैब निर्माण कराया जाये अन्यथा विभागीय मंत्री और सचिव को लिखित शिकायत 4 जून के बाद दी जायेगी। इधर ग्रामीणों की शिकायत है कि उच्चस्तरीय पुल निर्माण में घटिया मेटेरियल डाला जा रहा है जो जनहित में बहुत गलत है।

# भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री का भाजपाईयों ने किया स्वागत



सम्मानित करते भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन का गुरुवार को गढ़वा आगमन पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। शहर के होटल विनस में ठहरे मंत्री का नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय की ओर से भगवान बिरसा मुंडा का मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि राष्ट्रीय मंत्री मेनन भाजपा नेता राजीव राज तिवारी के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आये थे।

मौके पर भाजपा नेता प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, सुरेन्द्र राम, विशाल गुप्ता, छोटन सोनी, विनोद जायसवाल, अंजलि गुप्ता, कंचन जायसवाल, उषा देवी, धनंजय तिवारी आदि मौजूद थे।

## कैदी की इलाज के दौरान मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मृतक अखिलेश राम

**गढ़वा।** गढ़वा मंडल कारा में विचाराीन कैदी अखिलेश राम की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कैदी टीबी की बीमारी से ग्रसित था। अखिलेष को छह माह पूर्व साइबर एक्ट के मामले में दिसंबर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिले के श्री बंशीार अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चेचरिया गांव निवासी 34 वर्षीय अखिलेश कुमार पिछले कई माह से जेल में बंद था। मृतक का वक्त जेल से ज़्यादा सदर अस्पताल में ही गुजरा क्योंकि उसे टीबी का मरीज बताया जा रहा है। उसकी मौत का कारण भी टीबी ही बताया जा रहा है। बावजूद जेल प्रबंान द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## भीषण गर्मी से नौनिहाल हुए बेहाल, चेतनासत्र में बच्चे हुए अचेत

**बिहारशरीफ।** भीषण गर्मी का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। बिहार सरकार के तानाशाह रवैया के कारण इस भीषण गर्मी में भी छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने के लिए मजबूर है। बताया जाता है कि इस्लामपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पत्तिविगहा मे गुरुवार को सुबह 6 बजकर 45 मिनट मे चेतना सत्र के दौरान विद्यालय मे कक्षा 4 में पढ़ने वाला छात्र अमित रंजन कुमार भीषण गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर गया। छात्र के बेहोश होकर गिरने पर विद्यालय के शिक्षकों के होश उड़ गए।आनफान मे बेहोश हुए छात्र को विद्यालय कक्षा मे लाकर पानी छीटकर होश मे लाकर उसके परिजन को बुलाकर इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास भेजा गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया की विद्यालय मे सुबह चेतना सत्र के दौरान लाइन मे खड़े विद्यालय का अमित रंजन कुमार नामक छात्र भीषण गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर गया था लेकिन छात्र अब पुरी तरह से ठीक है। उसकों निजी चिकित्सक के यहां इलाज करवाकर उसे घर भेज दिया गया है। स्थानीय ग्रामिणों ने बताया कि जिस तरह से रोजाना गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा सरकार को सभी सरकारी विद्यालय को इस भीषण गर्मी मे गर्मी की छुट्टी दे देना चाहीए। ताकि छोटे छोटे बच्चों को गर्मी से राहत मिल सके लेकिन शिक्षा विभाग अधिकारी के अड़ीयल रवैया के कारण इस तपती भीषण गर्मी मे भी सरकार ने फरमान जारी कर सभी सरकारी विद्यालय को 6 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक खोलने आदेश दिया है, जिसमे छात्रों को 6 बजे से 12 बजे तक पढ़ाया जाता है और शिक्षकों की उपस्थिति 1 बजकर 30 मिनट तक रहती है।

### बिहार में हीटवेव से पिछले 24 घंटे में

# आठ लोगों की मौत, मौसम विभाग ने किया अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** बिहार में पिछेल दो दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मोहाल कर दिया है। स्थिति ऐसी है कि लोगों के घरो और ऑफिस में लगे एसी भी प्रचंड गर्मी के आगे फेल हो रहे है। बिहार में भीषण गर्मी और लू की वजह से पिछले 24 घंटे में राज्य के भोजपुर, रोहतास, गोपालगंज, औरंगाबाद और अरवल जिले में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच मौसम विभाग ने गुरुवार को भी बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक जून तक लू की स्थिति यथावत जारी रहने का अनुमान है। इसके बाद धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी। बिहार, झारखंड, ओडिशा, विदर्भ, छत्तीसगढ़, जम्मू संभाग और हिमाचल प्रदेश में भी शुक्रवार तक लू की स्थिति गंभीर बने रहने का अनुमान है। सबसे ज्यादा भोजपुर जिले में तीन लोगों की हीटवेव से जान चली गई। वहीं, गोपालगंज में भी नेपाल जा रहे एक पर्यटक ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। इस भीषण गर्मी में लू लगने से भागलपुर जिला पुलिस बल में तैनात दारोगा देवनाथ राम की जान चली गई। दारोगा चुनाव ड्यूटी में रोहतास जिले के डेहरी स्थित पुलिस लाइन पहुंचे थे। जहां बुधवार दोपहर तबीयत खराब होने पर सासाराम सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दारोगा भोजपुर के बिहियां थाना क्षेत्र के औराई नवादा गांव के रहने वाले थे। अरवल में चुनाव ड्यूटी के लिए अरुणाचल प्रदेश से आए हेड कांस्टेबल निक्कू अहुजा की भी मौत हो गई। उनकी ड्यूटी उत्क्रमित विद्यालय रामपुर चौरम में लगाई गई थी। गोपालगंज में महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले एक पर्यटक की मौत लू लगने से हो गई। पर्यटकों के एक दल के साथ सोमनाथ आगरे (60) नेपाल के काठमांडू जा रहे थे। बरौली के मिजार्पुर बाजार के पास बस में सवार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। गोपालगंज सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। रोहतास जिले के करगहर बड़हरी बाजार में वृद्धा तेतरा देवी और औरंगाबाद के आंजन के शिवनारायण सिंह के अरुण सिंह की मौत हो गई। भोजपुर जिले में बीते 24 घंटे के भीतर लू से तीन लोगों की मौत हुई। जगदीशपुर, बड़हरा और गजराजगंज थाना इलाके में ये मौतें हुईं।

## शर्बत और नींबू पानी पिलाने का सेवा कार्य जारी

**पूर्णिया।** विश्व हिन्दू परिषद् के आयाम मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी पूर्णिया द्वारा भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए आम आवाम को राहत देने के उद्देश्य से लगातार शर्बत और नींबू पानी पिलाने का सेवा कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की मां बहनों ने गुलाब बाग जीरोमाइल स्थित पंचमुखी बालाजी हनुमान मंदिर के पास शिविर लगाकर आम लोगों को नींबू पानी और शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने की सराहनीय कोशिश की। वहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों ने अपनी अपनी गाड़ी रोककर मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की मां बहनों के हाथों शर्बत और नींबू पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। यह सेवा कार्य विहिप पूर्णिया जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार के निर्देश पर चलाया गया। हजारों राहगीरों ने नींबू पानी और शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई।

## खबर एक नजर में

### विच्छेद के बाद ऊर्जा चोरी को लेकर छापेमारी, दो के खिलाफ केस दर्ज

**अररिया।** फारबिसगंज ग्रामीण इलाकों में विद्युत बकाया बिल का भुगतान नहीं होने पर विच्छेद के बावजूद उपभोग करने वाले दो उपभोक्ताओं को विभाग की टीम ने छापेमारी कर रंगेहाथ पकड़ा। कनीय विद्युत अभियंता अमित राज के नेतृत्व में बनायी गयी टीम ने छापेमारी में भागकोहलिया वार्ड संख्या 14 मझुआ में रवि शंकर चौधरी पिता स्वर्गीय मनोज कुमार चौधरी को विद्युत विच्छेद के बावजूद बिजली चोरी कर उपयोग करते पकड़ा। टीम ने भागकोहलिया पंचायत के ही मियां हाट वार्ड नंबर 10 में अरुण कुमार मंडल पिता- स्व. पृथ्वी मंडल को बिजली चोरी कर उपयोग करते पकड़ा। दोनों के खिलाफ जुमार्ना लगाते हुए फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 354/24 दिनांक -30.05.2024 विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। केस के अनुसंधानकर्ता प्रीति कुमारी बनाई गई।

### दहेज के लिए गर्भवती रुखसाना की हत्या

**पूर्णिया।** रुखसाना की हत्या इसलिए कर दी कि उसके घर वाले ने ससुराल वालों को दो लाख रुपये और मोटरसाइकिल दहेज में नहीं दी। घटना से पूरा इलाका स्तब्ध है। रुखसाना चार बच्चे की मां के साथ ही 6 महीने की गर्भवती भी थी। महिला को बुरी तरह मारा और पीटा गया है। घर वालों ने बताया कि पहले महिला को बुरी तरह पीटा गया। हाथ के नस भी काट दिए गए हैं और फिर उसके प्राइवेट पार्ट को भी बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया। घर वाले इतनी बड़ी घटना से काफी दुखी है एवं उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि चार-चार बच्चों की मां रुखसाना को दरिंदों ने कैसे मार दिया। शादी के इतने दिनों बाद इस घटना को अंजाम उसके ससुराल वाले देंगे यह कल्पना नहीं थी। पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस मामले में पति, ससुर और देवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रुखसाना की सास और भैंसुर फरार हैं। मामला डगरूआ थाना के धनगामा डुमरा गांव का है। तीस वर्षीय रुखसाना कटिहार के कदवा थाना क्षेत्र के खुशहालपुर की रहने वाली थी। इसकी शादी दस वर्ष पूर्व पूर्णिया डगरूआ के अजीजुल रहमान 35 से हुई थी, जिससे उसे एक बेटा और तीन बेटियां थी।

### मीडिया, साहित्य और राजनीति विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा।** एम एल टी कॉलेज सभागार में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गुरुवार को आईक्यूएसी द्वारा मीडिया, साहित्य और राजनीति विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो.शिवनारायण ने कहा प्रतिरोध पत्रकारिता का मूल है। प्रतिरोध से न्याय का रास्ता निकलता है। उन्होंने कहा व्यक्ति और समाज की पीड़ा को निडरता से उजागर करना ही पत्रकारिता है। दुखी मन से कोई बात यदि हृदय से निकलता है तो वह हमेशा सच होता है। उन्होंने कहा साहित्य का जन्म ही दुख और करुणा से हुआ है। दुखी लोगों को न्याय मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा पहले के पत्रकार साहित्यकार होते थे। भाषा की साधना के बिना पत्रकारिता नहीं हो सकती लेकिन आज ना पत्र है ना तार है लेकिन बनते पत्रकार हैं। महाविद्यालय में आधारभूत संरचनाओं का काफी अभाव है। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति को राजनीतिक चेतना से लैस रहना चाहिए। मणि भूषण वर्मा ने कहा समाज के निर्माण के साथ-साथ सत्ता और मीडिया भी अस्तित्व में आ गई। महाभारत में संजय मीडिया का ही कार्य करता था। व्यक्तिवाद की पूजा मीडिया का सबसे बड़ा दुर्गुण है। उन्होंने कहा मीडिया के लोगों को निष्पक्ष और निडर होकर अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। कवि शहंशाह आलम ने कहा पत्रकारिता में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की बातों को उजागर करना चाहिए ना कि केवल किसी सत्ता पक्ष का। प्रधानाचार्य प्रो डॉ पवन कुमार ने कहा साहित्य हमें संस्कार देती है, राजनीति हमें व्यवस्थित होना सिखाता है जबकि मीडिया हमें हमेशा राह दिखाने का काम करता है। डॉ शिशिर कुमार मिश्रा ने कहा साहित्यकार दूरदर्शी होते हैं। हिंदी मीडिया लगभग 200 वर्षों से कार्यरत है। मीडिया को सशक्त होना चाहिए। डॉ लाला प्रवीण ने कहा विपरीत हालात में पत्रकारिता करना ही सही पत्रकारिता है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ सिद्धेश्वर कश्यप ने कहा मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। मीडिया राष्ट्र की लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के साथ-साथ अधिकार और कर्तव्यों का निर्वहन करता है। स्वतंत्रता आंदोलन में साहित्यकार और पत्रकार की अहम भूमिका रही है। सच्चाई जानने और सच्चाई लिखने के लिए कार्य क्षेत्र में धरातल पर जाना होता है। डॉ जैनेंद्र ने कहा मीडिया आज दिशाहीन हो रही है। किसी पार्टी या व्यक्ति विशेष के लिए कार्य नहीं होनी चाहिए। मीडिया में निष्पक्षता होनी चाहिए। डॉ रुपेश कुमार झा ने कहा उद्देश्य विहीन धारा किसी काम का नहीं। पत्रकारिता में जाति, धर्म का कोई स्थान नहीं। साफ सुथरी पत्रकारिता ही समाज को विकृति से दूर कर सकती है। आईक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ अभिषेक नाथ ने प्रशाल को कार्यक्रम के विषय वस्तु से अवगत कराया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ उदय कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ संजीव कुमार झा, डॉ मयंक भार्गव, डॉ दीप्ति झा, डॉ सतीश दास, डॉ सुमन कुमार, प्रेम शंकर सिंह, डॉ प्रशांत कुमार मनोज, अमित कुमार सिंह, अतुल कुमार सिंह, चंदन कुमार एवं दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# डीडीसी ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर दिये निर्देश



बैठक करते डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय गढ़वा के सभागार में गुरूवार को डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्र ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में अबुआ आवास एवं मनरेगा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अबूआ आवास योजना की समीक्षा के दौरान डीडीसी ने जिन लोगों को पहली किस्त की राशि दी गई है, उन सभी को प्लिंथ (फाउंडेशन) स्तर का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को दिया। साथ ही संबंधित पंचायत के मुखिया को भी इस कार्य में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया।

ऐसे लाभुकों को फाउंडेशन लेवल तक का कार्य करने के उपरांत ही दूसरे किस्त की राशि उनके खाते में हस्तांतरित किये जाने की बात कही। वहीं मनरेगा की समीक्षा के दौरान जिन कुओं की खुदाई कार्य शुरू हो गई है, उसे 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं मनरेगा कर्मियों को निर्देशित किया कि मनरेगा की योजनाओं को बरसात शुरू होने से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें एवं अिाक से अिाक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करायें। उन्होंने सभी मुखिया को 15वें वित्त आयोग की राशि से सभी चापाकल की मरम्मति तथा जलमीनारों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, मुखिया शरीफ अंसारी, बसंत चौबे, मुखराम भारती, कौशल्या देवी, नारद तिवारी, रविंद्र राम, बीपीओ मनरेगा अरुण देव सिंह, ब्लक को-अर्डिनेटर प्रिया, ब्लक, को-आर्डिनेटर शिखा कुमारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव चंद्रदेव तिवारी, विनोद गुप्ता, सुरेश चौधरी, विकास चौबे, अमित कुमार, सीमा कुमारी समेत रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## 24 मवेशियों के साथ दो गिरफ्तार

**रमना।** रमना पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 24 मवेशियों को कबिसा गांव से जब्त किया है। साथ ही दो पशु तस्कर श्री बंशीधर नगर के कावन गांव निवासी अली हुसैन अंसारी एवं नरेश भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी असफाक आलम ने बताया कि रेलवे लाईन मार्ग से गढ़वा की तरफ पशु तस्करों द्वारा मवेशी ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कविसा गांव के रेलवे लाईन से पशु तस्करों को दबोचते हुए 24 पशुओं को जप्त किया गया। साथ ही गिरफ्तार पशु तस्कर अली हुसैन अंसारी एवं नरेश भुईयां को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## करंट लगने से सफाईकर्मी की मौत को लेकर प्रदर्शन

**भागलपुर।** भागलपुर रेलवे स्टेशन परिसर के यार्ड में गुरुवार को रेल डब्बे की सफाई करने के दौरान कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान मिरजानहाट समरसपुर के रहने वाले भारतकेश सिंह के रूप में हुई है। कर्मचारी के मौत के बाद सभी सफाई कर्मी एक जुट होकर मृतक के परिवार को मुआवजे की मांग को लेकर रेलवे स्टेशन परिसर में विरोध प्रदर्शन करने लगे।

## पांच दिवसीय कराटे व बाक्सिंग प्रशिक्षण का समापन, प्रशिक्षु सम्मानित



सम्मानित प्रषिक्षुओं के साथ अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** 26 से 30 मई तक शहर के सहिजना हनुमान नगर छठ घाट स्थित कराटे प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय कराटे व बक्सिंग प्रशिक्षण शिविर समाप्त हो गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गढ़वा पुलिस अवर निरीक्षक अनमोल तिवारी ने प्रशिक्षुओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर गढ़वा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों को बहुत जल्द स्टेडियम उपलब्ध करा दिया जाएगा। किक बॉक्सिग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ियों को जो भी खेल सामग्री चाहिए, उन्हें बहुत जल्द मुहैया करा दिया जाएगा। सम्मानित होने वालों में सविता कुमारी, झूलन कुमारी, प्रति आनंद देव, ओम आनंद देव, कृष्णानंद देव, रूपा कुमारी, काजल तूफान, सुप्रिया कुमारी, समीर चौबे, देवराज सिंह, शाहीन परवीन, अनमोल कुमार, अनन्या कुमारी, आदित्य पांडेय, अनुराज पांडेय, नंदनी कुमारी, हर्ष कुमार, सुरुचि कुमारी, अमर कुमार, राजकुमार, आरूषि कुमारी, स्नेहा कुमारी आदि का नाम शामिल है। मौके पर गढ़वा जिला बॉक्सिग संघ के सचिव रामप्रवेश तिवारी, गढ़वा जिला साइकलिंग संघ सचिव अरविंद दुबे, गढ़वा जिला किकबॉक्सिग संघ उपाध्यक्ष प्रभात तिवारी, रामनाथ रावत, गुड्डू सोनी, कमलेश साहू, सुशील कुमार, अजय कुमार, पुष्प रंजन, विनय पाल, प्रेम दीवाना, रवि कुमार, किरण पांडेय, शांति देवी, पिंकी देवी, सनोज कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# नाबालिग का शारीरिक शोषण करने के आरोप में दो गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** नाबालिग को बहला फुसलाकर जबरन शारीरिक संबंा बनाकर अपहरण करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया है। मामला धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत दूसैया गांव का है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता के लिखित आवेदन के आाार पर कार्रवाई की गई है। आरोपी ग्राम गंगटी निवासी शंकर विश्वकर्मा के पुत्र अंशु कुमार व ग्राम बिलासपुर निवासी संतोष साह के पुत्र अंगद गुप्ता को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नाबालिग युवती को परिजनों को सौंप दिया है।

# चमगादड़ों की मौत के मामले में पहुंचे अधिकारी एवं कर्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जांच करते चिकित्सक

**कांडी।** गर्मी, धूप तथा कड़ाके की लू के कारण सुंडीपुर में काफी संख्या में मृत चमगादड़ों की जानकारी मिलने पर गुरुवार को सरकारी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा। जानकारी देते हुए गाड़ा खुर्द पंचायत की मुखिया आरती सिंह के प्रतिनिधि सह क्षत्रिय करणी सेना के गढ़वा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने बताया कि सबसे पहले भवनाथपुर वन क्षेत्र के रेंज ऑफिसर प्रमोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अनिल गिरी फारेस्टर एवं वन कर्मियों की टीम सुंडीपुर पहुंची। उन्होंने उन सभी स्थानों का मौके पर जाकर जायजा लिया जहां पर चमगादड़ों की काफी संख्या में मौत हुई थी। वन विभाग के कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेश पर काफी संख्या में चमगादड़ों का शव इकट्ठा कर उसे गड्ढ़ा खोद कर दफनाया गया। कुछ देर के बाद पशु चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम भी सुंडीपुर पहुंची। उन्होंने भी सभी स्थानों का मौके पर जाकर जायजा लिया। पशुपालन विभाग की टीम ने चमगादड़ों के शव को सील बंद करके पुणे प्रयोगशाला में भेजने के लिए सुरक्षित रखा। जहां जांच के बाद मृत्यु के कारणों पर पता लगाया जा सके। इसके बाद कांडी बीडीओ सह सीओ मो. आफताब आलम भी सुंडीपुर पहुंचे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चौधरी टोला के नजदीक सुंडीपुर बगीचा में पीपल पेड़, सुंडीपुर देवी धाम के पूर्व बरगद का पेड़ एवं गोरेया बाबा के पास पीपल के पेड़ के निकट इस हादसे को लेकर मौका मुआयना किया। इन्हीं पेड़ों पर झुलसकर सैकड़ो से अधिक की संख्या में बुधवार को चमगादड़ों की मौत हुई थी। इसके बाद मझिआंव रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ के नेतृत्व में मेडिकल स्टाफ ने कैंप लगाकर वैसे लोगों की जांच किया जिन्होंने मृत चमगादड़ों का मांस बनाकर खाया था। हालांकि कार्रवाई के डर से लोगों ने चमगादड़ खाना कबूल नहीं किया। काफी कोशिश के बाद करीब 25 लोगों ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल किया। जिनकी जांच की गई। जांच के लिए सैंपल भी लिया गया। जांच के बाद डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ ने सभी लोगों को सुरक्षित बताया। बीडीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने मृत पक्षियों के शव को छूने से लोगों को सख्ती से मना किया। साथ ही कड़ाके की धूप एवं लू से बचने की सलाह दी। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. अमित कुमार अमित, आइडीएसपी संतोष मिश्रा, मलेरिया विभाग अरविंद द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग से आलोक सिंह, संजय ठाकुर, सुचित सिंह, पूनम कुमारी, आशा देवी आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### जानलेवा बनी गर्मी ...

मृतकों के नाम लखन बेहरा( 55) खरसावां के बेहरासाही निवासी हैं। वहीं दूसरा सरायकेला के जोरड़ीह गांव के गुरूवा नायक (28) वर्ष है। लू लगने के कारण उन्हें सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत्त घोषित कर दिया। वहीं गुमानडीह निवासी कुमारी सरदार (35) का का इलाज चल रहा है।

गिरिडीह में एक व्यक्ति की मौत : प्रचंड गर्मी से गिरिडीह में एक विलुप्तप्राय बिरहोर जनजाति के व्यक्ति की मौत हो गयी। हालांकि प्रशासन ने गर्मी से हुई मौत की वजह को खारिज किया है। वह सरिया प्रखंड क्षेत्र के मंदरामो पश्चिमी पंचायत अंतर्गत काला पत्थर बिरहोर टंडा का निवासी था। इस संबंध में बताया जाता है कि बुधन बिरहोर (60) बुधवार की सुबह बिना कुछ नाश्ता किए बकरी चराने जंगल चला गया। जंगल में उसे चक्कर आने लगा। वह घर लौट आया और सो गया। उसकी पुत्रवधू तथा पुत्री जब घर आयी तो देखा कि बुधन बिरहोर के नाक और मुंह से झाग निकला हुआ था। पड़ोस के लोगों को बुलाया गया जहां लोगों ने देखा कि बुधन बिरहोर की मृत्यु हो चुकी थी।

**प्रचंड गर्मी और लू से कैसे बचें :**

चिकित्सकों के अनुसार गर्मी और लू से बचने के लिए कभी भी खाली पेट न रहें। ज्यादा से ज्यादा पानी पीते रहें। दोपहर को बाहर न निकलें। आवश्यक हो तो पूरा शरीर ढककर निकलें। तरल पदार्थ जैसे निंबू पानी, ओआरएस, गन्ने का शरबत, आम पन्ना, बेल का शरबत, संतरे या मौसमी का शरबत , सत्तू आदि पीते रहें।

**चमगादड़ों की मौत, बीमारी की आशंका :**

गिरिडीह के बगोदर में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से सैकड़ों चमगादरों की मौत हो गयी है। इसने हरिहर धाम मंदिर के पुजारियों की चिंता बढ़ा दी है। वे लोग प्रशासन से सफाई एवं ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव की मांग कर रहे हैं। चमगादड़ों की मौत से वहां से पुजारियों में हड़कंप है। पुजारियों को इलाके में किसी बीमारी के फैलने की आशंका सताने लगी है। लंबे समय से ये चमगादड़ मंदिर परिसर के एक पेड़ पर रह रहे थे।

स्पीड न्यूज

## शाह ने बाबा विश्वनाथ में की पूजा, जीत के लिए मांगा आशीर्वाद



**वाराणसी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में अपनी पत्नी सोनल साह के साथ हाजिरी लगाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में आए गृहमंत्री ने प्रचार के अंतिम दिन मंदिर के गर्भगृह में प्रधान अर्चक पं. श्रीकांत मिश्र की देखरेख में वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच बाबा का विधिवत अभिषेक किया। दर्शन पूजन के बाद गृहमंत्री ने बाबा से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन की प्रचंड जीत और केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की कामना की।

## दुष्कर्म मामले में महिला आयोग ने झारखंड पुलिस से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है। महिला आयोग ने गुरुवार को यहां बताया कि आयोग इस घटना की कड़ी निंदा करता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में संज्ञान लिया है और राज्य के पुलिस महानिदेशक को इस पर तेजी से कार्रवाई और निष्पक्ष जांच करने को कहा है।

## होटल व्यवसायी हत्या में छोटा राजन को उम्रकैद

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने माफिया डॉन राजेंद्र एस. निखलजे उर्फ छोटा राजन को शहर के होटल व्यवसायी जया शेट्टी की 2001 में हुई हत्या के मामले में गुरुवार को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 4 मई, 2001 की रात राजन के दो शूटरों ने शेट्टी की हत्या कर दी।

## डूंगरपुर मामले में आजम खान को 10 साल की सजा

**रामपुर ।** जिले की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को सपा के कद्दावर नेता आजम खान को डूंगरपुर मामले में दस साल की सजा सुनायी है। एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान को 10 साल की सजा और 14 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

## सिसोदिया की छह जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार आप नेता तथा दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी। हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

## सेंसेक्स 617 अंक गिरा निफ्टी 181 अंक चढ़ा

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार के कारोबारी सत्र में गिरावट हावी रही। सेंसेक्स 617 अंक या 0.83 प्रतिशत के नुकसान के साथ 73,885 अंक और निफ्टी 216 अंक या 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,488 अंक पर बंद हुआ है। निफ्टी 181 अंक चढ़कर 48,682 अंक पर बंद हुआ है।

## उत्तर कोरिया ने कई मिसाइलें दागीं

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने गुरुवार को जापान सागर की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी जिससे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा की है और अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के साथ सहयोग की उम्मीद जताई है।

# थमा शोर, अंतिम चरण के लिए वोटिंग कल

### चंड़ीगढ़ सहित 57 सीटों के लिये शनिवार को डाले जायेंगे वोट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भीषण गर्मी और राजनीतिक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ तीखे बयानों से भरा अठारहवीं लोक सभा चुनाव के लिये करीब दो महीने तक चला चुनाव प्रचार गुरुवार शाम छह बजे थम गया। इन चुनावों में सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिये मतदान शनिवार को होगा। इसके साथ ही उसी दिन ओडिशा विधानसभा के चौथे और अंतिम चरण में 42 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा।

सातवें चरण में 57 लोकसभा सीटों पर 904 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों के चुनाव के अंतिम चरण में 42 सीटों पर मुकाबला सत्तारूढ बीजू जनता दल (बीजद), भाजपा और कांग्रेस के बीच है। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले, दूसरे और तीसरे चरण में 13 मई को 28 और 20 मई को 35 और 25 मई को 42 सीटों पर वोट डाले गये थे।

**कांउटिंग चार जून को**

**मोदी समेत इन दिग्गजों की किस्मत का होगा फैसला**

इस चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, अनुराग ठाकुर, रवि किशन, रवि शंकर प्रसाद, मीसा भारती, संजय टंडन, कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, अजय राय, तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद होगा।



सातवें एवं अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144, पंजाब की 13 सीटों पर 328, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिये 124, बिहार की आठ सीटों पर 134, ओड़िशा की छह सीटों पर 66, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37, झारखंड की तीन सीटों पर 52 और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सात चरणों में कराये जा रहे लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा। नतीजे चार जून को आयेंगे।

उत्तर प्रदेश की जिन 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा, उनके नाम महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिजार्पुर, रॉबर्ट्सगंज हैं।

अंतिम चरण में बिहार के जिन सीटों पर मतदान होगा उनमें नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद है। पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश में एकल चरण में मतदान हो रहा है। राज्य की जिन चार सीटों पर मतदान होगा उनमें कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला शामिल है। ओडिशा की छह संसदीय सीटों के नाम मयूरभंज, बालासोर जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, भद्रक हैं, जिन पर अंतिम चरण में मतदान होगा। पंजाब की जिन 13 संसदीय सीटों पर मतदान होगा, उनमें गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर (सुरक्षित), होशियारपुर (सुरक्षित), आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब (सुरक्षित), फरीदकोट (सुरक्षित), फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला सीट शामिल है।

पश्चिम बंगाल की नौ संसदीय सीटों में दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर शामिल है। इसके अलावा झारखंड के राजमहल, दुमका, गोड्डा तथा केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की सीट पर भी एक जून को मतदान होगा।

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। इस चरण के चुनाव के लिये 57 सीटों के लिये कुल 2105 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 954 और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 904 उम्मीदवार शेष रह गये हैं।

| राज्य | सीट | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 13 | 144 |
| पंजाब | 13 | 328 |
| प. बंगाल | 09 | 124 |
| बिहार | 08 | 134 |
| ओड़िशा | 06 | 66 |
| हिमाचल | 04 | 37 |
| झारखंड | 03 | 52 |
| चंड़ीगढ़ | 01 | 19 |

लोक सभा की कुल 543 सीटों में से 486 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102 सीटों 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71, तीसरे चरण में 93 सीटों पर 65.68, चौथे में 96 सीटों पर 67.71 प्रतिशत, पांचवें में 49 सीटों 62.20 प्रतिशत और छठे चरण में 58 संसदीय सीटों पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ है।

पछले लोकसभा चुनाव में सातवें चरण में 57 सीटों पर कुल 65.29 प्रतिशत वोट पड़े थे। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 78.80 प्रतिशत मतदान हुआ था। बिहार में सबसे कम 51.37 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

# कांग्रेस मुस्लिम लीग का नया संस्करण है : योगी

एजेंसी

- यूपी के सीएम बोले-शहजादे पैतृक संपत्तियों पर विरासत टैक्स लगाएंगे और आधी संपत्ति पर घुसपैठियों को बसाएंगे
- जिन्हें औरंगजेब प्यारे हैं, उन्हें कब्र में दफना दिया गया
- हिमाचल की बेटी कंगना रनौत में मीरा बाई की भक्ति



**कुल्लू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस मुस्लिम लीग का नया संस्करण है जो देश में विरासत टैक्स और पर्सनल लॉ के जरिये तालिबानी शासन लागू करना चाहती है। डालपुर में मंडी लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र है। जो काम मुस्लिम लीग ने 1940 के दशक में किया था आज कांग्रेस वही काम करने जा रही है। इनका घोषणापत्र कहता है कि पर्सनल लॉ लागू करेंगे। इसका मतलब तालिबानी शासन होगा, जिसमें बेटियां स्कूल नहीं जा पाएंगी, महिलाओं को बुर्का पहनकर घर में दुबककर रहना होगा। योगी ने कहा कि भारत बाबा साहब के संविधान से चलेगा, किसी शरिया कानून से नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे एक झटके से गरीबी दूर करने की बात करते हैं और कहते हैं कि संपत्ति का सर्वे कराकर पैतृक संपत्तियों पर विरासत टैक्स लगाएंगे और उसमें से आधी संपत्ति पर घुसपैठियों को बसाएंगे। इनका ये विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है।

योगी ने कहा कि हमें औरंगजेब जैसे दुष्टों को जीवित नहीं होने देना है। उत्तर प्रदेश में हम ऐसे तत्वों से बहुत सख्ती से निपटते हैं। उत्तर प्रदेश में औरंगजेब को आदर्श मानने वाले बड़े-बड़े माफिया को ठीक करने काम किया गया है। हमारा संकल्प था राममंदिर बनाएंगे वो पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश को माफिया मुक्त करने भी संकल्प लिया था, आज कोई माफिया नहीं बचा है। जिन्हें औरंगजेब प्यारे हैं उन्हें कब्र में दफना दिया गया है। आज उप्र में सब चंगा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की बेटी कंगना रनौत में मीरा बाई की भक्ति, महारानी पद्मिनी का तेज और विरोधियों से जूझने के लिए महारानी लक्ष्मी बाई की तरह शौर्य और वीरांगना का भाव है। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की सरकार को इन्होंने मुम्बई में सड़कों पर लाकर पानी पिलाने को मजबूर कर दिया था।

अब मथुरा जाने की तैयारी : योगी ने कहा कि काशी में भी भव्य काशी विश्वनाथ धाम बन चुका है और अब हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं। हम भारत की अस्मिता के लिए जो भी आवश्यक होगा उसके लिए कोई भी कदम उठाने में नहीं हिचकेंगे।

## भाजपा ने किसानों और जवानों को बनाया मजदूर : राहुल गांधी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को तीन कृषि कानूनों को लेकर कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान तीन कृषि कानून लाकर किसानों को मजदूर बनाने का प्रयास किया है लेकिन पंजाब के बहादुर किसानों ने भाजपा को मजबूर सरकार बना दिया। राहुल गांधी गुरुवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पंजाब के खटकड़ कलां में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब अग्निपथ योजना लाकर इन्होंने जवानों को मजदूर बना दिया है। तीन साल तक काम करवाएंगे फिर जूता मार भगा देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आरक्षण की बात कही जा रही है। हिंदुस्तान में 50 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के लोग हैं, 15 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत आदिवासी, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक, 5 प्रतिशत गरीब सामान्य श्रेणी के लोग हैं। भाजपा बोल रही है कि आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र में साफ है कि आज जो 50 प्रतिशत की सीमा है, उसे बढ़ाया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आने पर देशभर में सर्वे करवाया जाएगा। जिससे पता चलेगा कि कितनी भागीदारी किसके पास है, वे हम जनता के सामने रख देंगे। जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन का गारंटी कार्ड जारी करते हुए कहा कि इसमें कोई भी घोषणा ऐसी नहीं है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। सभी घोषणाएं धरातल की हकीकत के बाद ही जारी की गई हैं।

# सभी दलों की सहमति से चुना जायेगा प्रधानमंत्री

एजेंसी

- खड़गे बोले- चार जून को इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी
- घोषणा पत्र में दी गयी गारंटियों और न्याय पत्र को पूरा किया जाएगा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्वास जताया है कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। केंद्र में सरकार आने पर कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों और न्याय पत्र की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर खड़गे का कहना है कि गठबंधन के सभी दल मिलकर इस विषय पर चर्चा करेंगे। सभी दलों की सहमति से प्रधानमंत्री चुना जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में कहा कि हमें विश्वास है कि 4 जून को जनता एक नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी। इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हो सकते हैं, इस पर खड़गे ने कहा कि उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगा है। कांग्रेस ने 1 जून को इंडिया गठबंधन की मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि यह एक अनौपचारिक मीटिंग है। इस मीटिंग में फार्म 17सी और मतगणना की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान महंगाई और बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं कहा, जबकि पिछले 15 दिनों में 232 बार कांग्रेस का नाम लिया और 758 बार मोदी शब्द का प्रयोग किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि बीते 15 दिनों में प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में 573 बार इंडिया गठबंधन का नाम लिया। 421 बार मंदिर, मस्जिद की बात की। 224 बार मुस्लिम, पाकिस्तान, अल्पसंख्यकों की बात की। लंबे समय तक यह चुनाव याद रखा जाएगा। यह चुनाव इसलिए याद रहेगा क्योंकि इस चुनाव में देश का हर नागरिक धर्म, जाति, पंथ, क्षेत्र, लिंग और भाषा को भूलकर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एक साथ आया है। प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रमुख नेताओं ने चुनाव के दौरान धार्मिक और विभाजनकारी मुद्दों से लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया।

## देश को आर्थिक ताकत बनाना बेहद जरूरी : हरिवंश

**विदेश में हिन्दी पत्रकारिता पुस्तक पर चर्चा का स्वागत होना चाहिए : उपसभापति**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को आर्थिक ताकत बनाना बेहद आवश्यक है। अगर हम आर्थिक ताकत नहीं बनेंगे तो कई देश पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर हमारी मीडिया को संचालित कर सकते हैं, इसलिए हमारा आर्थिक ताकत बनना बेहद जरूरी है, तभी हम अपने इतिहास को बचाकर रख पाएंगे और अपनी चीजों को तय कर पाएंगे तथा सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होंगे। हरिवंश गुरुवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) कलानिधि विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर डॉ. जवाहर कर्नावट की पुस्तक विदेश में हिंदी पत्रकारिता, 25 देशों की हिंदी पत्रकारिता का अवलोकन के लोकार्पण एवं परिचर्चा के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। हरिवंश ने कहा कि विदेश में हिन्दी पत्रकारिता पुस्तक पर चर्चा के प्रयास का स्वागत होना चाहिए। यह पुस्तक शोधपरक और बौद्धिक चेतना बनाने वाला प्रयास है। आजादी के अमृत काल के बीच लेखक ने बीस सालों में यात्राएं कर इस विषय पर गहन शोध कर इस पुस्तक की रचना की है। इस पुस्तक में अद्भुत, बिखरी अतीत के महत्वपूर्ण प्रसंग का संकलन किया।

## जम्मू : खाई में गिरी बस 21 तीर्थयात्रियों की मौत

- शिव खोरी दर्शन के लिए यूपी से जा रहे थे श्रद्धालु

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस गुरुवार को शहर के बाहरी इलाके अखनूर में कालीधार के पास गहरी खाई में गिर गयी, जिससे 21 लोगों की मौत हो गयी और 52 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या वाली एक बस अपराह्न जम्मू से शिव खोरी तीर्थस्थल की ओर जा रही थी। जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी चौरा-कालीधार के पास अखनूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि चालक मोड़ पर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस खाई में लुढ़क गयी। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय लोग और स्वास्थ्य विभाग की टीम बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को अखनूर, चौकी चौरा और जम्मू जीएमसी अस्पतालों में भेजा जा गया है। इस बीच, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है।

उन्होंने शोक संदेश में कहा कि अखनूर में हुई बस दुर्घटना हृदय विदारक है।

Er. Partha Pal
B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

# यूपी के संतकबीरनगर में मिला खजाना

एजेंसी

- खेत में जुताई के दौरान किसानों को दर्लभ सिक्कों से भरा घड़ा मिलने से सनसनी
- सिक्के पर उर्दू व फारसी शब्दों में मुगल बादशाहों के नाम लिखे हुए हैं
- 500 वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं सभी सिक्के



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में खेत में जुताई के दौरान किसानों को सिक्कों से भरा घड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एक किसान को खेत की जुताई करने के दौरान खजाना मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। खेत में प्राचीन दुर्लभ सिक्कों से भरा घड़ा मिला, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सिक्के मिलने के क्षेत्र में चारो तरफ चर्चा हुई, उसके बाद में यह जानकारी तहसील प्रशासन को हुई। प्रशासन ने सिक्कों को अपने कब्जे में ले लिया। तहसील प्रशासन पुरातत्व विभाग को इस सिक्के को सौंपेगा। अनुमान है कि मिले सिक्के मुगलकालीन हैं।

एसडीएम मेंहदावल अरुण कुमार ने यहां बताया कि गुरुवार को अपराह्न मेंहदावल तहसील क्षेत्र के बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरौली मिश्र गांव में सुबह अंकित मिश्रा के खेत गाटा संख्या 164/0.531 की जुताई की जा रही थी, इसी दौरान खेत मे मिट्टी का एक बर्तन मिला। जिसमें 168 प्राचीन सिक्के मिले हैं। ये सिक्के मुगलकालीन प्रतीत हो रहे हैं। उर्दू व फारसी शब्दों में इस पर मुगल बादशाहों के नाम लिखे हुए हैं। कुछ लोग चांदी के कुछ सिक्के अपने घर उठा ले गए हैं। इस मामले की जानकारी जब तहसील प्रशासन को हुई तब उनके निर्देश पर तहसील प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। 168 चांदी के सिक्कों की बरामदगी की गई है। कुछ सिक्के अभी तक ग्रामीणों ने वापस नहीं किए हैं। जिसकी वापसी को लेकर तहसील प्रशासन प्रयास कर रहा है। बरामद सिक्के सील कर पुरातत्व विभाग को सौंपे जा रहे हैं। पूरे मामले की वृहद जांच पुरातत्व विभाग द्वारा की जाएगी। चांदी के सिक्कों पर फारसी व उर्दू शब्दों में मुगल बादशाहों के नामों का उल्लेख है। ये सिक्के लगभग 500 वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं। एसडीएम मेंहदावल अरुण कुमार ने कहा कि बरामद सिक्कों को सील कर पुरातत्व विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। अब पूरे मामले की जांच पुरातत्व विभाग करेगा। जिसके बाद सिक्कों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

## भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी दीक्षित



**मुंबई।** बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करेंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन ,विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !